YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-69 | गुरुवार, 10 अप्रैल 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



अहिंसा और करुणा के प्रतीक भगवान महावीर ने 'अहिंसा परमो धर्मः' अर्थात अहिंसा सभी धर्मों में सर्वोपरि है – के माध्यम से सम्पूर्ण मानवता को एक नई राह दिखाई है। महावीर जयंती के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ। **द्रौपदी मुर्मु**

राफ़ेल मरीन से लैस होगा आईएनएस विक्रांत 11

हमलों के पीछे 12

## संक्षेप

### सिंचाई के लिए नया तंत्र विकसित होगा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1600 करोड़ रुपए के परिव्यय से वर्ष 2025–26 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप–योजना के तौर पर कमांड क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को यहां हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इस योजना का उद्देश्य मौजूदा नहरों या अन्य स्रोतों से निश्चित क्षेत्रों में सिंचाई जल की आपूर्ति के लिए सिंचाई जल आपूर्ति तंत्र का आधुनिकीकरण करना है। इससे खेतों तक सिंचाई का नयी तंत्र विकसित होगा। यह भूमिगत पाइप सिंचाई के साथ एक हेक्टेयर तक किसानों की सूक्ष्म सिंचाई के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करेगा। इसके लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता, कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ेगी तथा इस तरह से किसानों की आय में वृद्धि होगी। इसके लिए गठित जल समितियों को पांच साल के लिए वित्तीय मदद दी जाएगी और युवाओं को सिंचाई की आधुनिक पद्धति अपनाने के लिए खेती की ओर भी आकर्षित किया जाएगा।

### रूस ने नौ मई को विजय दिवस परेड के लिए मोदी को आमंत्रित किया

**नई दिल्ली।** रूस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर 9 मई को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इसकी जानकारी उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको ने दी है। वहीं मास्को को उम्मीद है कि 9 मई की परेड में भारतीय प्रधानमंत्री शामिल होंगे। रूसी समाचार एजेंसी ने उप विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि निमंत्रण पहले ही भेजा जा चुका है और यात्रा की योजना बनाई जा रही है।

### निजीकरण के खिलाफ 29 मई से कार्य बहिष्कार का ऐलान

**लखनऊ।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी बुधवार को सड़क पर उतरे। उन्होंने शक्तिभवन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदेशभर से आए बिजली कर्मियों ने फील्ड हॉस्टल से शक्ति भवन तक विशाल रैली निकाली। फिर आम सभा में 29 मई से कार्य बहिष्कार करने का प्रस्ताव पारित किया गया। ऐलान किया कि निजीकरण वापस न होने तक अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। कार्य बहिष्कार से पूर्व 16 से 30 अप्रैल तक जनजागरण अभियान चलेगा। संघर्ष समिति द्वारा तय कार्यक्रम के तहत एक मई को बाइक रैली निकाली जाएगी।

# आर्थिक विकास को तरजीह

## आरबीआई ने नीतिगत दरों में लगातार दूसरी बार कटौती

एजेंसी



**राहत**

- रेपो दर 0.25 प्रतिशत कम होकर अब 6.00 प्रतिशत
- वत्त वर्ष 2025–26 में विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान
- वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद
- खुदरा महंगाई के 4 प्रतिशत रहने की उम्मीद

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने महंगाई के जोखिम के कम होने और आर्थिक गतिविधियों को सुस्ती से उबारकर तीव्र गति देने के उद्देश्य से बुधवार को नीतिगत दरों में लगातार दूसरी बार 0.25 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया, जिससे घर, कार और अन्य तरह के ऋण की किस्तों में कमी आने की उम्मीद लगाये लोगों को बड़ी राहत मिली है।

एमपीसी ने फरवरी 2025 की बैठक में भी नीतिगत दरों में एक चौथाई प्रतिशत की कटौती की थी। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासक तीन दिवसीय बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये कहा कि रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गयी और सुस्त अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अपनी मौद्रिक नीति के रुख को 'तटस्थ' से 'समायोज्य' में बदल दिया है। वर्तमान और विकसित हो रही व्यापक आर्थिक स्थिति का आकलन करने के बाद एमपीसी ने सर्वसम्मति से रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंक घटाकर 6.00 प्रतिशत करने के लिए मतदान किया। इससे चल निधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत स्थायी जमा सुविधा (एसडीएफ) दर 5.75 प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर 6.25 प्रतिशत पर समायोजित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई के लिए मध्यम अवधि के लक्ष्य को चार प्रतिशत के भीतर रखने के उद्देश्य के अनुरूप है, जबकि विकास को समर्थन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जनवरी-फरवरी 2025 के दौरान मुख्य मुद्रास्फीति में कमी आई। खाद्य मुद्रास्फीति में तीव्र सुधार के बाद खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निर्णायक रूप से सकारात्मक हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रहने का अनुमान है। पहली तिमाही में महंगाई दर 3.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही में थोड़ी अधिक 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अब 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है । पहले इसके 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था लेकिन अब इसमें 20 आधार अंकों की कमी की गयी है। इसके आधार पर पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि जोखिम इन आधारभूत अनुमानों के आसपास समान रूप से संतुलित हैं लेकिन अनिश्चितताएं अधिक बनी हुई हैं। श्री मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता में हाल ही में हुई वृद्धि के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान को फरवरी में हमारे 6.7 प्रतिशत के आकलन की तुलना में 20 आधार अंक कम कर दिया गया है। यह नीचे की ओर संशोधन अनिवार्य रूप से वैश्विक व्यापार और नीति अनिश्चितताओं के प्रभाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण तेजी से बदल रहा है। हाल ही में व्यापार शुल्क संबंधी उपायों ने क्षेत्रों में आर्थिक दृष्टिकोण पर अनिश्चितताओं को बढ़ा दिया है, जिससे वैश्विक विकास और मुद्रास्फीति के लिए नई बाधाएं पैदा हुई हैं। वित्तीय बाजारों ने डॉलर सूचकांक में तेज गिरावट और इक्विटी सेल-ऑफ के साथ बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय नरमी ● शेष पेज 11 पर

### अमेरिकी शुल्क से सभी क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था, निर्यात पर पड़ेगा असरः गवर्नर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि व्यापार शुल्क संबंधी उपायों ने सभी क्षेत्रों में आर्थिक परिदृश्य को प्रभावित किया है, जिससे वैश्विक वृद्धि और मुद्रास्फीति के लिए नई चुनौतियों के साथ जोखिम पैदा हुए हैं। वैश्विक शुल्क युद्ध के भारत पर प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा कि इसका देश के निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। चालू वित्त वर्ष (2025–26) के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के बारे में जानकारी हुए उन्होंने कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वस्तुओं के निर्यात पर दबाव पड़ेगा, जबकि सेवाओं के निर्यात में मजबूती बनी रहने की उम्मीद है। वैश्विक व्यापार में बाधाओं के कारण आने वाली चुनौतियों से गिरावट का जोखिम बना हुआ है। वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि दर के अनुमान को भी 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, हालांकि, इन आधारभूत अनुमानों के इर्द–गिर्द जोखिम समान रूप से संतुलित हैं, लेकिन हाल ही में बढ़ी वैश्विक अस्थिरता के मद्देनजर अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह कमी मूलतः वैश्विक व्यापार और नीतिगत अनिश्चितताओं के प्रभाव को दर्शाती है। मल्होत्रा ने कहा, हाल ही में व्यापार शुल्क से संबंधित उपायों ने सभी क्षेत्रों में आर्थिक परिदृश्य पर अनिश्चितताओं को और बढ़ा दिया है, जिससे वैश्विक ● शेष पेज 11 पर

# योगी सरकार का यूपी के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- महंगाई भत्ता बढ़ा, 16 लाख स्टाफ को फायदा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 16 लाख से अधिक कर्मचारियों को दो फीसदी महंगाई भत्ते का तोहफा दिया है। कर्मियों का महंगाई भत्ता 53 से बढ़कर 55 फीसदी हो गया है। यह लाभ एक जनवरी 2025 से देने का फैसला किया गया है। महंगाई भत्ते का भुगतान अप्रैल के वेतन से मई में दिया जाएगा। इसके पहले का एरियर भी दिया जाएगा। महंगाई भत्ते का लाभ पुरानी पेंशन पाने वाले करीब 12 लाख कार्मिकों को भी मिलेगा। इससे राज्य सरकार के कोष पर 107 करोड़ रुपये प्रतिमाह का अतिरिक्त व्ययभार पड़ेगा।

केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को हाल ही में महंगाई भत्ते का लाभ देने का फैसला किया था। इसके बाद से ही यह माना जा रहा था कि उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों को भी जल्द ही केंद्र की तरह महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा। वित्त विभाग ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी थीं। उसके द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर यह फैसला किया गया है।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा सातवें पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स के आधार पर पगार पाने वाले कर्मियों को उनके मूल वेतन के 55 प्रतिशत की दर के हिसाब से महंगाई भत्ता देने का फैसला किया है। राज्य कर्मियों को केंद्र सरकार द्वारा अनुमन्य दर पर महंगाई भत्ते का भुगतान उसी तिथि से किया जाता है, जिस तिथि से केंद्रीय कर्मियों को दिया जाता है।

राज्य सरकार के इस फैसले से राज्य कर्मचारी, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थान, प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्ण कालिक कर्मचारी, कार्यप्रभारित कर्मचारी और यूजीसी वेतनमानों में कार्यरत कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा। महंगाई भत्ते का भुगतान अप्रैल 2025 के वेतन से मई में किया जाएगा।

**हर माह 107 करोड़ रुपये का व्ययभार**

इसके भुगतान किए जाने से मई से 107 करोड़ रुपये व्ययभार आएगा और एरियर के भुगतान पर 193 करोड़ का भार आएगा। पुरानी पेंशन में करीब 12 लाख कार्मिकों के जीपीएफ में 129 करोड़ रुपये जमा होगा। इसके साथ जून से हर माह 107 करोड़ रुपये का व्ययभार आएगा।

# भारत ने बंगलादेश को दी गयी ट्रांसशिपमेंट की सुविधा वापस ली

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत ने बंगलादेश को निर्यातित कार्गो के ट्रांसशिपमेंट की सुविधा को वापस ले लिया है हालांकि भारत के इस फैसले का बंगलादेश से भारतीय क्षेत्र से होकर नेपाल एवं भूटान को होने वाले निर्यात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में एक सवाल के जवाब में कहा, ़बंगलादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा के कारण पिछले कुछ समय से हमारे हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर काफी भीड़भाड़ हो रही थी। लॉजिस्टिक्स में देरी और उच्च लागत के कारण हमारे अपने निर्यात में बाधा आ रही थी और बैकलॉग बन रहे थे। इसलिए, यह सुविधा मंगलवार 8 अप्रैल से वापस ले ली गई है। श्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि इन उपायों से भारतीय क्षेत्र से होकर नेपाल या भूटान को बंगलादेश से होने वाले निर्यात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। भारत द्वारा बंगलादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट की सुविधा के तहत भारत के बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों का उपयोग करके बंगलादेश को तीसरे देशों को निर्यातित कार्गो के परिवहन की अनुमति दी गई थी। बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के चीन दौरे के समय ● शेष पेज 11 पर

# छह चरणों को प्रभावी रूप से लागू कर नोएडा को 'सेफ सिटी बनाएगी योगी सरकार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू की तैयारी, प्रदेश के अन्य शहरों के लिए मिसाल बनेगी परियोजना
- इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर होगा आधुनिक सुविधाओं से लैस, शहर के सभी पुलिस थाने, सीसीटीवी सिस्टम व ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली भी इससे जुड़ेंगे
- 208.47 करोड़ रुपये होंगे परियोजना पर खर्च, शहर के प्रबंधन तंत्र को मजबूती देने के लिए अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी होगा लागू
- प्रक्रिया पूरी होने पर महिलाओं समेत शहर के समस्त नागरिकों की सुरक्षा प्रणाली को और प्रभावी बनाने में मिलेगा बल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को मिशन मानकर नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। परियोजना को शहर में लागू करने के लिए मुख्यतः 6 चरणों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा, जिसके लिए 208.47 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस परियोजना के तहत नोएडा के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई ट्रिपल सी) को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की तैयारी है।

खास बात यह है कि परियोजना पूरी होने पर शहर के सभी पुलिस थाने, सीसीटीवी सिस्टम व ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली को आई ट्रिपल सी के साथ इंटीग्रेट किया जाएगा। इसके साथ ही, इसे अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम से युक्त किया जाएगा जो आपातकालीन स्थितियों में संदेश जारी करने का माध्यम बनेगी। प्रक्रिया पूरी होने पर नोएडा शहर की महिलाओं समेत समस्त नागरिकों की सुरक्षा प्रणाली को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, सेफ सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मुख्यतः 6 प्रमुख घटकों को प्रभावी तौर पर लागू किया जाएगा। यह सभी घटक क्रमबद्ध चरण के अनुसार लागू किए जाएंगे। इसमें अत्याधुनिक सिटी कम्यूनिकेशन नेटवर्क, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, डाटा सेंटर, सीसीटीवी आधारित सिटी सर्विलांस सिस्टम, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रमुख हैं। इनमें से सभी घटकों में आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने की तैयारी तो है ही, साथ ही इन सबको एकीकृत कर एक विस्तृत फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा। प्रक्रिया पूरी होने पर आई ट्रिपल सी से सीधी मॉनिटरिंग के माध्यम से पूरे शहर की किसी भी अप्रिय या आपातकालीन ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका से तहव्वुर राणा प्रत्यर्पित

नयी दिल्ली। वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के एक प्रमुख सूत्रधार पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा को आखिरकार अमेरिका से प्रत्यर्पित कर दिया गया है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार तहव्वुर राणा को एक विशेष विमान से प्रत्यर्पित किया गया है और बुधवार देर रात तक इस विमान के भारत पहुंच जाने की संभावना है। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि विमान कहां उतरेगा और राणा को किस स्थान पर रखा जाएगा। रिपोर्टों के अनुसार, 64 वर्षीय पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक, पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी समूह, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार को भारत को उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी याचिका को खारिज कर दिये जाने के बाद उसे भारत भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी। प्रत्यर्पण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत से एक मल्टी-एजेंसी टीम अमेरिका गई थी और उसने अमेरिकी अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में मदद की। ● शेष पेज 11 पर

# विजय किरन आनंद बने सीईओ इंवेस्ट यूपी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- तीन अन्य आईएएस की बदली जिम्मेदारी, अपर निदेशक पंचायती राज प्रतीक्षारत
- अभिषेक प्रकाश के निलंबन के बाद से खाली था पद

लखनऊ। राज्य सरकार ने महाकुंभ मेले के सफल आयोजन में अहम जिम्मेदारी निभाने वाले विजय किरन आनंद को सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) इंवेस्ट यूपी के पद पर तैनाती दी है। मेला अधिकारी कुंभ प्रयागराज का अतिरिक्त प्रभार उनके पास रहेगा। नियुक्ति विभाग ने कुल चार अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किए हैं।

इंवेस्ट यूपी और सचिव औद्योगिक विकास विभाग के पद पर रहे अभिषेक प्रकाश को 20 मार्च को निवेशक से घूस मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। उनको निलंबित किए जाने के बाद प्रथमेश कुमार को सीईओ इंवेस्ट यूपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। अभिषेक प्रकाश द्वारा घूसखोरी के बाद से यह माना जा रहा था कि अब इस पद पर किसी तेज तर्जर अधिकारी की तैनाती होगी। इसके अलावा अपर निदेशक पंचायती राज राजकुमार प्रथम को प्रतीक्षारत कर दिया गया है। राजकुमार काफी समय से पंचायती राज निदेशालय में थे। उनके पास काफी समय तक निदेशक पंचायती राज का प्रभार भी रहा है। चर्चा है कि टेंडर के कुछ मामलों को लेकर हुई गड़बड़ी के बाद उन्हें प्रतीक्षारत किया गया है। वहीं नवनीत सेहारा को संयुक्त प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ के साथ अपर आबकारी आयुक्त ● शेष पेज 11 पर

# भारत की प्रगति से दूसरों की प्रगति के रास्ते खुलते हैं : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत परस्पर सहयोग के दर्शन के साथ कार्य करता है और अपने विकास के साथ दूसरों के विकास के द्वार भी खोलता है। इसी कारण भारत के प्रति दुनिया का विश्वास आज और मजबूत हुआ है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत कि यह विशेषता है कि इस देश की प्रगति से दूसरों की भी प्रगति के रास्ते खुलते हैं। वह राजधानी में जैन धर्मावलम्बियों के 'नवकार महामंत्र दिवस' को संबोधित कर रहे थे। विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने जैन धर्म की शिक्षाओं से प्रेरणा ले कर व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन का संचालन करने में सुंदरता की व्याख्या करते हुए पानी की बचत, और स्वच्छता जैसे नौ संकल्प कराए। नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है। इसमें जैन धर्म में सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र- नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों की एकजुटता की प्रार्थना की जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज भारत पर दुनिया का विश्वास और भी गहरा हो रहा है। हमारे प्रयास, हमारे परिणाम, अपने आप में अब प्रेरणा बन रहे हैं। वैश्विक संस्थाएं भारत की ओर देख रही हैं। उन्होंने कहा क्योंकि भारत आगे बढ़ा है। और जब हम आगे बढ़ते हैं, ये भारत की विशेषता है, जब भारत आगे बढ़ता है, तो दूसरों के लिए रास्ते खुलते हैं। यही तो जैन धर्म की भावना है। 'परस्परोपग्रह जीवानाम्!' के दर्शन का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने कहा जीवन आपसी सहयोग से ही चलता है। इसी सोच के कारण भारत से दुनिया की अपेक्षाएँ भी बढ़ी हैं। और हम भी अपने प्रयास तेज कर चुके हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि इस संकट का समाधान जैन धर्म के 'अपरिग्रह'के सिद्धांत में है। उन्होंने जलवायु संकट से निपटने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए भारत द्वारा विश्व के समक्ष प्रस्तुत 'मिशन लाइफ' का जिक्र किया जो पर्यावरण की रक्षा करने वाली जीवन शैली पर केनद्रित है और ़जैन समाज तो सदियों से यही जीता आया है। सादगी, संयम और स्वस्थ मार्ग आपके जीवन के मूल हैं। जैन धर्म में कहा गया है- अपरिग्रह, अब समय हैइन्हें जन-जन तक पहुँचाने का। श्री मोदी ने इस अवसर पर लोगों के लिए रोजमर्रा के जीवन के लिए नौ संकल्प कराए जिनमें पानी बचाने, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता मिशन, वोकल फॉर लोकल (स्थानीय वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता), देश-दर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वच्छ जीवन (खाने में तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत कटौती), दिन-चर्चा में योग और खेल-कूद तथा गरीब की सहायता का संकल्प है। उन्होंने इसी संदर्भ में भारतीय संस्कृति में नौ अंक के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि जैन धर्म में नवकार महामंत्र, नौ तत्व, नौ पुण्य और अन्य परंपराओं में, नौ निधि, नवद्वार, नवग्रह, नवदुर्गा, नवधा भक्ति, नौ, हर जगह है। श्री मोदी ने कहा जब हम नवकार महामंत्र बोलते हैं, हम नमन करते हैं 108 दिव्य गुणों का, हम स्मरण करते हैं मानवता का हित, ये मंत्र हमें याद दिलाता है ऽ ज्ञान और कर्म ही जीवन की दिशा है, गुरू ही प्रकाश है और मार्ग वही है जो भीतर से निकलता है। नवकार महामंत्र कहता है, स्वयं पर विश्वास करो, स्वयं की यात्रा शुरू करो, दुशमन बाहर नहीं है, दुशमन भीतर है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र सही माइने में मानव ध्यान, साधना और आत्मशुद्धि का मंत्र है। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र का ये दर्शन विकसित भारत के विज़न से जुड़ता है। मैंने लालकिले से कहा है- विकसित भारत यानि विकास भी, विरासत भी! एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छूएगा, लेकिन अपनी जड़ों से नहीं कटेगा। विकसित भारत अपनी संस्कृति पर गर्व करेगा। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि भारत के अहम ग्रंथ धीरे-धीरे लुप्त हो रहे थे जिनके संरक्षण के लिए ज्ञान भारतम मिशन शुरू किया जा रहा है। इस वर्ष बजट में इसकी घोषणा की गई है। देश में करोड़ों पांडुलिपियों का सर्वे कराने की तैयारी इसमे हो रही है। उन्होंने कहा, प्राचीन ● शेष पेज 11 पर

# 11 वर्ष में पीएम मोदी ने सर्व समाज का किया सर्वांगीण विकास :राजमणि कोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव। 11 वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में सर्व समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया है। समाज के सभी वर्गों में दबे कुचले लोगों का विकास करते हुए उनको राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़कर देश में सामाजिक समरसता सद्भाव का नवनिर्माण कर दुनिया में भी देश की ताकत को अग्रणी पायदान पर खड़ा कर दिया है। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने बुधवार को दोपहर बाद 3 बजे क्षेत्र के परम सुख आदिवासी इंटर कॉलेज धौखर में आयोजित सक्रिय सदस्यता सम्मेलन कार्यक्रम के तृतीय सत्र को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने सक्रिय सदस्य सम्मेलन के प्रथम द्वितीय और तृतीय सत्र में भाजपा की स्थापना यात्रा, चुनावी संगठन विस्तार, चुनाव प्रबंधन, जन संघ से अब तक भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया अमूलचूक परिवर्तन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां आदि विषय पर अपना वक्तव्य देते हुए लोगों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है। जो देश के विकास के लिए सदैव काम कर रही है। उन्होंने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि हम सभी गौरवशाली हैं कि भाजपा जैसे संगठन के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि हर एक कार्यकर्ता पर भाजपा शीर्ष संगठन अपनी नजर रखता है। और सबको आगे बढ़ने का मौका भी देता है। कार्यकर्ता सक्रिय सदस्यता सम्मेलन को प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, अजीत प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव दत्त पटेल, महिला मोर्चे की जिला महामंत्री संतरा देवी बिंद, मंडल अध्यक्ष बबुआन द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष रामराज सिंह, मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष करुणेन्द्र श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, रामकृष्ण केसरी आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में विधानसभा कोरांव के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में दोनों चालकों की मौत, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। खीरी थाना क्षेत्र के कैथवल गांव में कोरांव नारीबारी मुख्य मार्ग पर बुधवार को सायं 7 बजे के करीब दो बाईकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दोनों बाइक चालकों की जहां मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाईकों के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक धर्मेंद्र सिंह पुत्र नंद किशोर (30) निवासी रत्योरा करपिया थाना कोरांव गांव के ही अपने दो अन्य साथियों क्रमशः सुरेंद्र कुमार पुत्र नंदकिशोर व ज्ञान सिंह पुत्र कलंदर के साथ अपने रिश्तेदारी ऊंच गांव थाना खीरी जा रहा था कि अभी तीनों एक ही बाइक से खीरी थाना क्षेत्र के कैथवल गांव में प्राथमिक विद्यालय के सामने पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे पुष्पराज पुत्र प्रभा शंकर आदिवासी (25) निवासी कैथल थाना खीरी की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों बैकों की टक्कर इतनी तेज थी कि बाईकों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में धर्मेंद्र व पुष्पराज की जहां मौके पर ही मौत हो गई।

सुरेंद्र व ज्ञान सिंह व तथा पुष्पराज की बाइक पर बैठा गौतम पुत्र राम शंकर आदिवासी निवासी कैथवल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सुरेंद्र की हालत नाजुक बनी हुई है। तीनों घायलों का चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जबकि मृतक धर्मेंद्र सिंह व पुष्पराज आदिवासी के शव का पंचनामा कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक पुष्पराज की अभी शादी भी नहीं हुई है। जबकि धर्मेंद्र सिंह की पत्नी पुष्पा देवी व इकलौते बेटे प्रदीप का रो-रो कर बुरा हाल था। हादसे में हुई दो मौतों को लेकर दोनों पक्ष के परिजन पहुंचे जहां महिलाओं बच्चों व अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# मासूम बच्चे को काटा सांप, डिब्बे में लेकर पहुंचा अस्पताल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। जिले में 10 साल के बच्चे को सांप ने काटा, परिजन जहरीले सांप को डिब्बे में बंद कर अस्पताल पहुंचे,। बच्चा एब खतरे से ख़बर उन्नाव से है जहां फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में एक बच्चे की जान परिजनों की सूझबूझ से बच गई। मक्का खेड़ा गांव में 10 वर्षीय बच्चे को खेत में खेलते समय सांप ने काट लिया। परिजनों को जब बच्चे के सांप काटने का पता चला, तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने झाड़ी के पास खोजबीन की और जहरीले सांप को पकड़कर डिब्बे में बंद कर लिया। फिर बच्चे को लेकर सीधे जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों को सांप दिखाया गया। डॉक्टरों ने सांप की पहचान कर तुरंत उचित इलाज शुरू किया। समय पर इलाज मिलने से बच्चे की हालत में सुधार होने लगा। डॉक्टरों के अनुसार सांप जहरीला था, लेकिन परिजनों की सतर्कता से बच्चा अब खतरे से बाहर है। अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि सांप के काटने के मामलों में तुरंत इलाज बेहद जरूरी होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि खेत या झाड़ी वाले इलाकों में सतर्क रहें। साथ ही बच्चों को वहां अकेले न भेजें।

# पसमांदा को सौग़ात नहीं, संविधान में हक़ चाहिए : अनीस मंसूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। पसमांदा मुस्लिम समाज को अब 'सौग़ात' की नहीं, संविधान में सुनिश्चित हक़ और सम्मानजनक हिस्सेदारी की दरकार है। यह स्पष्ट और विचारोत्तेजक संदेश पसमांदा मुस्लिम समाज के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने शाहजहांपुर में आयोजित जिला स्तरीय ईद मिलन समारोह में दिया। यह आयोजन शाहजहांपुर के बीबी ज़ई हद्दफ क्षेत्र में किया गया, जिसमें भारी संख्या में पसमांदा समाज के प्रबुद्ध नागरिक, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना इंक़्लाब नूरी साहब (नूरी बाबा) ने की, संचालन सरताज मंसूरी ने किया और आयोजन के सूत्रधार रहे रशीद मंसूरी (ठेकेदार), जो ऑल इंडिया मंसूरी समाज के जिला अध्यक्ष हैं। समारोह की शुरुआत सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनाब अनीस मंसूरी ने सबसे पहले समाज को ईद की मुबारकबाद दी और फिर अपने उद्बोधन में सरकार की पसमांदा नीतियों, वक्फ संपत्ति, सामाजिक आरक्षण और राजनैतिक छल-कपट पर विस्तार से विचार रखे। वक्फ संशोधन अधिनियम 'उम्मीद' पर तीखा सवाल करते हुए अनीस मंसूरी ने कहा, ॡहमारे बुजुर्गों ने वक्फ की संपत्ति समाज के पिछड़े, बेसहारा, बेवा और यतीम वर्ग की भलाई के लिए छोड़ी थी। लेकिन केंद्र सरकार ने वक्फ अधिनियम में 'उम्मीद' के नाम पर जो संशोधन किए हैं, वे दरअसल हमारी उम्मीदों पर ही कुठाराघात हैं। यह संशोधन पसमांदा समाज को वंचित और बेदखल करने की नीति का हिस्सा है।ङ्क उन्होंने इस विषय को राजनैतिक और संवैधानिक चेतना से जोड़ते हुए कहा कि अब समाज को जागरूक होकर अपने हक़ की लड़ाई को नई दिशा देनी होगी। प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 'सौग़ात-ए-मोदी' योजना का उल्लेख करते हुए अनीस मंसूरी ने कटाक्ष किया, ॡईद से पहले यह सौग़ात किसे मिली, मुझे नहीं पता। लेकिन मैं यह ज़रूर जानता हूं कि पसमांदा समाज को खैरात नहीं, हक़ चाहिए। हमें भी संविधान में प्रदत्त वही अधिकार चाहिए जो दलितों को मिलते हैं। विशेषकर धारा 341(3) के तहत अनुसूचित जातियों को जो आरक्षण का लाभ दिया जाता है, वह पसमांदा मुसलमानों को भी मिलना चाहिए।

# अवैध आरा मशीन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, मशीन की जब्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। बांगरमऊ रेंज के वन अधिकारियों ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। रेंजर नीरज विद्यार्थी के नेतृत्व में टीम ने शाम चार बजे ग्राम अयोध्या खेड़ा मजरा सादाबाद में छापा मारा। यहां अवैध रूप से संचालित आरा मशीन को जब्त किया गया।वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में खलबली का माहौल है। टीम ने आरा मशीन को जब्त कर रेंज कार्यालय में स्थानांतरित कर दिया है। अब इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।रेंजर नीरज विद्यार्थी ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध आरा मशीनों और अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। फोन पर बातचीत में उन्होंने इसी तरह की भविष्य में और कार्रवाई का संकेत दिया।

# सड़क पर गिराई गई बालू में फिसली बाइक माता-पिता व बेटा हुए घायल

### बैदवार गांव में कोरांव ड्रमंडगंज मार्ग पर हुआ हादसा, भाजपा नेत्री ने अस्पताल में कराया भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के बैदवार गांव में बुधवार को दोपहर बाद 3 बजे के करीब सड़क पर गिराए गए बिल्डिंग मटेरियल जैसे बालू गिट्टी पर बाइक फिसलने से बाइक सवार सड़क पर ही गिर गया। हादसे में 10 वर्षीय उसका बेटा व पत्नी घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक नीरज गुप्ता निवासी गड़बड़ा थाना हलिया जनपद मिर्ज़ापुर बुधवार को अपनी ससुराल रायपुर सोनौरी गया हुआ था। वहां से पत्नी बबिता व बेटे शनि को बुलाकर अपने घर लौट रहा था कि अभी वह कोरांव बाजार से आगे बैदवार गांव पहुंचा था कि सड़क पर गिराई गई गिट्टी व बालू में बाइक फिसल गई जिससे सड़क पर ही गिर गया और बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में नीरज गुप्ता की पत्नी बबिता का जहां हाथ टूट गया वहीं सीने की हड्डी भी टूट गई है। पति को भी चोटें आई हैं।

बेटे शनि के सिर में गंभीर चोटें होने के कारण मिर्ज़ापुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। हादसा होने के बाद घटनास्थल पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा यमुनापार प्रयागराज जिले की महामंत्री संतरा देवी बिंद भी पहुंच गई। उन्होंने तत्काल कृष्णा एकेडमी कोरांव के प्रधानाचार्य मदनलाल बिंद की कार से अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों ने भाजपा नेत्री के इस सराहनीय व प्रशंसनीय कार्य की खूब प्रशंसा की। साथ ही पीड़ितों ने भी खूब सराहा। कोरांव बाजार के एक निजी अस्पताल में बेटे की हालत नाजुक होने पर मां और बेटे को तत्काल मिर्ज़ापुर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

## गोकशी की घटना से तार-तार हुआ गोण्डा

गोण्डा। जिले के छपिया थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में मंगलवार को हुई गोकशी की घटना के मामले में पुलिस अधीक्षक ने हथियागढ़ चौकी प्रभारी और दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया है।क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने इस घटना में चौकी प्रभारी और अन्य पुलिस कर्मियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग उठाई थी।इसके बाद एसपी ने तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया और विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।छपिया थाना क्षेत्र के हथियागढ़ चौकी क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में मंगलवार की देर शाम गोकशी की घटना सामने आई। बताया जाता है कि गांव के ही कुछ शरारती तत्व रात में एक सुनसान स्थान पर गोकशी कर रहे थे। ग्रामीणों को इसकी भनक लगते ही चौकी हथियागढ़ पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने मौके पर छापा मारकर गोमांस बरामद किया। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बन गयी। क्षेत्रीय भाजपा विधायक प्रभात वर्मा भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने इस घटना पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि गोकशी की घटना किसी भी दशा में स्वीकार नहीं है।

# जमीन कब्जे को लेकर डीएम से लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हसनगंज उन्नाव। हसनगंज तहसील क्षेत्र में भूमाफिया ने जमीन पर किया कब्जा, उन्नाव में 30 साल पुरानी पट्टे की जमीन पर दबंगों ने गाड़े पिलर, पीड़ित परिवार डीएम दफ्तर पहुंचे ।आपको बताते चलें हसनगंज तहसील के मीरखेड़ा मजरा खपरा मुस्लिम गांव में भूमाफिया द्वारा जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। जगतपाल और राजेश नाम के दो पीड़ित परिवारों ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है। बता दे कि पीड़ितों को करीब 30 साल पहले शासन द्वारा भूमि संख्या-110 का पट्टा दिया गया था। यह भूमि खाता संख्या-121 में दर्ज है।

पीड़ितों का कहना है कि वे तब से इस जमीन पर काबिज हैं। 21 मार्च 2025 की रात को रईस अहमद, नसीम, कलीम और मोहम्मद अरमान ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की। आरोपियों ने रात के अंधेरे में जमीन पर पिलर गाड़कर रेडीमेड दीवार खड़ी करनी शुरू कर दी। अगली सुबह जब पीड़ित परिवार मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। उन्हें जातिसूचक गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों का आरोप है कि भूमाफिया प्रभावशाली होने के कारण प्रशासन पर दबाव बना रहे हैं। इस वजह से अब तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित परिवार थाना, तहसील, लेखपाल और कानूनगो के चक्कर लगा रहे हैं। पीड़ितों ने जिला प्रशासन से दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपनी वैधानिक भूमि वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़ितों को अपने परिवार की जान-माल का खतरा है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह मामले को गंभीरता से लेकर न्यायसंगत कदम उठाएगा।

# किशोर की गर्दन पर बेलचे से हमला करने वाला आरोपी सलमान गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मलिहाबाद, लखनऊ। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को भेजा जेलमलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद कस्बे के मोहम्मडन टोला में मंगलवार देर रात एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। तंज कसने से नाराज एक युवक ने पड़ोसी किशोर पर बेलचे से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने किशोर को बचाने आए एक अन्य युवक पर भी उसी हथियार से वार किया। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां किशोर की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर रेफ़र कर दिया। मलिहाबाद कस्बे के मोहम्मडन टोला में रहने वाले चंद्रिका प्रसाद के बेटे प्रियांशु गौतम 17 वर्ष से रात करीब 10:30 बजे पड़ोसी सलमान विवाद करने लगा। गुस्से में तमतमाए सलमान ने बेलचा उठाकर प्रियांशु की गर्दन पर वार कर दिया। शोर सुनकर मौजूद आनंद नामक युवक उसे बचाने दौड़ा, जिस पर भी सलमान ने हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल प्रियांशु को सीएचसी मलिहाबाद ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए केजीएमयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां करीब चार घंटे तक उसका ऑपरेशन चला, जो सफल रहा, हालांकि किशोर की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सलमान को देर रात गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सलमान ने बताया कि प्रियांशु अकसर उसके परिवार पर तंज कसता था, जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। बुधवार को पुलिस नें आरोपी सलमान को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने घटना की गंभीरता को ध्यान में देखते हुए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। वहीं, घायल किशोर के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गोकशी के आरोपी को लगी गोली, पुलिस ने अस्पताल में किया भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। छपिया थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित पशु का मांस मिलने के मामले में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने घटना में शामिल दो आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गोण्डा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यहां दोनों का इलाज चल रहा है।पुलिस के मुताबिक, गोकशी की घटना में शामिल नासिर पुत्र अजीज व कलीम पुत्र अजीज निवासी ग्राम मल्हीपुर थाना छपिया बुधवार को ट्रेन से कहीं भागने की फिराक में थे। इस दौरान मिली सूचना पर पुलिस और एसओजी टीम ने दीननगर से स्वामी नारायण मंदिर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी कर दोनों को पकड़ने का प्रयास किया। इस पर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लग गयी। इस पर पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। दोनों को गोण्डा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस बरामद किया गया है।छपिया थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि मनीष कुमार पाण्डेय निवासी हथियागढ़ द्वारा दी गई तहरीर पर तीन नामजद व अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी सलीम को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत के निर्देश पर एसओजी, सर्विलांस व छपिया थाने की टीम को लगाया गया था।गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय, उपनिरीक्षक अनुज त्रिपाठी, प्रशांत गुप्ता, तेज नारायण गुप्ता, हेड कांस्टेबल अमित पाठक, हृदय नारायण दीक्षित, रणधीर सिंह, महेंद्र यादव, अमितेश सिंह, अंशुमान पांडेय, आदित्य पाल शामिल रहे।

# नामांकन उत्सव व संगोष्ठी का आयोजन

## प्राथमिक विद्यालय इचवलिया में वार्षिकोत्सव शारदा संगोष्ठी,स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। प्राथमिक विद्यालय इचवलिया गोसाईगंज में बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिलामंत्री बृजेश कुमार मौर्य द्वारा विद्यालय वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी माता अभिभावक सम्मान, विदाई समारोह, पुस्तक वितरण एवं स्कूल चलो अभियान के तहत प्रवेश उत्सव (नामांकन मेला) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर समाजसेवी जय सिंह एवं विद्यालय प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष पूनम द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर अपनी नृत्य की प्रस्तुति दी। अन्य बच्चों ने कार्यक्रम में उपस्थित अथितियों के स्वागत में गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। सभी अथितियों का रोली चन्दन लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कक्षा 5 की नितांशी ने प्रथम, सौम्या साहू ने द्वितीय एवं आस्था पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सर्वश्रेष्ठ वेश भूषा एवं स्वच्छता में कक्षा 2 की जूली एवं सबसे अधिक उपस्थिति का पुरस्कार जैनसी ने प्राप्त किया। जिन बच्चों ने नवीन नामांकन कराया उन्हें स्टेशनरी देकर स्वागत किया गया सभी माता अभिभावकों को उपहार स्वरूप पेन और माला पहनाकर सम्मान किया गया।

बच्चों को निःशुल्क पुस्तक वितरण भी किया गया।कक्षा 5 के सभी बच्चों को रोली का टीका लगा कर एवम लड्डू खिलाकर पुरस्कृत कर विदाई दी गयी। कार्यक्रम में अथितियों में गोविन्द नारायण सिंह, डॉ अबुल क़ासिम अब्बासी,मो रियाज़,श्रीमती मीना गुप्ता, सुमन शर्मा, प्रतिमा द्विवेदी, नीता सिंह, सुनीता, शबाना परवीन, शीबा परवीन, विद्यालय की शालिनी, श्रीवास्तव, पुष्पा देवी, अनिल कुमार,प्रथम संस्था से मुज़ीब, आगनबाड़ी कार्यकत्री पार्वती देवी, रसोइया एवं अभिभावकगणों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# आर.आर.ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सफल प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बीकेटी,लखनऊ । आर.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने 24/7 सॉफ्टवेयरऽएक अग्रणी सॉफ्टवेयर कंपनीऽके सहयोग से एक प्रभावशाली प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया।इस आयोजन में बी.टेक चतुर्थ वर्ष(अंतिम वर्ष) एवं तृतीय वर्ष (पूर्व अंतिम वर्ष)के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने तकनीकी एवं संप्रेषण कौशल का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर कंपनी ने 5 प्रतिभाशाली छात्रों का चयन किया,जिन्हें 5 लाख रुपये प्रति वर्ष के आकर्षक पैकेज पर नियुक्ति प्रस्ताव दिए गए। यह आयोजन छात्रों के लिए एक प्रतिष्ठित उद्योग संस्था के साथ अपने करियर की शुरुआत करने का एक सुनहरा अवसर रहा।कार्यक्रम में नर्सिंग काकंडिकार (डायरेक्टरऑफ़ इंजीनियरिंग), अविनाश सोनवाने(एसोसियेट डायरेक्टरऑफ़ इंजीनियरिंग),विवेक चौधरी(एसोसियेट डायरेक्टरऑफ़ इंजीनियरिंग)और कमलेश कुल्हाड़े (सीनियर इंजीनियरिंग मैनेजर)जैसे वरिष्ठ प्रतिनिधि 24/7 सॉफ्टवेयर की ओर से उपस्थित रहे।उन्होंने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।संस्थान की ओर से चित्रांशु अग्रवाल (सचिव, आर.आर.जी.आई) और आरती जायसवाल (डीन ऽ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) ने 24/7 सॉफ्टवेयर की टीम का धन्यवाद किया और चयनित छात्रों को शुभकामनाएँ दीं।उन्होंने यह भी दोहराया कि आर.आर.जी.आई.अपने छात्रों को उद्योग-समर्थ करियर अवसर प्रदान करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।यह सफल प्लेसमेंट ड्राइव न केवल संस्थान की गुणवत्ता को दर्शाती है,बल्कि छात्रों की मेहनत और समर्पण का भी प्रमाण है।

# बीकेटी में रुपयों के लालच में गोकशी की घटना को दे रहे थे अंजाम,दो आरोपी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत मंगलवार रात्रि को गोकशी की घटना को अंज़ाम दे रहे दो आरोपियों को पुलिस ने मौक़े से पकड़कर साक्ष्यों को एकत्रित कर बुधवार को मामले का खुलासा कर दिया और दोनों गोमांस तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।आरोपियों के कब्जे से गोकशी में इस्तेमाल किए जाने वाले धारदार औजार दो लोहे के चापड़,तीन लोहे के चाकू सहित गोवंश के सिर,सींग तथा 52.60 किलो ग्राम गौमांस भी बरामद किया हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि को थाना अंतर्गत अचरामऊ गांव के ईदगाह के सामने मशरूम फैक्ट्री के पीछे गौ तस्करों ने गोवंश का वध कर उसके मांस को बोरी में भरकर बेचने की योजना बना रहे थे,तभी इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई और उन्होंने इसकी सूचना तत्काल बीकेटी पुलिस को दिया,पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए बताए गए स्थान पर टीम के साथ दबिश दिया और पुलिस को देख दोनों आरोपी मौक़े से भागने लगे,जिनको पुलिस ने चारों तरफ़ से घेर लिया और पकड़कर हिरासत में लिया,जिनकी पहचान अचरामऊ गांव निवासी मास्टरमाइंड किराना दुकानदार तौफीक उर्फ भुर्जी(30) पुत्र वकील तथा अकलम(26)पुत्र जहीर के रूप में हुई।थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि दिनों आरोपी पहले भी गोकशी के आरोप में जेल जा चुके है,किराना दुकानदार तौफ़ीक उर्फ़ भुर्जी पर गोकशी के चार सहित कुल पांच गंभीर अपराधिक मामले तथा उसके दोस्त अकलम पर गोकशी के चार मामले दर्ज है।इन दोनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर नियमानुसार इनके विरुद्ध कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजा गया है।वही गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 अनुराग गोस्वामी,अशोक कुमार यादव,शेषमणि मिश्रा,शैलेन्द्र मिश्रा, अभिमन्यु शाह,बादाम सिंह,हे0का0 आशीष सिंह,का0 अंब्रीश सिंह,सचिन यादव,खैबर अब्बास,अंकित कुमार,अंशु कुमार शामिल रहे।

# सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग: 123 दिनों से जारी क्रिकेट चैम्पियनशिप का हुआ ग्रैंड फिनाले, 50 हजार दर्शक बनें गवाह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। देश भर में जारी आईपीएल फीवर के बीच सरोजनीनगर के ग्रासरूट आईपीएल कहे जाने वाले इंटर क्लब क्रिकेट चैम्पियनशिप का ग्रैंड फिनाले शानदार अंदाज में खेला गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा 'सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग' की शुरुआत की गयी है। इसी स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत पिछले 123 दिनों से इंटर स्कूल और इंटर क्लब क्रिकेट चैम्पियनशिप के मुकाबले खेले जा रहे थे। बुधवार को सीएमएस ग्राउंड, कानपुर रोड में आयोजित ग्रैंड फिनाले में सैनिक सुपर किंग्स और हार्टलेस 11 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह भी चौके छक्के लागकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते नजर आये। भीषण गर्मी के बावजूद ग्राउंड पर मौजूद दर्शकों में गजब का उत्साह था। क्रिकेट ग्राउंड में तालियों की गूंज और युवाओं का जोश खिलाडियों का उत्साह बढ़ा रहा था। मैच की शुरुआत विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा टॉस कर की गयी, सैनिक सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो गलत साबित हुआ, हार्टलेस 11 ने मैच को 66 रनों से जीत कर चैंपियनशिप ट्रॉफी के साथ 50 हजार की नगद पुरस्कार राशि भी अपने नाम की। डॉ. सिंह द्वारा सैनिक सुपर किंग्स को उपविजेता ट्रॉफी और 25,000 की राशि प्रदान की गयी। मैन ऑफ़ दि मैच अक्षय गुप्ता को 5,000, मैन ऑफ़ दि सीरीज सतेन्द्र प्रताप सिंह को 5,000 की प्रोत्साहन राशि और शील्ड तथा दोनों टीमों के सभी खिलाडियों को 1,000 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग बनी लखनऊ की सबसे बड़ी खेल प्रतिस्पर्धा सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत आयोजित होने वाली यह छठवीं प्रतियोगिता है, लीग की शुरुआत 4 दिसंबर 2022 को अंडर -19 गर्ल्स बास्केटबाल टूर्नामेंट के आयोजन के साथ की गयी, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की करीब 200 छात्राओं ने हिस्सा लिया। दूसरे चरण में इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें करीब 3,500 खिलाडियों ने हिस्सा लिया, तीसरे चरण में फुटबॉल टूर्नामेंट, चौथे चरण में वॉलीबॉल चैंपियनशिप, पांचवे चरण में इंटर मंडल क्रिकेट चैम्पियनशिप और छठे चरण में पुनः इंटर क्लब और इंटर स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैम्पियनशिप में 158 मुकाबले खेले गए, 166 टीमों के 2400 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इंटर स्कूल चैम्पियनशिप का ग्रैंड फिनाले 14 फरवरी को जय जगत ग्राउंड पर खेला था। विधायक डॉ. सिंह ने विजेता टीम को 50 हजार उपविजेता टीम को 25 हजार व अन्य श्रेणियों में खिलाडियों को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया था। अगले चरण में आयोजित होगी बास्केटबाल प्रतियोगिता, ग्रामीण क्षेत्रों में क्रॉस कंट्री रेस क्रिकेट चैम्पियनशिप के छठे चरण की घोषणा करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सातवें चरण के खेलों की घोषणा भी की। डॉ. सिंह ने कहा सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के सातवें चरण में इंटर स्कूल और इंटर क्लब बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवाओं को फिट और एक्टिव रखने के लिए 3 किलोमीटर की क्रॉस कंट्री रेस प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन भी किया जाएगा।

# प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ।प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों और उपलब्धियों से अवगत कराया भेंटवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश, भारत और वैश्विक स्तर पर कौशल विकास एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया इस अवसर पर डॉ. हरिओम ने स्मृति चिह्न स्वरूप एक विशेष प्रतिमा मुख्यमंत्री को भेंट की, जिसे एक दक्ष दिव्यांग कलाकार जलालुद्दीन ने निर्मित किया है।

# श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर भक्त हुए भाव विभोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज के स्टेट गोपाल खेड़ा स्थित जय बजरंगबली मंदिर पर वृंदावन से पधारे कथा व्यास गौ भक्त प्रिया प्यारी गौशाला के संस्थापक प्यारे मोहन मिश्रा के मुखारविंद से सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा के तीसरे दिन आचार्य जी ने सर्वप्रथम भागवत भगवान की पूजा अर्चना उसके उपरांत कथा के आयोजक गोलू भैया और बाल व्यास आचार्य संगम जी द्वारा भागवत भगवान का माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया तदोपरांत व्यास मंच पर विराजमान व्यास जी ने वामन रूपी भगवान के जन्मोत्सव की पावन संगीतमयी कथा का रसपान उपस्थित समस्त भक्तों के साथ किया। कथा सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि मनुष्य को ज्ञान के अहंकार में प्रभु का स्मरण भूलना नहीं चाहिए परमात्मा का ध्यान मनुष्य को सांसारिक मोह माया से मुक्त करने वाला है और भागवत कथा का श्रवण करने से जीव सभी भवबंधन से पार पा जाता है और परमात्मा भी बिना मांगे ही भक्तों को सब कुछ प्रदान कर देता है। वही बीच-बीच में मनमोहन भजनों की प्रस्तुत भी कथा व्यास द्वारा की गई जिसमें''अमृत है हरि नाम जगत में हरि नाम नहीं तो जीना क्या''संतन के संग लाग रे तेरी अच्छी बनेगी''आ गए रघुनंदन सजा दो घर द्वार, स्वर्ण कलश रखवा दो प्रभु आ गए तेरे द्वार''सुनाकर सभी को आनंदित कर दिया। वही व्यास जी ने तीसरे दिन की कथा में गोकर्ण और धुंधकारी के जन्म और उनके नामकरण एवं धुंधकारी की मुक्ति की कथा सुनाई इसके उपरांत भगवान भोले शंकर के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि भोले बाबा की बारात में शामिल सभी गणों, देवी देवताओ, भूत प्रेत,और पिशाचिनी ने भोले बाबा का श्रृंगार नरमुंडो, सांपों एवं चिता की राख से भस्म का लेप कर कमर में बाघअंबर पहनाकर नंदी पर सवार होकर निकली बारात का अपने मुखारविंद से मनमोहक चित्रण किया। वही बोलो बम बम बम, बोलो बम बम, ओम नमः शिवाय, शिव बम लहरी, के भजनों को उपस्थित भक्तों को सुना कर झूमने व थिरकने पर विवश कर दिया वहीं पंडाल में उपस्थित भक्तों ने भी कथा कर रहे व्यास जी का उत्साहवर्धन तालियो की करतल ध्वनि कर वातावरण को भक्तिमय कर दिया वही व्यास जी ने कहा कि जीवन में जो हम दूसरों को देंगे वही हमें वापस मिलेगा, यदि प्रेम और सहयोग देंगे तो वही लौटेगा, लेकिन यदि किसी को कष्ट देंगे तो हमें भी उसका फल भोगना पड़ेगा। भागवत कथा के आयोजक गोलू भैया ने बताया कि वृंदावन से पधारे कथा वाचक प्यारे मोहन मिश्रा द्वारा मंदिर प्रांगण में 110 वीं भागवत कथा सुनाई जा रही है। अंत में यजमान ने व्यास पीठ की आरती उतारी इसके उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुरेश सिंह जादवा, सोमपाल सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह भंडारी जयकरण सिंह,भानु प्रताप सिंह, बृजभान सिंह, एडवोकेट बलराम सिंह रामशरण सिंह, राम सिंह, सत्यपाल सिंह, रवि सिंह, अभय सिंह, सुशील सिंह, हरीश सिंह मुख्य सहयोगी विनय सिंह, गया प्रसाद, माता प्रसाद समेत सैकड़ो की संख्या में माताएं बहनो एवं ग्राम वासियों ने संगीतमयी भागवत कथा का आनंद लिया।

## इटौंजा में चोरों ने दो चोरी की घटनाओं को दिया अंज़ाम, बाईक सहित गृहस्थी चोरी

बीकेटी/इटौंजा कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी के थाना इटौंजा अंतर्गत अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया,वही जब इसकी जानकारी गृह स्वामियों को हुई तो उन्होंने इसकी लिखित तहरीर थाना प्रभारी को देकर उचित कार्यवाही की मांग की है वही थाना प्रभारी तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटे हुए थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार इटौंजा थाना अंतर्गत चक पृथ्वीपुर निवासी सुनील कुमार की डिस्कवर मोटरसाइकिल ठद 32क्ष जो घर के बाहर मंगलवार रात्रि को लॉक कर खड़ी कर दी थी,वही बुधवार सुबह वह जब उठा तो देखा कि उसकी मोटरसाइकिल गायब थी,जिसकी लिखित तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग किया है।वही उपरोक्त गांव निवासी अंशु रावत पत्नी राम नारायण ने तहरीर देकर बताया कि उनके पति का हार्ड अटैक के कारण अस्पताल में ईलाज चल रहा था,जिस कारण सभी लोग अस्पताल में थे और घर पर ताला पड़ा हुआ था 9/4/2025 की रात्रि को चोरों ने घर का ताला तोड़कर एलसीडी टीवी,एक जोड़ी चांदी की पायल,सोनें का लॉकेट,दस हज़ार रुपए नगद,फूल धातु के बर्तन सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए,जिसकी जानकारी बुधवार सुबह हुई जिसकी लिखित तहरीर इटौंजा थाना पर देकर एफआईआर दर्ज़कर नियमानुसार कार्यवाही करने की मांग की है।वही थाना प्रभारी इटौंजा मार्कण्डेय यादव ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है,जांचकर जल्द नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## गोसाईगंज क्षेत्र में अनूपगंज रेलवे ट्रैक के पास व्यक्ति का शव पड़ा मिला

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज क्षेत्र में अनूपगंज रेलवे ट्रैक के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह अनूपगंज रेलवे पर तैनात स्टेशन मास्टर द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि खम्भा नंबर 1029 से 1031 के बीच रेलवे लाइन के किनारे ट्रेन से टकराया हुआ एक व्यक्ति पड़ा हुआ है।घटना की सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने देखा तो उसके सर में गंभीर चोट लगी थी जिससे उसकी मौत हो चुकी थी।पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 48 वर्ष रही होगी।उसके शरीर पर सिर्फ एक लुंगी ही थी।पुलिस उसे उसकी पहचान के प्रयास कर रही थी तभी पता चला कि मृतक कल्लू पुत्र ईश्वरदीन निवासी बलिया खेड़ा थाना गोसाईगंज है जो की मानसिक रूप से विक्षिप्त था।इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि घर वालों ने मौके पर पहुंच कर उसकी शिनाख्त कर ली है।उसके बाद शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## नगराम : पति-पत्नी पक्ष में मार-पीट , एक दूसरे पर लगायें गम्भीर आरोप

नगराम , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम क्षेत्र के एक गांव निवासी पति-पत्नी ने एक दूसरे पर मारपीट व जान से मारने की धमकी में एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए बुधवार को मुकदमा दर्ज कराया है। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि सेल्हू मऊ निवासी राहुल ने अपने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह तीन वर्ष पूर्व उन्नाव जनपद के थाना अशोहा के मिरी कला निवासी राजू की बेटी रीना के साथ हुई तभी से उसकी पत्नी रीना आये दिन यह कहकर झगड़ा करती थी कि यहां की सम्पत्ति बेंच कर मेरे मायके में रहो चलकर। इसी बात को लेकर मंगलवार की दोपहर उसकी पत्नी रीना से फिर कहासुनी हुई तभी रीना ने अपने मायके फोन कर दिया कुछ घंटे बाद ही रीना के मां बाप और उसके तीन भाई तीन अज्ञात लोगों के घर आ गए और गाली-गलौज करने के साथ ही उस पर ईंट से हमला कर दिया ग्रामीणों को आता देख मौके से भाग निकले। वहीं दूसरी तहरीर देकर उसकी पत्नी रीना ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति राहुल किसी अन्य महिला से फोन पर बात करता है जिसका विरोध करने पर उसका पति उसको मारता-पीटता है। आरोप है कि उसी महिला के चक्कर में मंगलवार को मारा-पीटा और घर से भगा दिया। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि पति-पत्नी से मिली तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज मामले की जांच की जा रही है।

# लिफ्ट देने के बहाने के कार में बैठाकर मारपीट, गाली-गलौज करते हुये लूटपाट की घटना का किया गया सफल अनावरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**घटना में शामिल 82 शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार**

**पटना में प्रयुक्त कार (स्विफ्ट डिजायर को किया गया बरामद**

**थाना सैरपुर व क्राइम टीम उत्तरी की संयुक्त टीम सफलता**

काकोरी लखनऊ। दिनांक 05.04.2025 को वादी मुकदमा अनुज कुमार पुत्र राम नरेश नि0 बिजुवामऊ थाना सिधौली जनपद सीतापुर ने थाना स्थानीय पर एक लिखित तहरीर दी कि कार सवार 4 अज्ञात लोगों ने वादी की सेवा हॉस्पिटल थाना सैरपुर क्षेत्र से सिधौली छोड़ने के बहाने लिफ्ट देकर कार में बैठा लिया। इसके बाद किसान पथ पर काकोरी से पहले गाड़ी के दरवाजे लॉक कर वादी मुकदमा के साथ उक्त कार सवामी द्वारा मारपीट व गाली गलौज करते हुए वादी का मोबाइल फोन व पैसे छीन लिये गये एवं जबरन बादी के मोबाइल का लॉक खुलवाकर गूगल पे के माध्यम से 6,008- रू ट्रांसफर करा लिए गए।पीड़ित द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना स्थानीय पर बीएनएस बनाम कार सवार 14 अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। पुलिस उपायुक्त उत्तरी द्वारा पटना का तत्काल संज्ञान लेते हुये घटना के त्वरित अनावरण हेतु 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया आज दिनांक 09/04/2025 को क्राइम टीम उसरी व थाना सैरपुर की संयुक्त पुलिस टीम पटना के अनावरण हेतु माल मुल्जमान की तलाश व पतारसी सुरागरसी में मामूर थी कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि जो लूट की घटना हुयी है उससे संबंधित 07 अभिवक्त रैथा अंडर पास किसान पथ पर सीतापुर की तरफ जाने की फिराक में है। मुखबर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा रैचा अंडर पास किसान पत्र के पास से 02 संधिस्त व्यक्तियों को पुलिस हिरासत में लेते हुये कड़ाई से पूछताछ किया गया तो पकड़े गये अभियुक्तों ने क्रमशः अपना नाम 01-अपान पुत्र गपूर नि- बसरेला धाना काकोरी लखनऊ जान 21 वर्ष 02-रवि शुक्ला पुत्र मनोज शुक्ला निरं पचकोहरा थाना कमलापुर जनपद सीतापुर हाल पता सरफराजगंज थाना ठाकरगंज लखनऊ उम्र लगभग 22 वर्ष बताया।हिरासत में लिये गये अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि कि साहय हम सभी एक व्यक्ति को लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाकर उसके पैसे व मोबाइल फोन को लूट लिया था। लूटे गए पैसों में से एक एक हजार रु0 मिले थे जो पार्टी करने में खर्च हो गए व लूटा गया मोबाईल हमारे अन्य साथी अमन यादव के पास है।अभि0गण के कब्जे से लूटे गए पैसों में से अयान के पास से 5.20- क व रवि के पास से 300/- क बरामद हुए। पुलिस टीम द्वारा पटना में प्रयुक्त कार स्विफ्ट डिजायर सफ़ेद रंग को पूर्व में ही मुखबिर खास की द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर बरामद कर लिया गया था। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। हिरासत में लिए गये अभियुक्तों ने कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि हम लोगों के साथ पटना कारित करने में 01-अमन वादव 02-सुबीत यादव पुत्रगण राम लखन यादव निवासी ग्राम भगमतखेड़ा वसरेला थाना काकोरी जिला लखनऊ व 03- हिमांशु शुक्ला पुत्र रोहित मुक्लता नि0 पचकोहरा, थाना कमलापुर जिला सीतापुर भी शामिल थे।

घटना में कुल 05 अभियुक्त प्रकाश में आने पर मुकदमा उपरोक्त में पारा 310 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी उपरोक्त दोनों व्यक्तियों को उनके द्वारा किये गये अपराध से अवगत कराते हुए नियमानुसार गिरफ्तार कर माः न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्रकाश आये उपरोक्त अभियुक्तों की शीर्च ही गिरफ्तारी सुनिश्चित किया जा रहा है

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम थाना सैद्पुर

1.थानाध्यक्ष मनोज कुमार कोरी 2. अनुज कुमार गुम्रा 3 जनि कुलदीप सिंह बालियान

4. उ0नि0 मोनू कुमार 5. का रघुवेद्र यादव

6. का0 अरविन्द वर्मा

क्राइम टीम उत्तरी जोन

1 क्राइम सर्विलांस टीम प्रभारी अनि विश्वनाथ प्रताप सिंह 2. हे0का0 संतोष कुमार सिंह 3. हे0का0 नदीम 4 डोका अमित कुमार गौतम 5. रेएका अवधेश गिरी 6. का0 विशेष दुहुण 7. का) राघवेन्द्र प्रताप सिंह ।

## आज इन इलाकों की बिजली रहेगी बाधित

लखनऊ। आने वाले गर्मियों के मौसम में किसी भी उपभोक्ता को बिजली की किल्लत से न जूझना पड़े और लोगों को निर्बाध बिजली की सप्लाई हो सके इसके मद्देनज़र बिजली विभाग कमर कसे हुए है जिसके चलते सभी डिवीजन में मरम्मत व रखरखाव का कार्य किया जा रहा है।

## सूचना

मैं प्रभाकर सिंह पुत्र स्व देव नंदन सिंह निवासी एफ- 2034 राजाजीपुरम, लखनऊ सूचित हो मेरे पुत्र सूर्यांश सिंह का नाम बदल कर अब राज राजेश्वर सिंह हो गया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना और पहचाना जायेगा।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी से संबंधित एक विशाल प्रदर्शनी आयोजित की गयी। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद मिश्रित अशोक रावत नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु व जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया इस अवसर पर सांसद अशोक रावत ने प्रदर्शनी के उद्घाटन पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने जन्म काल से लेकर आज तक राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगी हुई है हमारे इतिहास पुरुषों ने जहां भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए संघर्ष किया वहीं आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व के अग्रिम पंक्ति के देशों के साथ खड़े होकर विकास करते हुए विश्व गुरु बनने के लिए अग्रसर दिखाई पड़ रहा है। वहीं सक्रिय सदस्य सम्मेलन सीतापुर विधानसभा खैराबाद के बहुउद्देशीय हाल में आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा उपस्थित रहे उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य भारतीय जनता पार्टी की रीढ है। और सक्रिय सदस्य भाजपा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और देश में हो रहे विकास और भारत माता की सेवा में वह अपनी सक्रिय भूमिका भी निभा रहा है। आज भाजपा देश में जिस मुकाम पर है वहां वह सक्रिय सदस्यों के तप बल के कारण संभव है। कार्यक्रम में नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु ने आए हुए सक्रिय सदस्यों को संबोधित किया। एवं उनके महत्व पर प्रकाश डाला।जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी भारत माता को परम वैभव दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निरंतर कार्य कर रही है यह सब तभी संभव हो पा रहा है जब हमारा संगठन मजबूत है और संगठन की मजबूती का आधार हमारा सक्रिय सदस्य है आज भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य पार्टी की एक मजबूत इकाई है पार्टी अपने सक्रिय सदस्यों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है हमारा सक्रिय सदस्य हमारा सबसे सम्मानित कार्यकर्ता है आगामी 2027 में हम सभी कार्यकर्ताओं को बहुत मजबूती से जमीन पर उतर के विरोधियों को परास्त करना है और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत कर उत्तर प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने में अपना योगदान देना है। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सभी सक्रिय सदस्यों पर पुष्प वर्षा करके उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी नगर पालिका खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा सहित पार्टी के पदाधिकारी, सीतापुर विधानसभा के सक्रिय सदस्य मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थितरहे।

# ग्राम पंचायत पीतपुर में गेहूं की फसल कटाई की स्थिति का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की देखरेख में गेहूं की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों के संकलन को लेकर ब्लॉक एलिया के ग्राम पंचायत पीतपुर में गेहूं की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्रीय लेखपाल ने पीतपुर के कृषक राजपाल सिंह, गाटा संख्या-321 एवं कृष्ण कुमार पांडे, गाटा संख्या-333 के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10ˆ10ˆ10 मीटर का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनावाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग कराई। उन्होंने गेहूं की खंधाई कराकर उसकी तौल भी कराई, जिसमें 26.260 किलो ग्राम की फसल राजपाल सिंह के खेत प्राप्त हुई जिसमे 60.4 कुंतल/हेक्टर की फसल होगी और कृष्ण कुमार पांडे के खेत से 19.400 किलो ग्राम की प्राप्त हुई जिसमें 45 कुंतल/हेक्टेयर की फसल प्राप्त होगी।

जिलाधिकारी ने क्षेत्र के गांव में क्रॉप कटिंग के निरीक्षण के दौरान फसल नपाई, कटाई, सीसीई एग्री ऐप पर ऑनलाइन फीडिंग आदि बिंदुओं की जानकारी अपर सांख्यिकी अधिकारी से ली। इसके साथ में संबंधित अधिकारी ने किसानों से आग्रह किया कि किसान अपनी फसलों का बीमा और किसान पंजीकरण अवश्य कराएं, जिससे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर ने बिना पूरा गन्ना पेराई किए बंद किया मिल,किसानों में आक्रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डालमिया चीनी मिल, जवाहरपुर के प्रबंधन द्वारा बिना पूर्व सूचना के अचानक मिल बंद करने की घोषणा से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।**

सीतापुर।डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर ने बिना पूरी पर्चियां व जानकारी दिए अचानक मिल बंद करने की घोषणा से किसानों में आक्रोश व्याप्त होने का आरोप लगाया है।डालमिया चीनी मिल, जवाहरपुर के प्रबंधन द्वारा बिना पूर्व सूचना के अचानक मिल बंद करने की घोषणा से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गन्ना किसानों का आरोप है कि मिल प्रबंधन ने न तो समय पर पूरी जानकारी दी और न ही पर्चियों का वितरण ठीक से किया। खास तौर पर छोटे काश्तकारों को पर्चियां समय से नहीं दी गईं, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा।किसानों ने यह भी आरोप लगाया है कि मिल प्रबंधन बिचौलियों से गन्ना खरीदता रहा, जबकि असली किसान अपनी उपज बेचने के लिए दर-दर भटकते रहे। समय से गन्ना पर्चियां नही मिली।हालात ऐसे बन गए कि किसान मजबूरी में बेल पर गन्ना बेचने को विवश हो गए, जिससे उन्हें लागत मूल्य भी नहीं मिल सका।स्थानीय किसान नेता एवं आजाद अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने कहा मिल प्रबंधन ने हमेशा बड़े किसानों और बिचौलियों को प्राथमिकता दी है, जबकि गरीब और छोटे किसान उपेक्षित रह गए। अब मिल बंद करने की घोषणा कर दी गई है और किसान असहाय हैं।किसानों ने प्रशासन से मिल के प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है,यह मुद्दा अब धीरे-धीरे तूल पकड़ रहा है और स्थानीय राजनीति में भी गूंजने लगा है। देखना होगा कि प्रशासन और मिल प्रबंधन किसानों की समस्याओं का समाधान कैसे करते हैं।

## सीतापुर में परेशानी का ओवर ब्रिज

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोडवेज बस अड्डे के पास निर्माणाधीन ओवरब्रिज, जो किसी समय शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का सपना माना जा रहा था, आज खुद एक बड़ी समस्या बन चुका है। अधूरे पड़े इस प्रोजेक्ट की धीमी रफ्तार ने आम जनता की परेशानियों को कई गुना बढ़ा दिया है।जाम, धूल-धक्कड़, दुर्घटनाएं और दिन-ब-दिन बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था से नागरिक बेहाल हैं। स्थानीय दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है और राहगीर, खासकर महिलाएं, बुजुर्ग व स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।इस ओवरब्रिज की स्वीकृति तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के कार्यकाल में मिली थी और निर्माण कार्य भी शुरू हुआ था। लेकिन अब जबकि लोक निर्माण विभाग खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अधीन है, तब भी इस कार्य में कोई ठोस प्रगति नहीं हो रही। आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा कहते हैं, ''हर चुनाव में इस पुलों की बात होती है, लेकिन हकीकत में यह सिर्फ जाम और हादसे देता है। जब मुख्यमंत्री खुद विभाग देख रहे हैं तो फिर यह सुस्ती क्यों,व्यापारी संगठन और मोहल्ला समितियां कई बार प्रशासन से इस पर संज्ञान लेने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। नागरिकों ने चेताया है कि यदि शीघ्र कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो वे धरना-प्रदर्शन और सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।अब देखना यह है कि जनता के इस बढ़ते आक्रोश को सरकार कब तक नजरअंदाज कर सकती है।

## भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधान सभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यवक्ता डॉ के. एम. अरोरा निवासी महानगर अध्यक्ष बरेली ने संगठन द्वारा दिये गये विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह,अध्यक्ष गन्ना समिति नितिन दीक्षित एवं नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के द्वारा भी पूरनपुर विधान सभा मे हुए विकास कार्यों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला- उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,भाजपा जिलामंत्री एवं कार्यक्रम के विधानसभा संयोजक अनुराग अग्निहोत्री,नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान,मण्डल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, मण्डल अध्यक्ष भगवती सिंह, मण्डल अध्यक्ष विजय सिंह व भारी संख्या में सक्रिय सदस्यों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

## स्कूल से बच्चे छोड़कर घर जा रही महिला के गहने टप्पेबाजों ने उड़ाए

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर कोतवाली क्षेत्र में टप्पेबाजों का गैंग सक्रिय है। स्कूल से बच्चे को छोड़कर घर जा रही एक क्रिशचियन महिला के गहने टप्पेबाजों ने उड़ा दिए और हाइवे से होते हुए ग़ायब हो गए। जानकारी के अनुसार नगर के पंत स्टेडियम के करीब रहने वालीं अनुरिधी राय डीन पत्नी अमित कुमार डीन मंगलवारकी सुबह अपनी बेटी ऐशलीन डीन को नारायणपुर स्थित स्टेला मेरिस कानवेन्ट स्कूल छोड कर ई- रिक्शा द्वारा घर वापस आ रही थीं।जैसे ही पयागीपुर की तरफ पहुची थी की पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति बाईक से आये और ई- रिक्शा के सामने बाईक खड़ी करके दोनो व्यक्ति रिक्शे वाले पर पुलिसिया अंदाज में डांटने लगे। कहा कि हम लोग तुम को कब से कह रहे थे रिक्शा रोकने के लिये क्यो नही रूके। इसके बाद दोनो व्यक्ति हमसे बोले कि क्या आप आज की न्यूज पेपर नही पढी थी। एक महिला को कुछ बदमाशो ने चाकू मार के हत्या कर दी और उसके सारे जेवरात ले लिये थे । ये सब जानते हुए आप इतना जेवर क्यूँ पहन कर चल रही है। इस पर 5000 टट्ट का जुर्माना है। और आप अपना सारा जेवर निकाल कर अपने बैग में रख लीजिए । झांसे में आकर महिला ने ऐसा ही किया उसके बाद एक व्यक्ति पीछे की तरफ से और आ गया और रिक्शे से बाई ओर खड़ा हो गया ।ये तीनो इधर उधर की बाते करके मेरे दिमाग को भ्रमित कर दिये । महिला ने बताया कि मैं घबरा गयी ।इसी बीच इन लोगो ने मेरे दोनो हाथ के सोने के कडे और चैन जिसमे लाकेट लगा हुआ था। मेरे साथ छल करके पीछे की ओर बनारस की ओर भाग गये ।थोडी देर बाद मैने रिक्शे वाले से कहा कि मेरे साथ धोखा हो गया है। मेरा सामान लेके फरार हो गये है उसके पीछे चलो ।कुछ दूर जाने के बाद वे आंखो से ओझल हो गये। महिला की तेहरीर पर मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस सीसीटीवी के सहारे खुलासे में लगी है।

## मुख्य आरक्षी के निधन पर एसपी ने नम आंखों से अर्पित की श्रद्धांजलि

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद अमेठी में तैनात दिवगंत मुख्य आरक्षी को पुलिस लाइन अमेठी में पुलिस अधीक्षक के साथ ही अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।मुख्य आरक्षी रामभजन यादव पुत्र नखरू यादव निवासी ग्राम डोहरी थाना अहरौरा जनपद मिर्ज़ापुर जो कि ग्यारह जनवरी 2011 को उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी पद पर भर्ती हुये थे तथा वर्तमान समय में पुलिस लाइन में नियुक्त थे तथा बीमारी के कारण मंगलवार को इलाज के दौरान एम्स रायबरेली में उनकी मृत्यु हो गयी। उनके पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन में शोक सलामी दी गयी तथा पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी।शोक सलामी व श्रद्धांजली के दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व जनपद के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे। मुख्य आरक्षी रामभजन यादव ग्यारहजनवरी 2011 से जनपद अमेठी में नियुक्त थे जो सरल स्वभाव, मृदुभाषी, मिलनसार एवं व्यक्तित्व के धनी थे।शोक सलामी व विधिक कार्यवाही के पश्चात उनके पार्थिव शरीर को परिजनों को सुपुर्द कर पैतृक स्थल रवाना किया गया।

# जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने किया नवीन मंडी सीतापुर का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नवीन मंडी सीतापुर, खैराबाद में राजकीय गेहूं केन्द्र एवं नवीन गल्ला मण्डी बिसवां का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायज़ा लिया। उन्होंने मंडी में मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

जिलाधिकारी ने सीतापुर नवीन गल्ला मण्डी में गेहूं विक्रय हेतु पहुंचे किसान हरभजन सिंह से संवाद किया और सत्यापित खतौनी की जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से जांचकर व्यवस्था की पारदर्शिता को परखा। साथ ही नवीन गल्ला मण्डी बिसवां में किसानों से फोन से वार्ता करते हुये कहा कि वह अपने गेहूं का सरकारी केन्द्रों पर ही विक्रय करें। खैराबाद में विक्रय करने आये कृषकों से वार्ता करते हुये कहा कि अन्य कृषकों को भी प्रेरित करें कि वह अपना-अपना गेहूं सरकारी केन्द्रों पर ही विक्रय करें। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर लेखपाल व कानूनगो किसानों को सरकारी मंडी में गेहूं विक्रय के लिए प्रेरित करें और उन्हें सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध कराएं।

उपजिलाधिकारी सदर एवं उपजिलाधिकारी बिसवां को निर्देशित किया गया कि लेखपाल प्रत्येक खरीद केंद्र पर जाकर प्रतिदिन खरीदे गए गेहूं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि खरीद की निगरानी सटीक रूप से की जा सके। साथ ही खरीद की गति बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए, जिससे अधिक से अधिक किसान इस व्यवस्था से लाभान्वित हो सकें।

### किसानों की सुविधा व पारदर्शिता पर विशेष बल

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि किसानों को उनके गेहूं का भुगतान समय से किया जाए, जिससे उन्हें किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा न हो। उन्होंने खाद्यान्न क्रय पंजिका का अवलोकन कर उसकी प्रविष्टियों की समीक्षा की और मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं व सुझाव भी सुने।जिलाधिकारी ने मंडी व्यवस्था पर निरंतर निगरानी बनाए रखने और किसानों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला: सीतापुर में न्याय की गुहार, भ्रष्ट तंत्र के विरुद्ध उठी आवाज़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिले में आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया हुए व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर समाजसेवी पुष्पेंद्र सिंह ने सैकड़ो महिला अभ्यर्थियों के साथ जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है एक बार फिर से प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। जिले के कसमंडा, सिधौली, गोंदलामऊ, मिश्रिख, खैराबाद, हरगांव, मछरेहटा, रेउसा, बेहटा, ऐलिया, महमूदाबाद, लहरपुर, परसेण्डी, महोली, बिसवां, पिसावां सहित अन्य सभी विकास खण्डों में प्रस्तावित 537 आंगनबाड़ी पदों पर चयन प्रक्रिया में भारी धांधली और भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आई हैं। आवेदिकाओं के अनुसार सीडीपीओ कार्यालयों के कर्मचारी, बाबू और सुपरवाइजरों ने खुलेआम रिश्वत लेकर अभ्यर्थियों का चयन किया। यह घोटाला केवल ब्लॉक स्तर पर नहीं, बल्कि डीपीओ कार्यालय तक फैला हुआ बताया जा रहा है। सिधौली और कसमंडा ब्लॉकों में लाखों रुपये की अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। सूत्रों की मानें तो पूरे जिले में यह भ्रष्टाचार करीब 15 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। स्पष्ट प्रमाण और चौंकाने वाले मामले कॉल रिकॉर्डिंग प्रकरण: अभ्यर्थी शीला रावत से ?3 लाख की रिश्वत मांगने की कॉल रिकॉर्डिंग सामने आई है, जिसमें कार्यालय बाबू पूनम द्विवेदी और सुपरवाइजर निधि चौरसिया की बातचीत है। यह रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है ।फर्जी दस्तावेज: एक अविवाहित अभ्यर्थी को विधवा दर्शाकर नियुक्ति दी गई। विभागीय अधिकारी इस फर्जीवाड़े पर लीपापोती करने में लगे रहे। गैर-पात्र का चयन: आवेदिका को नियुक्त किया गया, जबकि उनके पति प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं ऽ जोकि नियमों के विरुद्ध है। फर्जी मेरिट लिस्ट और बार-बार बदलाव: रिश्वत न देने वाले योग्य अभ्यर्थियों को कम अंक देकर पीछे रखा गया। प्रभावशाली लोगों के दबाव में चयन सूची बार-बार बदली गई। धमकियां और मनमानी: कुछ आवेदिकाओं को यह कहकर डराया गया कि ऌभर्ती से लेकर रिटायरमेंट तक केस चलते हैं, लेकिन रिश्वत देने वालों का ही चयन होता है भर्ती प्रक्रिया की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष जांच: लोकायुक्त, सतर्कता आयोग या सीबीआई द्वारा, टट्ठक्र के तहत भर्ती से जुड़े सभी दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं, दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई हो, भर्ती प्रक्रिया को दोबारा पारदर्शिता से संचालित किया जाए, फर्जी बीपीएल प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि की जांच हो, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट को ही न्यूनतम शैक्षिक योग्यता माना जाए।, आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों की पारदर्शी जांच हो। समाजसेवी पुष्पेंद्र सिंह ने ऐलान किया है समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आवेदिकाओं ने आगामी ,17 अप्रैल 2025 से सीतापुर जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू करने की चेतावनी दी है। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह अत्यंत चिंताजनक है कि गरीब, मेहनती और योग्य अभ्यर्थियों को उनके हक से वंचित कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह घोटाला सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिकता और समाज के प्रति जवाबदेही का भी संकट है। शासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि दोषियों को संरक्षण नहीं, बल्कि दण्ड मिले। अन्यथा यह मामला जनआंदोलन और न्यायालय की चौखट तक पहुँचना तय है।

### प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग

सुल्तानपुर। चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी से नौनिहाल बेहाल । तापमान का पारा बढ़ने से भीषण गर्मी के मद्देनजर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार पाण्डेय ने पत्र लिखकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत जिले उच्च अधिकारियों से परिषदीय स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग की है शिक्षक संघ जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में वर्तमान समय में विद्यालय प्रातः 8बजे से 2बजे तक संचालित हो रहे है।जबकि सुबह सात बजे ही से प्रचंड गर्मी पड़ने लगती है।मध्य दोपहर में प्रचंड गर्मी भयानक लू में स्कूल छूटने पर बच्चों के बीमार होने की आशंका रहती है।जिसके कारण स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति कम दर्ज हो रही है।अभिभावक पाल्यो को स्कूल भेजने में भयभीत हो रहे है।दोपहर होते- होते मौसम अत्यंत प्रतिकूल हो जाता है। बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।लू के थपेड़ों से नौनिहाल झुलसने लगते है।

# खैराबाद नगर स्थिति मां पूर्वी देवी मंदिर में विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद । खैराबाद नगर स्थिति मां पूर्वी देवी मंदिर मैं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ खैराबाद के अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैराबाद प्रतिनिधि बेबी अभिषेक गुप्ता द्वारा कन्या भोज के साथ किया गया। उसके बाद काफी समय तक भंडारा चलता रहा। भंडारे का आयोजन प्रमोद जायसवाल व उनके परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभासद उमेश जायसवाल कुलदीप शैलेश कुमार जायसवाल, अशोक जायसवाल विनोद जायसवाल रवि जायसवाल अंकित यादव सोनू गुप्ता कुंदनजयसवाल सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने लिया गेहूं की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों की स्थिति का जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती निधि बंसल की देख रेख में गेहूं की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों को लेकर ब्लाक खैराबाद के ग्राम पंचायत असोधर में गेहूं की फसल कटाई की स्थिति का जायजा लिया ,क्षेत्रीय लेखपाल ने ग्राम अशोदर के कृषक अतिमुन निशा ,गाटा संख्या 307 ,मोहम्मद कय्यूम खां गाटा संख्या 296, नईम बेग गाटा संख्या 491 साहिर खाँ गाटा संख्या 488 के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10ˆ 10 ˆ10 मी का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनवाकर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से फसल की क्रॉप कटिंग करवायी,उन्होंने गेहूं की खंडाई कराकर उसकी तौल भी कराई जिसमें 18.640 किलोग्राम अतिमुन्निशा के खेत में प्राप्त हुई जिसमें 46.6 कुंतल प्रति हेक्टेयर की फसल का आकलन हुआ मोहम्मद कय्यूम के खेत में 19.200 किग्रा फसल प्राप्त हुई जिसमें 48 कुंतल प्रति हेक्टेयर की फसल का आकलन हुआ इसी प्रकार क्रमशः नईम और शाहिर खान के खेत में 18.600 किलोग्राम और 18.900 किलोग्राम गेहूं की फसल प्राप्त हुई ,जिसमें क्रमशः 46.5 कुंतल प्रति हेक्टेयर व 47.25 कुंतल प्रति हेक्टेयर की फसल का आकलन हुआ मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्र के गांव में क्रॉप कटिंग के निरीक्षण के दौरान फसल नपाई ,कटाई,सीसीई ऐप पर ऑनलाइन फीडिंगआदि बिंदुओं की जानकारी अपर सांख्यिकी अधिकारी से ली, इसके साथ ही संबंधित अधिकारी ने किसानों से आग्रह किया की फसलों का बीमा और किसान पंजीकरण अवश्य करवाये, जिससे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के मामले में स्कूल का बस चालक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। यूपी के रायबरेली में महराजगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक निजी स्कूल के बस चालक पर कक्षा तीन की 11 वर्षीय नाबालिक छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीडिता छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपी बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर, गठित टीम द्वारा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक पीडिता 11 वर्षीय नाबालिक छात्रा के पिता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि, उसकी बेटी महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के थुलवासा स्थित ज्ञान विद्या मंदिर में कक्षा 3 की छात्रा है। नियमित वह विद्यालय की बस द्वारा स्कूल आती जाती है। आरोप है कि, विद्यालय के बस चालक धीरेंद्र यादव पुत्र परमेश्वर यादव निवासी कोडरा थाना महराजगंज स्कूल में छुट्टी होने के बाद बस द्वारा जब बच्चों को उनके घर छोड़ने जाता था तो पहले सभी बच्चों को उनके अपने-अपने घर छोड़ने के बाद उसकी बेटी को घर छोड़ना था। विगत तीन दिनों से बस ड्राइवर धीरेंद्र यादव सभी बच्चों को घर छोड़ने के बाद उसकी बेटी से दुष्कर्म करता था उसके बाद उसे घर छोड़ देता था। आज सुबह जब उसकी तबीयत बिगड़ी तो मां ने अपनी नाबालिक बच्ची से पूछताछ शुरू करी, तो बेटी ने अपनी मां को बस से स्कूल न जाने की बात कह कर उसके साथ पिछले तीन दिनों से हो रहे अत्याचार की आप बीती सुनाई, तो मां के होश उड़ गए। यह बात पीड़िता की मां ने अपने पति यानी की नाबालिक के पिता से बताई। पीड़िता के पिता ने स्थानीय थाने पहुंचकर घटना में बस चालक को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मामले में एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि, महराजगंज थाना क्षेत्र में कक्षा 3 की एक नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता द्वारा मिली तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।



### नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश

कक्षा तीन की 11 वर्षीय नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आते ही क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया। आरोपी को पुलिस द्वारा डॉक्टरी चेकअप के लिए अस्पताल ले जाने पर वहां सैकड़ो की तादात में आक्रोशित लोगों की भीड़ जमा हो गई।

आक्रोशित लोगों द्वारा एक स्वर में दुष्कर्म के आरोपी को फांसी दो या फिर एनकाउंटर करो के नारे लगाए गए। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी को मेडिकल चेकअप के बाद गाड़ी पर बैठा कर ले जा रहे पुलिस वालों की गाड़ियां भी रोकी गई, किंतु समझाने बुझाने के बाद आक्रोशित भीड़ के लोग मान गए और लगातार दुष्कर्म के आरोपी को फांसी दो या फिर एनकाउंटर करो के नारे लगाते रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट,जांच में जुटी पुलिस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहुलिया में बीते बुधवार को दो पट्टीदारों के बीच विवादित जमीन पर नल लगाने,मकान निर्माण को लेकर मारपीट हो गए और उसमें हिंसक रूप ले लिया और दोनों तरफ से लाठी डंडे चलने लगे जिसका एक विडियो सोशल मिडिया पर तेज़ी से वायरल होने लगा।

मिलीं जानकारी के अनुसार अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र ग्राम सिंहुलिया निवासी देवराज और धर्मराज दोनों भाई हैं और देवराज का परिवार विवादित जमीन पर नल लगाकर मकान बनवा रहा था। धर्मराज इसका धर्मराज कर रहा था। धर्मराज के परिवार का कहना है कि इस मामले में न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। और जमीन पर स्टे है। इसके बावजूद देवराज का परिवार वही नल गाड़ने पर आमादा था और मामला मारपीट में तब्दील हो गया।

दोनों दोनों तरफ से लाठी डंडे चले और महिलाएं भी घायल हुई है।वहां वीडियो बना रहा आठ साल का बच्चा भी इस मारपीट में शिकार हो गया और उसे भी चोटे लगी है।तभी किसी ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने बुलाकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# विज्ञान प्रदर्शनी में हुनर दिखाते नहीं थके बाल वैज्ञानिक

0 ऐसे प्रदर्शनी से बच्चों में विकसित होगा वैज्ञानिक दृष्टिकोण : एसडीएम

0 प्रदर्शनी से बच्चों में होगा सर्वांगीण विकासः बीएसए




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। रामकोला ब्लॉक के रामबर बुजुर्ग में स्थित मैना देवी इंटरमीडिएट कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें बाल वैज्ञानिकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लेते हुए अपने द्वारा बनाए गए रोल मॉडल प्रोजेक्ट्स को दिखाया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पारितोष मिश्र उपजिलाधिकारी कसया, व विशिष्ट अतिथि रामजियावन मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर , दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा दशवी की छात्रा आस्था राव का नेचुरल फॉर्मिंग का रोल मॉडल , खुशी तिवारी का रोल मॉडल ऑटोमेटेड रोड ब्रेकर, अंकिता कुशवाहा का एनिमल सेफ्टी फ्राम फायर, अनामिका यादव का डीप एरिगेशन, अनुराग गोंड का ब्लाइंड स्टीक, ताहिर अली का हैंड जेनरेटर, शिवम् मिश्र का गैस लीकेज सेंसर, आदि प्रोजेक्ट्स आकर्षण का केंद्र रहे।

इसी क्रम में मुंबई स्थित फिल्म इंडस्ट्री के कलाकार दिलीप कुमार यादव उर्फ दल्लू ने भी बच्चों के प्रतिभा को देख उनका मनोबल बढ़ाया।कार्यकम को संबोधित करते हुए बीएसए कुशीनगर ने कहा कि ये होनहार ही कल के भारत का भविष्य हैं। और इन बच्चों का सार्थक प्रयास ही देश के विकास व आधुनिक तकनीक का आधार बनेगा। छात्रों की दक्षता देख दंग रहे एस डी एम ने विज्ञान शिक्षक रमेश यादव व दीपक गुप्ता की पीठ थपथपाई तथा विगत कई वर्षों से सफलतापूर्वक हो रहे विज्ञान प्रदर्शनी के कार्यक्रम व विद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष नवोदय, विद्या ज्ञान, अटल आवासीय विद्यालय परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार चौबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# अहमदाबाद में दो दिवसीय कांग्रेस अधिवेशन में सुधा द्विवेदी ने किया प्रतिभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लालगंज,रायबरेली। अहमदाबाद में सम्पन्न दो दिवसीय कंाग्रेस अधिवेशन में सरेनी क्षेत्र की कंाग्रेस नेत्री व समाजसेविका सुधा द्विवेदी ने भी प्रतिभाग किया। अधिवेशन में शामिल होने के लिये रायबरेली, अमेठी से भारी संख्या में कंाग्रेसीजन अहमदाबाद पहुंचे। जहां पर श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में सरेनी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी सुधा द्विवेदी व अतुल सिंह, पीसीसी मेंबर संजीव कुमार, मनीष सिंह आदि कंाग्रेसीजन अहमदाबाद पहुंचे। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा के साथ सभी लोग बैठ कर आगे की राजनीतिक रणनीति तय की। यह ऐतिहासिक आयोजन निश्चित ही देश को एक नई दिशा देने वाला होगा। इस अधिवेशन का प्रमुख उद्देश्य राजनीतिक आर्थिक सामाजिक मुद्दों का प्रस्ताव वह केंद्र सरकार की नीतियों जैसे बेरोजगारी महंगाई किसान संकट आदि समस्याओं की चर्चा व जिले स्तर पर प्रदर्शन करना व जनता के हित में हर संभव प्रयास करना रहा। इस अधिवेशन का प्रमुख उद्देश्य संकल्प समर्पण और संघर्ष पर चर्चा के तहत पार्टी की विचारधारा और भविष्य के रणनीति पर विचार विमर्श कंाग्रेस गुजरात की सत्ता से बीते तीन दशक से बाहर है अधिवेशन में पार्टी को दोबारा खड़ा करने जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूत करने की चर्चा व राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता को बढ़ावा देना आदि मुद्दे पर प्रमुख चर्चा होना रहा। बैठक में क्षेत्र से पूर्व एमएलसी श्री दीपक सिंह, सरेनी कंाग्रेस प्रत्याशी श्रीमती सुधा द्विवेदी, गीतिका द्विवेदी, नीरज मिश्र, अतुल सिंह, अर्जुन पासी, रमेश शुक्ला, प्रदीप सिंघल, सर्वेश सिंह, रोहित सिंह, संजीव पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## अनंत ऊंचाईयो तक पहुंचने का माध्यम है शिक्षा–दीप प्रकाश

लालगंज,रायबरेली। कंपोजिट विद्यालय धन्नीपुर में शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव तथा परीक्षाफल वितरण एवं कक्षा 8 के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनपाल सिंह ग्राम प्रधान धन्नीपुर द्वारा की गई। मुख्य अतिथि दीपप्रकाश शुक्ला निदेशक चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने अभिभावकों व बच्चों को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा हमें वह पंख देती है जो हमें ऊंचाइयों तक उड़ने की क्षमता देते है। शिक्षा से ही अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं इसके लिए मेहनत करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा अभिभावको को भी अपने बच्चों को भविष्य के प्रति जागरूक होना पड़ेगा, तभी सरकारी स्कूल प्रगति करेंगे कार्यक्रम को ग्राम प्रधान द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभाओ का प्रदर्शन अभिभावकों के सामने किया गया। बच्चों ने बहुत ही शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन आशीष प्रताप सिंह द्वारा किया गया तथा आभार ज्ञापन मिथलेश देवी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शशिबाला, वंदना सिंह, शेफाली, अनूप प्रताप सिंह, विवेक, पुष्पांजलि पांडे, अंकिता, रेखा शुक्ला, पूनम सिंह, स्वाती देवी, शिवदेवी सोनिका सिंह आदि बहुत अधिक संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## युवाओं को नौकरी का सुनहरा अवसर कैंपस सलेक्शन 11 अप्रैल को

कुशीनगर। नगरपालिका परिषद हाटा स्थित गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज के समीप आर एम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के परिसर में 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को समय प्रातः 10 बजे से आयोजित कैंपस सलेक्शन में नौकरी के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।उक्त जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से इंस्टीट्यूट के निदेशक अमित कुमार ने देते हुए बताया कि भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रपत्रों के साथ कैंपस सलेक्शन में भाग ले सकते हैं।

# छितौनी इलेवन ने 6 विकेट से तो खड्डा इलेवन 8 विकेट से जीत कर फाइनल में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । कस्बा के छितौनी इण्टर कालेज के खेल ग्राउंड पर बुद्धवार को श्री बुलहवा बाबा शिक्षा सेवा समिति के तत्वधान में आयोजित अण्डर-25 छितौनी प्रीमियर लीग 2025 कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता के नौवा दिन खड्डा इलेवन बनाम रामपुर जंगल इलेवन और छितौनी इलेवन बनाम दरगौली इलेवन के बीच दो सेमीफाइनल मैच खेला गया। जिसमें रामपुर जंगल इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 12 ओवर में 109 रन बनाये। जिसके जबाब में उतरी खड्डा के बल्लेबाज विक्की के अर्ध शतक 51 रन की पारी के मदद से 8 ओवर में 2 विकेट के नुकशान पर 8 विकेट से जीत हासिल की। वही दूसरा सेमीफाइनल मुकाबले में टास जीत कर छितौनी इलेवन ने पहले क्षेत्र रक्षण करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी दरगौली इलेवन के टीम ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 123 रन का लक्ष्य दिया। जो छितौनी इलेवन के बल्लेबाज राजन विश्वकर्मा के शानदार 8 छक्का व 3 चौका के मदद से 64 रन बनाये। छितौनी इलेवन ने 4 विकेट खोकर 9 ओवर में 123 रन का लक्ष्य प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। रविवार के दिन



खड्डा इलेवन बनाम छितौनी इलेवन के बीच फाइनल मुकाबला खेला जायेगा। सेमीफाइनल मैच का औपचारिक शुभारंभ एस एच ओ हनुमानगंज मनीष कुमार पाण्डेय ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खड्डा इलेवन बनाम रामपुर जंगल इलेवन के बीच सेमीफाइनल मैच में रामपुर जंगल के कप्तान अजित गुप्ता ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी रामपुर जंगल इलेवन ने 12 ओवर में कप्तान अजित गुप्ता के 24 रन की मदद से 6 विकेट खोकर 12 ओवर में 109 का लक्ष्य दिये। खड्डा के आलराउन्डर खिलाड़ी सचिन के शानदार तीन ओवर 15 रन देकर दो महत्वपूर्ण विकेट चटकाये।

# डीएम ने चीनी मिल का किया औचक निरीक्षण

0 गन्ना किसानों के लिए पेयजल व्यवस्था का दिया निर्देश, पेराई सत्र को लेकर कहा– सभी का गन्ना लेने के उपरांत ही होगा समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल चीनी मिल सठियांव पहुंचे और चीनी मिल का औचक निरीक्षण किया चीनी मिल में गन्ना पेराई कार्य पूरा होने के पश्चात ही चीनी मिल को बंद करने का आदेश दिया। चीनी मिल के परिसर में जिला अधिकारी को देखकर अधिकारियों व कर्मचारियों की रोगंटे खड़े हो गए और सभी अपने अपने डिप्यूटी पूरी तन्मयता से कार्य में जूट गयाजिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने मिल हाऊस व को जनरेशन (बिजली) उत्पादन की गुणवत्ता, चीनी उत्पादन की गुणवत्ता तथा चीनी की के प्रकार के बारे में भी जानकारी ली। चीनी मिल में उत्पादन होने वाले नमूनों को जांचा व परखा। चीनी का



चीनी से पैक भरावाकर देखा। वहीं गन्ना बुआई रकाबा के बारे में पूछ ताछ किया और बुआई का क्षेत्रफल बढ़ाने को कहा। उन्नतशील प्रजातियों के गन्ना बुआई करने के सम्बन्ध में जिला गन्ना अधिकारी महेन्द्र कुमार को निर्देशित किया। वहीं चीनी मिल प्रबंधन तंत्र को गर्मी से किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत पाए। इसके लिए पानी की ब्यवस्था करने को निर्देशित किया। वहीं किसानों का गन्ना पेराई करने के लिए खेतों में बाकी न बचे।

जबतक किसान का पूरा गन्ना समाप्त न हो जाए तब तक चीनी मिल का संचालन किया जाए। इस अवसर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार धनवनता, फ़ेडरेशन के अधिकारी ज्योती मौर्य,जिला गन्ना अधिकारी महेन्द्र कुमार,जीएम डाक्टर नीरज कुमार, इसजेक कम्पनी के मैनेजर वीके मिश्रा,प्रमोद सरोज, दीपक रस्तोगी, प्रमोद श्रीवास्तव अरूण समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# तेरह थानेदारों के कार्य क्षेत्र में बदलाव कप्तानगंज के थानाध्यक्ष भी हटाए गए

चंद्रभूषण प्रजापति बने कप्तानगंज के नए थानेदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले में कानून व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त बनाए रखने एवं जनहित के हितों को देखते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बुधवार के एक दर्जन से ज्यादा निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इसमें कप्तानगंज के थानाध्यक्ष धनवीर सिंह व हाटा के कोतवाल रहे सुशील कुमार शुक्ला को भी हटाया गया है। इसके अलावा कई लोगों को नई थानेदारी की कमान सौंपा गया है। एसपी ने जिन थानेदारों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है उसमें निरीक्षक राज प्रकाश सिंह थाना तरयासुजान को प्रभारी निरीक्षक तुर्कपट्टी, निरीक्षक धनवीर सिंह थानाध्यक्ष कप्तानगंज को प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान, निरीक्षक संजय कुमार प्रभारी निरीक्षक तुर्कपट्टी को साइबर थाना, निरीक्षक चंद्रभूषण प्रजापति को साइबर थाना से थानाध्यक्ष कप्तानगंज के लिए स्थानांतरण किया गया है। इसी प्रकार अमित शर्मा प्रभारी निरीक्षक तमकुहीराज को स्वाट टीम, निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ला को हाटा से तमकुहीराज, निरीक्षक रामसहाय चौहान को ने. नौरंगिया से प्रभारी निरीक्षक हाटा, संजय दुबे प्रभारी यूपी डॉयल 112 को प्रभारी निरीक्षक अहिरौली बाजार, विनय मिश्रा थानाध्यक्ष रविंद्र नगर धुस को थानाध्यक्ष पटहेरवा, दीपक कुमार सिंह थानाध्यक्ष पटहेरवा को थानाध्यक्ष ने. नौरंगिया, उप निरीक्षक दिनेश कुमार थानाध्यक्ष अहिरौली से थानाध्यक्ष पर्यटन, उप निरीक्षक शरद भारती प्रभारी सर्विलांस सेल को थानाध्यक्ष रविंद्र नगर धुस व उप निरीक्षक प्रिंस कुमार थानाध्यक्ष पर्यटन को एसएसआई थाना तुर्कपट्टी के लिए स्थानांतरण किया किया गया है। इस संबंध में एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कही ये सभी स्थानांतरण रूटीन प्रक्रिया के अनुसार किया गया।

# गन्ना विकास गोष्ठी में दी गई गन्ने की उन्नति खेती की जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के ग्राम बकनहा में शिव मंदिर परिसर में गन्ना विकास गोष्ठी आयोजित कर किसानों को गन्ने की उन्नत खेती की जानकारी उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने किसानों को खड़ा गन्ना न बने की सलाह देते हुए दो आंख के टुकड़े में गन्ना बोने की अपील की।श्री गुप्ता ने बताया कि खड़ा गन्ना बोने से जमाव कम होगा और उपज कम होगा व लागत बढ़ेगा।गन्ने का औसत जमाव तीन आंख का गेड़ी काटने पर 30 से 35 प्रतिशत हो रहा है। अधिकतर किसान दो आंख का गेड़ी बो रहे हैं। गन्ने की खेती में सबसे अधिक मजदूरों वय्य पर हो रहा है। गन्ने का टुकड़ा जितना बड़ा होगा जमाव उतना ही काम होगा। किसान खडे गन्ने की बुवाई ना करें। किसान शंकर कुशवाहा , सागर गुप्ता,



घनश्याम कुशवाहा के खेत में फोटोग्राफ खींचा गया है। गांव में 15 एकड़ से अधिक गन्ना बोने वाले किसान जन्टु कुशवाहा ने बताया कि मजदूर नहीं मिल रहे हैं । 7 एकड़ गन्ना बोने वाले किसान हंस कुशवाहा, 5 एकड़ गन्ने बोलने वाले किसान अमरनाथ यादव, 8 एकड़ गन्ना बोने वाले किसान राजकुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुशील कुशवाहा , आत्मा गुप्ता आदि ने बताया कि एक एकड़ गन्ना बुवाई से लेकर बेचने तक सभी खर्च जोड़ने पर लागत 50 हजार प्रति एकड़ से अधिक आ रहा है। । पोटाश का दाम 800 बोरा से 1600 रुपया हो गया। गेहूं, धान का दाम बढ़ रहा है। परंतु गन्ने का नहीं बढ़ रहा है। डीजल, कीटनाशक, खाद, मजदूरी बढा है। चीनी का दाम बढ़ा है। इस बार गन्ना का रकबा घटेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि किसान अपने -अपने पेड़ी गन्ना फसल जाकर खेत में देखें। दो गन्ना बनता है तो दो किलो का होता।

# युवती से छेड़खानी का सीसीटीवी फुटेज वायरल पुलिस ने वीडियो के अधार पर जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। शहर की कालोनी की घटना, पुलिस वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी*आजमगढ़ शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के हीरापट्टी कालोनी में एक युवती के साथ दिनदहाड़े छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब युवती सामान लेकर अपने घर की ओर लौट रही थी और वह अपने घर से महज 10 मीटर की दूरी पर थी। इस शर्मनाक घटना का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है।सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि एक बाइक सवार युवक युवती के पास से गुजरते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करता है। उजाले में हुई इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। यह पहली बार नहीं है जब आजमगढ़ में इस तरह की घटना सामने आई हो। इससे पहले भी जिले में कई बार बदमाशों की गुंडागर्दी और छेड़छाड़ की वारदातें सुर्खियों में रह चुकी हैं, जिससे यह साफ होता है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आई है। कोतवाली थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक सवार युवक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने बाइक के नंबर और आरोपी की शिनाख्त के लिए तकनीकी सहायता भी लेना शुरू कर दिया है। हालांकि, अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।



# कागज में 40 धरातल पर शून्य, ग्राम पंचायत गोनवा में भ्रष्टाचार की खुली छूट

### क्या डीसी मनरेगा के संरक्षण में मनरेगा के फर्जी मस्टर रोल में हो रहा है खेल

### हलधरमऊ ब्लॉक के मनरेगा में लूट, गोनवा, बामड़ेरा, मलौना, पड़रिया और सोनहरा में धड़ल्ले से मनरेगा के मस्टर रोल में हो रहा फर्जीवाड़ा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और जीरोटालरेंस की निति पर काम करने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ गोण्डा जिले में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों के चलते केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरे गा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है।गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कर मजदूरों को दूसरे प्रदेश में पलायन से रोकने के लिए चलाई जा रही सूत्र बता रहें है कि मनरेगा योजना जिम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है इस पूरे भ्रष्टाचार में डीसी मनरेगा से लेकर हलधरमऊ विकास खंड के सभी जिम्मेदार अधिकारी भी संलिप्त है क्योकि इनकी संलिप्तता के बगैर यह सब संभव ही नहीं है। विकास खंड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत गोनवा,बामडेरा,पड़रिया,मलौना,और सोनहरा में मनरेगा से चलाए जा रहे कार्यों में जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में जमकर भ्रष्टाचार कि या जा रहा पूरे मामले में तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक व प्रधान की मिलीभगत सामने आयी है पंचायत के गोनवा में दो कार्यों में 40 श्रमिको की हाजिरी लगाई जा रही है। लेकिन घरातल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं है। जिस जगह पर कम दिखाया जा रहा है उस जगह पर घास उगी है। मजरा लखनपुर में तालाब खुदाई बौर के खेत के पास सुंदरीकरण का कार्य चल रहा था 40 श्रमिक की फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है जबकि काम कई दिनों से बंद है पड़ा हुआ है परन्तु कागज पर चल रहा है। वही ग्राम पंचाय त पड़रिया में 78 श्रमिको की हाजिरी लगाई जा रही है और एक ही फोटो को कई मस्टर रोल में अपलोड कर किया जा रहा है। वही रोजगार सेवक घोटाला न पकड़ा जाए इसलिए ऑनलाइन हाजिरी में खेल कर देर रात को पुरानी पुरानी फ़ोटो की फ़ोटो लगा रहे है।ग्राम पंचायत पड़रिया में दीपक के खेत के सामने तालाब सुंद रीकरण कार्य पर 78 श्रमिको की उपस्थिति दर्ज की गई है देर रात में लगाई जा रही मस्टर रोल में हाजिरी नहीं किया जा रहा कोई श्रमिकों का फोटो अपलोड साइट पर जम कर हो रहा है भ्रष्टाचार जिम्मेदार खामोश बने बैठे है। उपरोक्त सभी गावों में बिना कार्य कराई ही फर्जी हाजिरी दर्ज कर की जा रही है..? क्या जिम्मेदारों के द्वारा लगातार पुरानी फोटो की फोटो अपलोड कर श्रमिको की फर्जी श्रमिक हाजिरी दर्ज की गई है...? क्या कुछ विशेष ग्राम पंचायतों को डीसी मनरेगा, बीडीओ और एपीओ का विशेष आशीर्वाद प्राप्त है उन ग्राम पंचायतों की लिस्ट में गोनवा, बमडेरा, मलौना,सोनहरा,पड़रिया भी आता है क्या...? विशेष आशीर्वाद के पीछे क्या डीसी मनरेगा और बीडीओ पर कोई राजनीतिक दबाव है या कोई विशेष उद्देश्य ..? वही क्या हकीकत इसके विपरीत है सूत्रों के मुताबिक काम बहुत पहले ही पूर्ण हो चुका है,उसके बावजूद पंचायत सहायक के द्वारा फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है क्या इसके पीछे की वजह भी कमीशन की है क्योंकि स्टीमेट बनाने से पहले बनाने वाला कमीशन लेकर आवश्यकता से कई गुना ज्यादा मजदूरो का स्टीमेट बनाता है जिसके चलते काम पहले ही पूरा हो जाता है और आगे के भुगतान के लिए फर्जी वादा किया जाता है। वही डीसी मनरेगा से जब फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन विजी बताया और उनसे बात नहीं हो सकी है।

# गेहूं क्राप कटिंग के लिए ग्राम मोहम्मदनगर पहुंची डीएम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम मोहम्मद नगर के कृषक राम नरेश पुत्र टेढ़े के गाटा संख्या 01 पर पहुंचकर गेहूँ की क्राप कटिंग करायी। कृषक राम नरेश के खेत में 36.40 कुण्टल प्रति हेक्टेयर गेहूँ की ऊपज प्राप्त हुई। जबकि पिछले वर्ष जनपद की औसत उपज 33.96 कुण्टल प्रति हेक्टेयर थी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चौधरी, राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार पाण्डेय, फसल बीमा कम्पनी इफको टोकियो के जिला प्रबन्धक अमन मौर्या, लेखपाल जितेन्द्र प्रताप मिश्रा सहित क्षेत्रीय कृषक मौजूद रहे।क्राप कटिंग के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बीमा कम्पनी के जिला प्रबन्धक को निर्देश दिया कि जनपद के सभी बीमित कृषकों को नियमानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने किसानों से फसल बीमा कराकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने का आहवान किया। उन्होंने कृषकों को यह भी सुझाव दिया कि अपनी गेहूँ की उपज को नजदीकी क्रय केन्द्र पर बिक्री कर अपनी उपज का वाजिब मूल्य प्राप्त करें और शासन द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठायें। डीएम ने मौके पर मौजूद कृषकों से खेती किसानी तथा बच्चों से शिक्षा-दीक्षा के बारे में जानकारी भी प्राप्त की।

# चेकिंग अभियान में 8 बस,15 बाइकों का चलान, 2 बैट्री रिक्शा सीज





कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कोतवाली नानपारा पुलिस टीम ने चाहन चेकिंग अभियान के तहत 8 बसें व 15 बाईकों के चालान के साथ ही 2 ई रिक्शो को सीज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम नगर के नवाबगंज मोड़ पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युमन कुमार सिंह की अगुवाई में नवागत प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह, कस्बा चैकी प्रभारी पी0एन0 पाण्डेय एवं ट्रेनी सीओ प्रियंका यादव की मौजूदगी में डग्गामार वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 8 बस व 15 मोटर साईकिलों का चालान किया तथा दो ई रिक्शो को सीज किया गया है।

नानपारा पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा। वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस द्वारा दो पहिया व चार पहिया वाहनों के कागजातों की जांच के साथ ही यातायात का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी गई और स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग करने को कहा। इस दौरान हे0कां0 लालचन्द, हे0कां0 प्रमोद यादव, कां0 शुभम, कां0 सूरज व कां0 संदीप मौजूद रहे।

# श्री स्वामी नारायण मंदिर में प्राथमिक विद्यालय का हुआ उद्घाटन

### उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक, डीएम और सीडीओ रहे मौजूद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। ऐतिहासिक ग्राम छपिया श्री स्वामी नारायण की ज न्मस्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध है।श्री स्वामीनारायण छ पिया मंदिर के परिसर में प्राथमिक विद्यालय का विधायक गौरा प्रभात वर्मा,जिलाधिकारी नेहा शर्मा तथा मुख्य विका स अधिकारी अंकिता जैन ने फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया।विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।विद्यालय परिसर में विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों तथा छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के विज्ञान प्रदर्शनी लगाया।विज्ञान प्रदर्शनी का विधायक गौरा,जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधि कारी ने अवलोकन किया।यह इतिहास धार्मिक,शैक्षिक और सामाजिक रूप से गौरवशाली रहा।श्री स्वामीनारायण मंदिर परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय ''श्री स्वामी नारायण प्राइमरी विद्यालय (प्रथम), छपिया'' उद्घाटन कि या, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गौरा प्रभात वर्मा,विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी नेहा शर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन उपस्थित रहीं। जिन्होंने अपने करकमलों से इस अत्याधुनिक भवन का उद्घा टन किया।इस कार्यक्रम ने छपिया को एक बार फिर प्रदेश और देश की शैक्षिक चेतना के केंद्र में खड़ा किया।श्री स्वामीनारायण मंदिर छपिया वर्षों से श्रद्धालुओं के लिए एक आध्यात्मिक केंद्र रहा है,परंतु अब यह स्थान बच्चों के लिए शिक्षा का प्रेरणास्त्रोत भी बनता जा रहा है।नवनिर्मित भवन न केवल भौतिक रूप से आकर्षक है,बल्कि उसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।मंदिर प्रशासन और सामाजिक सह भागिता का जीवंत उदाहरण है,जो यह दर्शाता है कि जब धर्म और समाज शिक्षा के लिए एकजुट होते हैं,तब चम त्कारिक परिवर्तन संभव होता है।

कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी,खंड विकास अधि कारी छपिया,खंड शिक्षा अधिकारी छपिया सहित ग्राम प्रधान,ग्राम पंचायत सचिव व अन्य सभी संबंधित अधि कारीगण, मंदिर प्रशासन के स्वामी व अन्य सभी महंथ उपस्थित रहे।

# प्रतिभा वेलफ़ेयर सोसाइटी ने वितरित किया ट्राय सायकिल एवं गारबेज बिन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर में सम्पत्ति विभाग एवं डीएस डब्लू के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभा वेलफ़ेयर सोसायटी, गोरखपुर द्वारा ट्राय सायकिल और परिसर में सफाई के उपयोग हेतु डस्टबिन वितरित गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना और उनके जीवन को बेहतर बनाने के साथ ही विश्वविद्यालय में सफ़ाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग करना है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि समाज में बदलाव की जिम्मेदारी सबकी है। हर नागरिक और संस्था को समाज के विभिन्न वर्गों की मदद करनी चाहिए।प्रतिभा वेलफ़ेयर फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष करुणा भदानी ने बताया कि हमारी फाउंडेशन प्रत्येक तरीके के सामाजिक कार्य में रुचि रखती है। यह पहल समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को उनकी जरूरतों के हिसाब से सहायता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम का संचालन संपत्ति अधिकारी डॉ अमित उपाध्याय एवं आभार ज्ञापन प्रो अनुभूति दुबे ने किया।

# साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं, श्रमिकों का हो रहा शोषण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। नगर पालिका परिषद में साप्ताहिक बंदी चौक बा जार मालवीय नगर में बुद्धवार का दिन तय किया गया है, लेकिन इसके बावजूद भी मालवीय नगर सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला में बनी अग्रवाल टायर और अधिकतर दुकाने बाजार खुले रही।इससे न केवल दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों का शोषण हो रहा है,बल्कि श्रम विभाग के नियमों का भी खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।

बुद्धवार को चौक बाजार मालवीय नगर गुरु नानक पुलिस चौकी क्षेत्र की बाजार आधी अधूरी खुली रही।यहां पर एक -दो दुकानों के ही शटर गिरे मिले,लेकिन बाकी अधि कांश दुकानें खुली हुई थीं।देखने में थोड़ा बहुत लग रहा था कि आज बंदी का दिन है।कई दुकानदारों ने तो पूरा सेटर उठा रखा था।

हालांकि कुछ दुकानदारों ने यह माना कि उन्हें विभाग के अफसरों का डर था,लेकिन फिर भी अधिकतर दुकानों पर काम जारी था।बुद्धवार को बंदी दिव स का पालन न होने से श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश नहीं मिल पाता है।

इसके अलावा,इस दिन काम करने के बदले उन्हें अतिरिक्त रुपये भी नहीं दिए जाते।इससे उनकी मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल रहा और वे आर्थिक रूप से पिछड़ रहे हैं।नगर के चौक बजार, सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला मार्के ट,हनुमानगढ़ी रोड,रामलीला मैदान जैसे प्रमुख बाजारों में इक्का-दुक्का दुकानों को छोड़कर सभी दुकानदार अपने व्यवसाय में व्यस्त थे।

इस अव्यवस्था से न केवल कर्मचारियों का शोषण हो रहा है,बल्कि यह श्रम कानूनों के भी खिलाफ है।वही स्थानीय नागरिकों का मान ना है कि यदि इस नियम का सख्ती से पालन किया जाए तो श्रमिकों को उनका हक मिलेगा और बाजारों में भी अनुशासन रहेगा।अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और साप्ताहिक बंदी का पालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई करता है।

# शिक्षक सदैव बना रहता है शिक्षक : नरेन्द्र प्रताप सिंह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भटहट, गोरखपुर । शिक्षक समाज का सबसे सम्मानित अंग है । शिक्षक सेवानिवृत्त के बाद भी शिक्षक ही कहलाता है अर्थात शिक्षक सदैव शिक्षक ही रहता है वह मात्र सेवा से अवकाश प्राप्त करता है न की समाज के दायित्व से । उक्त बातें बुधवार को भटहट के पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापिका शाहीन जमाल को सेवानिवृत्त के बाद विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक भटहट के अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। मंत्री जितेन्द्र मिश्रा ने कहा कि शाहिना जमाल का शानदार कार्यकाल शिक्षक समाज हमेशा याद करेगा ।

इस अवसर पर पूर्व प्रमुख बलवंत यादव,संरक्षक जितेन्द्र सिंह,कोषाध्यक्ष रामाज्ञा प्रसाद,मीडिया प्रभारी रमेश मणि त्रिपाठी, संगठन मंत्री मनीष कुमार सिंह,अभिमन्यु तिवारी,अजीत मिश्र,नवीन सिंह,अमरजीतचौधरी,दिलीप कपाड़िया,कुसुम लता यादव,आबिदा खातून,अंगिता सिंह व सीमा यादव सहित अनेकों संभ्रांत उपस्थित होकर अवकाशप्राप्त शिक्षिका के कुशल दीर्घायु की मंगलकामना किये ।

## प्रभारी मंत्री का जनपद आगमन आज

**बहराइच** । प्रदेश के मा. मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री सूर्य प्रताप शाही का 10 अप्रैल 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही 10 अप्रैल 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे विकास खण्ड मुख्यालय तेजवापुर पहुंचकर महसी विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मा. मंत्री श्री शाही अपरान्ह 04:15 बजे भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अन्तर्गत 'गांव चलो अभियान' कार्यक्रम के अन्तर्गत गांव कपूरपुर मण्डल, महसी में चौपाल एवं सम्पर्क कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा अपरान्ह 05:00 बजे भाजपा कार्यालय पर स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन करेंगे। इसके उपरान्त मा. मंत्री अपरान्ह 05:30 बजे भाजपा कार्यालय पर प्रबुद्धजन/वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं जनपद के पदाधिकारियों से भेंट करेंगे। मा. मंत्री श्री शाही अपरान्ह 06:00 बजे नगर प्रथम मण्डल के अन्तर्गत किला बशीरगंज में वार्ड चौपाल एवं लाभार्थियों के साथ सम्पर्क करेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि मा. प्रभारी मंत्री श्री शाही अपरान्ह 06:45 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## जिला स्वच्छता समिति की बैठक 11 अप्रैल को

**बहराइच** । जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फ़ेज-2 के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु 11 अप्रैल 2025 को अपरान्ह 03:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई है। डीपीआरओ ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## जनपद में 11 अप्रैल से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच** । जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह अप्रैल 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 11 से 25 अप्रैल 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण नि:शुल्क किया जायेगा।डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 अप्रैल 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई-वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## पुलिस की तैनाती से गाँवमेंपसरा सन्नाटा

गोण्डा। छपिया थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में मंगलवार की शाम हुई गोकशी की घटना के मद्देनजर गांव में पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती कर दी गयी है। घटना के बाद से ही पूरा गांव सन्नाटे में डूबा हुआ है।जिले के छपिया थाने की हथियागढ़ चौकी क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में मंगलवार को हुई गोकशी की घटना के बाद से ही पूरा गांव खाली हो गया। गांव के लोग घरों में ताला लगाकर कहीं चले गए हैं।पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। लॉ एंड ऑर्डर के मद्देनजर गांव में तैनात पुलिस और पीएसी के जवानों की बूटों की आवाजें ही सन्नाटे को चीरती हैं। इस घटना से मुस्लिम समाज भी आहत हुआ है और इसकी निंदा की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ घटना के विरोध में बुधवार को अवध केसरी सेना ने छपिया थाने के घेराव की चेतावनी दी थी। अवध केसरी सेना के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में लोग छपिया थाना परिसर में इकट्ठा हुए तो थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिस अधिकारी वहां से गायब हो गए। अवध केसरी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने सीओ मनकापुर से बात की, जिसके बाद सीओ खुद छपिया थाने पर पहुंचे।अवध केसरी सेना ने सीओ के समक्ष कई मांगें रखीं जिसमें गोकशी में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर उन्हें गम्भीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेजने, आरोपियों की मोबाइल का सीडीआर निकालकर इसमें शामिल अन्य आरोपियों का भी नाम बढ़ाने, इस घटना में शामिल सभी आरोपियों के अवैध रूप से बने मकान व दुकान पर बुलडोजर चलाने, विगत 6 महीने से लगातार हो रही गोकशी की घटना में शामिल थाने के बड़े अधिकारियों और चौकी क्षेत्र के पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने तथा पिपरा माहिम में बीफ सेंटर का लाइसेंस निरस्त करके लाइसेंस देने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गयी है।इस अवसर पर नील ठाकुर, राघवेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट,राहुल सिंह, बृजेश शुक्ल सहित बड़ी संख्या में अवध केसरी सेना के लोग व ग्रामीण मौजूद रहे।

# सरकार को मुंहतोड़ जबाब देने के लिए तैयार रहे पेंशनर्स : रूपेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । राज्य कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की विशेष बैठक गोरखपुर कचहरी स्थित कोषागार परिसर में पेंशनर्स कक्ष में श्री आई सी पी एन सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न घटकों की बैठक दिन में 11:00 बजे संपन्न हुई जिसमें विशेष रूप से उपस्थित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष श्री रूपेश कुमार श्रीवास्तव तथा पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन से श्री मुन्नीलाल गुप्ता, पुरुषोत्तम सिंह और एसपी सिंह ने भाग लिया। बैठक का संचालन राज्य कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के महामंत्री श्री नरसिंह प्रसाद सिंह द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वाह रे सरकार एक बार पुनः विभेदी अध्यादेश संसद में पारित करा कर सभी पेंशनरों के अधिकारों पर डाका डाल,1 जनवरी 2026 से पूर्व सेवानिवृत होने वाले पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने जैसा काला कानून बनाया जो कहीं से भी मान्य नहीं है। सरकार के इस नए तुगलकी फरमान से पेंशनरों में अपार गुस्सा एवं जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। इस अध्यादेश के विरुद्ध केंद्र और राज्य पेंशनर्स एकजुट हो चुके हैं और ट्विटर के माध्यम से अपने गुस्से को प्रकट कर रहे हैं यदि इसके बाद भी सरकार ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया तो सभी पेंशनर्स सड़कों पर उतर कर जबरदस्त आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

इसी क्रम में बैठक को संयुक्त रूप से श्री मुन्नीलाल गुप्ता, श्री पुरुषोत्तम सिंह, श्री एसपी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के इस दमनकारी कानून के विरुद्ध केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के सभी पेंशनर्स एकजुट होकर अपना रोष प्रकट करते हुए सरकार पर यह दबाव बनाने का कार्य करेंगे कि सरकार इस अध्यादेश को वापस ले पूरे भारतवर्ष में पेंशनर्स की संख्या 1 करोड़ है यदि उनके परिवार के सदस्यों को भी अगर जोड़ा जाए तो लगभग 5 से 7 करोड़ पेंशनर्स परिवार के पास वोट देने की शक्ति है। एक तरफ संसद में माननीय सांसदों द्वारा अपने वेतन और भत्ते में 24% की बढ़ोतरी, मेज थपथपा कर कर ली गई वहीं दूसरी तरफ कार्यरत कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों को अंतरिम राहत के रूप में मात्र दो प्रतिशत का झुनझुना थमा दिया गया जो कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। बैठक को संबंधित करते हुए महामंत्री श्री नरसिंह प्रसाद सिंह ने सभी पेंशनर्स का आवाहन किया कि आज जो संकट की घड़ी है उसमें हम सब एकत्रित होकर इस दमनकारी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ विदाई एवं सम्मान समारोह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। ग्राम पंचायत सर्रा के फुलवरिया स्थित परिषदीय विद्यालय में सेवानिवृत शिक्षक विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मिहीपुरवा ब्लॉक के दो वरिष्ठ शिक्षकों को ससम्मान विदाई दी गई फुलवरिया स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ शिक्षक खालिक अहमद और लाल चंद के विदाई के समय सभी शिक्षक भावुक हो गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मिहींपुरवा डॉ अजीत कुमार सिंह रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत की प्रस्तुति से आए हुए अतिथियों का मन मोह लिया। वक्ताओं ने अपने विचार रखे जो बहुत भावुक करने वाले थे। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षाधिकारी अजीत कुमार सिंह ने सेवानिवृत्ति होने वाले शिक्षक लाल चंद और खलिक अहमद को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया तथा सम्बोधित करते हुए दोनों वरिष्ठ शिक्षकों की सेवा की प्रशंसा करते हुए उन्होंने दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ मिहींपुरवा ब्लॉक अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने सम्बोधित करते हुए भव्य कार्यक्रम आयोजन के लिए शिक्षक संतोष सक्सेना व सुशील कुमार को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह, विवेक सिंह, कौशलेंद्र विनीत सिंह, शिव प्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ, अमित मिश्र, अक्षय, चन्द्रेश राजभर ,राज कुमार यादव ओंकार नाथ टाइगर, गिरीश राम, सुनील चौधरी अंशुल कुमार,जतिन रस्तोगी घनश्याम, सुनील ,नवनीत सम्हरवाल, अतुल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# भाजपा की रीढ़ की हड्डी के समान होते हैं सक्रिय सदस्य : दया शंकर यादव

## जगदीशपुर गौरीगंज व अमेठी विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन हुआ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर गौरीगंज व अमेठी में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित हुआ।अमेठी विधानसभा में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने मोदी सरकार की ग्यारह साल की उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की।कहा सशक्त और समृद्ध भारत निर्माण के लिये भाजपा जरूरी है।भाजपा सबको साथ लेकर चलने वाला लोकतांत्रिक दल है।उन्होंने सक्रिय सदस्यों से भाजपा की नीति-रीति और उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया।जगदीशपुर विधानसभा के सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष दया शंकर यादव ने कहा सक्रिय सदस्य भाजपा के रीढ़ व धुरी हैं।भारतीय राजनीति में लाये गये परिवर्तन पर चर्चा की।उन्होंने कहा भाजपा विचारधारा पर आधारित कैडर की पार्टी है।यहां छोटा सा छोटा कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रधानमंत्री बनने का सपना देख सकता है।भाजपा के चुनावी एवं संगठनात्मक विस्तार से चर्चा की।जगदीशपुर विधानसभा के सम्मेलन में विधायक सुरेश पासी, गौरीगंज विधानसभा के सम्मेलन में पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी एवं अमेठी विधानसभा के सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। भाजपा नेता रवींद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष उमा शंकर पाण्डेय, केशव सिंह गिरजा शंकर शुक्ला ने सक्रिय सदस्यों को पार्टी की नीति रीति, संगठनात्मक विस्तार और भारतीय राजनीति में लाये गये परिवर्तन की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन प्रभात शुक्ला ने किया।इस मौके पर पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह, उमा रमन सिंह, प्रशांत शुक्ला, चंद्र मौलि सिंह,राजेश सिंह, रणवीर सिंह शेखर तिवारी, अतुल सिंह, महेंद्र मिश्रा, अरुण मिश्रा जिला सह मीडिया प्रभारी रामगोपाल कौशल, अजय सिंह गौर, मनोज पासी, अजय दुबे पूर्व मंडल अध्यक्ष काशी मिश्रा, देव प्रकाश पाण्डेय,दिलीप विश्वकर्मा, राजेश शुक्ला समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परिषदीय विद्यालय में विश्व जल दिवस पर आयोजित हुई पोस्टर प्रतियोगिता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में विश्व जल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में बच्चों को जल के महत्व के बारे में समझाते हुए जल के मितव्ययी उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें प्रतिदिन कम से कम 1 लीटर जल बचाने हेतु प्रेरित किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर सभी को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया। बच्चों ने जल संरक्षण संबंधी पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से ग्राम वासियों को जल का महत्व बताते हुए जल संचयन के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ द्वारा विभिन्न ग्राम वासियों को जल का अपव्यय न किए जाने और प्रतिदिन जल बचाने के संबंध में सार्थक प्रयास किए जाने हेतु जागरूक किया गया है ।विद्यालय में विश्व जल दिवस की थीम पर कला व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी रहने पर मीनाक्षी वर्मा, कृष्णा, पल्लव, ऋषभ,अतुल कुमार, प्रिंस, सोनी, गुंजन, चंदा, सुहानी, चित्रा, साधना देवी, रजनी, खुशबू, वैष्णवी, दीपमाला और संध्या वर्मा आदि विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंजना शुक्ला, प्रगति धामी, प्राज्ञी अग्रवाल और ममता देवी उपस्थिति रहीं हैं।

# राज्यमंत्री संजय गंगवार ने जीता कायस्थ समाज का दिल, दिया एक लाख का चेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। सदर सीट से भाजपा विधायक और गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार ने मंगलवार को कायस्थ समाज का दिल जीत लिया। उन्होंने कायस्थ भवन में समाज के लोगों से मुलाकात की और एक लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। इससे पहले, वह 23 मार्च को कायस्थ सेवा समिति द्वारा आयोजित वैवाहिक परिचय सम्मेलन में अपरिहार्य कारणों से नहीं आ सके थे। राज्यमंत्री की घोषणा के बाद कायस्थ सेवा समिति के पदाधिकारी उनके कैंप कार्यालय पहुंचे। वहां मंत्री जी ने सम्मानपूर्वक एक लाख रुपये का चेक भेंट किया। इस मौके पर समिति के संरक्षक राजेंद्र सक्सेना, अध्यक्ष अवनीश सक्सेना, अविनाश चंद्रा महामंत्री, सुशील बाबू सक्सेना, विकास श्रीवास्तव, शेखर सक्सेना उर्फ सोनू, तुषार चंद्र और संदीप सक्सेना समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने राज्यमंत्री के सहयोग और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। राज्यमंत्री संजय गंगवार का कायस्थ समाज के साथ गहरा जुड़ाव देखने को मिला है। अक्सर देखा गया कि वह कायस्थ समाज के लोगों की समस्याओं को समझते हैं और उनकी मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। एक लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा इसी का एक उदाहरण है। कायस्थ सेवा समिति पीलीभीत कायस्थ समाज के लोगों के लिए काम करती है। समिति द्वारा आयोजित वैवाहिक परिचय सम्मेलन इसका एक उदाहरण है। समिति के पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री के सहयोग के लिए आभारी व्यक्त किया है।

# कांग्रेस के नवनियुक्त जिला और शहर अध्यक्ष की शपथ 15 अप्रैल को

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी 15 अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर शपथ लेकर अपने दायित्वों का करेंगे निर्वहन, जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को लेकर कई ब्लॉकों में बैठकें की हैं। उन्होंने ब्लांक अध्यक्षो व कॉग्रेस जनों से समारोह को सफल बनाने का आग्रह किया है। और श्री राणा ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक के वरिष्ठ और पुराने कॉग्रेसियो की लिस्ट तैयार की जा रही है उनको अमेठी सांसद के.एल शर्मा के हाथों सम्मानित कराया जाएगा। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी भी तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने विभिन्न वार्डों में वार्ड अध्यक्षों के साथ बैठकें की हैं। समारोह की सफलता के लिए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग मांगा है। शपथ ग्रहण समारोह में के.एल शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ और वयोवृद्ध कांग्रेस जनों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भदेया, दूबेपुर, अखंड नगर, करौदीकला व कादीपुर में कांग्रेस जनों के साथ बैठक करके उन्हें 15 अप्रैल को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया है इस अवसर पर जयप्रकाश पाठक रामशरण गौतम विनोद पांडे रामलोट यादव शंभू लाल गौतम संतोष उपाध्याय विनोद तिवारी सर्वेश सिंह शुक्ला गुड्डू पांडे सुरेंद्र सिंह ध्रुवश्याम सिंह विजयपाल गौतम विश्वनाथ मिश्र, जनेश्वर उपाध्याय, दीपक सोनी,ज़मींदार यादव, राम चन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

## किसानों को जागरूक करने पहुंची एडीएम,किसानों के साथ कड़ी धूप में दराती से काटे गेहूं हो रही चारों तरफ पशंसा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया तहसील क्षेत्र में किसानों को गेहूं के समर्थन मूल्य व पंजीकरण सहित अन्य जानकारियां देकर लोगों को जागरूक करने के लिए दौरे पर निकली। इस दौरान उन्होंने देखा कि बंडा हाइवे के किनारे खेत में किसानों के द्वारा दराती से कड़ी धूप में गेहूं की फसल की कटाई कर रहे है। इस दौरान उन्होंने अपनी गाड़ी को रोका और कड़ी धूप में किसानों के बीच पहुंच कर दराती लेकर गेहूं की कटाई करते हुए। किसानों को गेहूं के समर्थन मूल्य पंजीकरण सहित अन्य जानकारियां देकर उन्होंने जागरूक किया। वुधवार को एडीएम का किसानों के साथ गेहूं काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद एडीएम की हो रही प्रशंसा। ग्रामीण बोल ऐसे अधिकारी बहुत कम मिलते है।

## 10 मई को ग्राम न्यायालय में लगेगी लोक अदालत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र दिनांक 27 मार्च 2025 के आदेश के अनुपालन में अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश पीलीभीत के निर्देशानुसार दिनांक 10.05.202 को प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक दीवानी न्यायालय प्रांगण पीलीभीत एवं बाह्य न्यायालय बीसलपुर तथा ग्राम न्यायालय पूरनपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजित किया जायेगा।उक्त के सम्बन्ध में द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के द्वारा जनमानस से अपील की गयी है।कि राष्ट्रीय लोक-अदालत में अपने वाद को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करा सकते है तथा राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

## सलूजा बने गरीब मजलूमों की आवाज, ई रिक्शा संचालकों से उठाया वसूली का मुद्दा

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंाग्रेसी नेता श्री सलूजा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को ऑनलाइन शिकायत के जरिए अवगत कराया गया कि जनपद सुल्तानपुर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में ई रिक्शा चालकों से ठेकेदारों के माध्यम से प्रतिदिन 15 रुपए का मनमाना टैक्स वसूल रही है और पुलिस विभाग द्वारा अक्सर ई रिक्शा का चालान अलग से कर रहा है । ऐसी स्थिति में ई रिक्शा चालक कैसे अपने परिवार का भरण पोषण करेगा। ये सोचनीय विषय है। इस महंगाई के दौर में किसी तरह ई रिक्शा चालक अपने परिवार की जीविका चला रहे है और सरकार से भी कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है कि उनको रोजगार मिल सके और जब व्यक्ति मेहनत करके अपना परिवार चला रहा है तो नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर आए दिन कोई न कोई टैक्स लगाकर उनको बेरोजगार बनाने का काम कर रहा है जो जनहित में नहीं है। महोदय जब ई रिक्शा खरीदा जाता है तो उसी वक्त उनसे राज्य सरकार द्वारा रोड टैक्स वसूल कर लिया जाता है फिर किस नियम के तहत नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर पैसा वसूल रहा है।इस गंभीर मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर ऐसे नियम को खत्म करना न्यायहित व जनहित में होगा जिससे ई रिक्शा चालकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार ना पड़े।उन्होंने मांग किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए तत्काल नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर द्वारा अतिरिक्त वसूली की व्यवस्था को बंद कराया जाए।

## एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह का आगमन कल

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा एमएलसी देवेन्द्र प्रताप सिंह कल दो दिवसीय दौरे पर सुल्तानपुर आ रहे हैं। गुरुवार को 10 बजे गोरखपुर से सुल्तानपुर के लिए रवाना होंगे। सुल्तानपुर पहुंचकर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जलपान के बाद आज तक न्यूज चैनल के चीफ ब्यूरो नितिन श्रीवास्तव के पिताजी के निधन पर उनके घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। वहां से निकलकर वरिष्ठ पत्रकार विनोद पाठक के घर जाकर मुलाकात करेंगे और शाम को गेस्ट हाउस में अपने शुभ चिंतकों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं व मीडिया कर्मियों से मुलाकात करेंगे ।शाम को 7 बजे राकेश प्रताप सिंह संघ कार्यवाह बैदहा के यहां रात्रि भोजन करेंगे। तत्पश्चात पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में रात्रि विश्राम करेंगे।श्री सिंह सुबह 7 बजे इलाहाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे।

# शिक्षा से व्यक्ति आत्मनिर्भर और समाज के लिये उपयोगी बन सकता है : मुन्ना सिंह

## राम जानकी बाजपेई बालिका इण्टर कालेज के रजत जयंती समारोह में मेधावी छात्राओं और शिक्षकों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी ।ग्रामीणांचल में स्थापित राम जानकी बाजपेई बालिका इण्टर कालेज इस क्षेत्र के लिये वरदान साबित हो रहा है और इस विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ ही अनुशासन और संस्कार का पाठ पढ़ाया जाता है।यह बात ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कस्बा सेमरौता स्थित राम जानकी बाजपेई बालिका इण्टर कालेज के रजत जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में कही। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के बदलते परिवेश में विद्यालय का संचालन एक कड़ी चुनौती है।उन्होंने कहा कि यहां के बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम यह बयां कर रहे हैं कि यहां की शिक्षिकाओं द्वारा परिश्रम किया जा रहा है और अनुशासन के मामले में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है इसके लिये प्रबंधतंत्र बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा संवर्धन के लिये सरकार द्वारा तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है आप सब लोग पढ़ लिखकर विद्यालय के साथ ही क्षेत्र का नाम रोशन करें। मुख्य अतिथि द्वारा हाई स्कूल एवं इण्टर मीडिएट की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया।विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत के साथ ही महाकुम्भ पर आधारित शिव ताण्डव कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को भाव विभोर कर दिया।विद्यालय के प्रबंधक देवी शरण बाजपेयी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैया लाल त्रिपाठी और संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेई ने किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या राजवती ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम को प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी,राकेश त्रिपाठी, डॉ राम कल्प तिवारी, राजेंद्र बहादुर सिंह, वैभव मिश्रा, ने सम्बोधित किया।इस मौके पर शिवरतनगंज के थानाध्यक्ष सच्चिदानंद राय,सोनू तिवारी, राम कुमार तिवारी, आलोक तिवारी, राम सुख, जहीर अहमद कुरैशी,विनीत मिश्रा, सूर्य प्रकाश मिश्रा, मनीष बाजपेई, हिमांशु बाजपेई, सौरभ अवस्थी, संजय अवस्थी, अभिमन्यु वर्मा, प्रेम कुमार मिश्रा,सुनीता बाजपेई, इंदिरा शुक्ला, नीरज बाजपेई, कामिनी मिश्रा, स्वेता अवस्थी, शुभी अवस्थी सहित अन्य तमाम शिक्षिकाएं एवं छात्राएं मौजूद रही।

## गेहूं के समर्थन मूल्य के साथ बोनस की मांग, भाकियू ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित को सौंपा

पूरनपुर। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने किसानों की समस्याओं व गेहूं के समर्थन मूल्य के साथ प्रति कुंतल ?200 के हिसाब से बोनस की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश के किसान कर्ज से जूझ रहें किसानों को कुछ राहत मिल सके इसको लेकर सरकार से बोनस की मांग की है। मंहगाई के दौर में लगातार डीजल,पेट्रोल, खाद, बीज,पेस्टीसाइड कृषि यंत्रों, घरेलू रसोई गैस सहित अन्य चीजों पर लगातार बढौतरी हो रही हैं। पर सरकार के द्वारा किसानों के प्रति नहीं शोचा जा रहा है जिससे किसान महंगाई की मार जेल रहा। इसी को लेकर भाकियू ने सरकार से प्रति कुंटल हिसाब से गेहूं के समर्थन मूल्य के साथ साथ बोनस देने की मांग की है।

# पुलिस ने हरा आम का पेड़ काट रहे तीन कारोबारियों को धरदबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने गांव मानामदनपुर में हरा आम का पेड़ काट रहे तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो अदद इलेक्ट्रानिक आरा मशीन व छत्तीस बोटा हरे आम की लकड़ी बरामद एवं दो ट्रैक्टर मय ट्राली व तीन मोटरसाइकिल बरामद कर सीजकर दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम मानामदनपुर के पास हरे आम का पेड़ काटकर ट्राली में लाद रहे व्यक्तियों से पूछताछ की गई तो बताया कि हम लोग वन विभाग से अनुज्ञप्ति लिये बिना हरे आम के पेड़ को काटकर ले जाने वाले थे। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम छोटेलाल पुत्र गुरुदीन, तुलसी पुत्र गुडडू निवासीगण ग्राम कस्थुनी पूरब थाना मुसाफिरखाना व सलमान पुत्र सईद निवासी ग्राम रसूलाबाद थाना थाना मुसाफिरखाना बताया। पुलिस टीम ने मौके से ही दो अदद इलेक्ट्रानिक आरा मशीन व छत्तीस बोटा हरे आम की लकड़ी बरामद किया गया एवं मौके पर बरामद तीन अदद मोटरसाइकिल स्पेलण्डर नम्बर यूपी 36 वी 7275, स्पेलण्डर प्रो नम्बर यूपी 42 डब्लू 1749 व हांडा शाईन नम्बर यूपी 44 एजेड 3163 व अदद ट्रैक्टर मय ट्राली के कागज मांगने पर दिखा नही सके जिसे सीजकर दिया गया है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये कारोबारियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश बन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

# परिषदीय विद्यालय के बच्चों को प्रधान प्रतिनिधि ने वितरण किए पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकास खंड की ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात में स्थित प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती में परीक्षाफल का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।जिसमें कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं को परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरित किए गए है।रिजल्ट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए। विद्यालय प्रधानाचार्य रोहित मिश्रा द्वारा सभी को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया गया है।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं में हर्ष उल्लास दिखाई दिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान रहनुमा फैयाज ने बताया कि शिक्षा शेरनी का दूध है। जो पियेगा वह दहाड़ेगा सभी को शिक्षित होने पर जोर दिया एवं भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रहनुमा बेगम प्रतिनिधि मास्टर फैयाज अहमद ,वार्ड मेंबर मुन्ने हसन, विद्यालय प्रधानाचार्य रोहित मिश्रा,राहुल, नवल,अंजू बाजपेई,इरम, रीवा समेत कई अभिभावक उपस्थित रहे हैं।

# मीडिया, स्त्री और सनसनी

सूचना और संचार की इस तीव्र गति वाली दुनिया में मीडिया का प्रभाव जितना व्यापक हुआ है, उतना ही गहरा भी। आज किसी घटना की रिपोर्टिंग केवल सूचना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह एक नैरेटिव, एक छवि और कभी-कभी एक पूर्वग्रह को भी जन्म देती है। जब स्त्री से जुड़ी घटनाओं की बात आती है, खासकर तब जब वह विवादास्पद हों-जैसे धोखाधड़ी, झूठे आरोप या ब्लैकमेलिंग,तो मीडिया का रुख कहीं अधिक सनसनीखेज और पक्षपाती हो जाता है। यह चिंता का विषय है। पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं देखी गईं जहां महिलाओं पर पुरुषों को झूठे मामलों में फंसाने के आरोप लगे। कुछ मामलों में ये आरोप सही भी साबित हुए। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इन गिने-चुने मामलों के आधार पर 'हर औरत भरोसे के लायक नहीं' जैसी सोच विकसित करना जायज है? क्या यह सही है कि मीडिया इन घटनाओं को इस तरह प्रस्तुत करे कि पूरा समाज स्त्रियों की नीयत पर शक करने लगे? वास्तव में यह सोच एक लंबे समय से पनप रही उस मानसिकता का हिस्सा है जो स्त्री को या तो देवी के रूप में पूजती है या खलनायिका के रूप में ठुकराती है। बीच का कोई स्थान बचा ही नहीं। अखबार की सुर्खियां देखें या न्यूज चैनलों की हेडलाइन सुने, तो एक बात स्पष्ट नजर आती है-स्त्री से जुड़ी घटनाओं को ज्यादा उत्तेजक, भावनात्मक और आकर्षक तरीके से पेश किया जाता है। उदाहरण के लिए- प्रेमिका निकली सौतन की हत्यारिन, महिला टीचर ने छात्र से बनाए शारीरिक संबंध, बीवी ने पति को प्रेमी संग मिलकर मरवाया। ऐसी खबरें समाज में एक खास सोच को मजबूत करती हैं कि स्त्रियां कपटी, चालाक और अवसरवादी होती हैं। जबकि हकीकत यह है कि पुरुषों द्वारा किए गए अपराधों को इतनी सनसनी के साथ नहीं दिखाया जाता। वहां 'मानसिक तनाव', 'पारिवारिक दबाव' या 'सामाजिक अस्वीकृति' जैसे कारण खोज लिए जाते हैं। मीडिया अकसर स्त्री को या तो पूरी तरह पीड़ित के रूप में दिखाता है, या फिर पूरी तरह अपराधिनी के रूप में। लेकिन हकीकत इससे कहीं अधिक जटिल है। हर महिला जो धोखा देती है, वह स्वाभाविक रूप से 'बुरी' नहीं होती, और हर महिला जो पीड़ित है, वह स्वाभाविक रूप से 'पवित्र' नहीं होती। इंसानी व्यवहार कई सामाजिक, मानसिक और भावनात्मक कारकों से बनता है। जब मीडिया इन पहलुओं की उपेक्षा करके केवल एक सनसनीखेज चेहरा दिखाता है, तो वह सच्चाई को तोड़-मरोड़कर पेश करता है। हाल के वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए जिन्होंने इस विषय को और जटिल बना दिया। जैसे- फर्जी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर ब्लैकमेलिंग का मामला महिला द्वारा पति को फंसाकर तलाक और संपत्ति हथियाने की कोशिश। सोशल मीडिया पर 'फ़ेमिनिज्म ' का इस्तेमाल करके जनभावनाओं का दोहन। इन घटनाओं का मीडिया में खूब प्रचार हुआ, लेकिन इनसे जुड़ी कानूनी प्रक्रिया, जांच के निष्कर्ष, या महिला के पक्ष की गहराई से पड़ताल शायद ही कभी दिखाई गई। यह बात माननी भी गलत होगा कि पुरुष वर्ग सदैव पीड़ित होता है। सैकड़ों-हजारों महिलाएं आज भी घरेलू हिंसा, बलात्कार, यौन उत्पीड़न और मानसिक शोषण की शिकार हैं। हर साल महिला सुरक्षा से जुड़े आंकड़े भयावह तस्वीर पेश करते हैं। ऐसे में यदि कुछ मामलों में महिलाएं दोषी पाई जाती हैं, तो उससे पूरे स्त्री वर्ग को कठघरे में खड़ा कर देना न केवल अन्याय है, बल्कि सामाजिक संतुलन के लिए भी खतरनाक है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा गया है, लेकिन जब यह स्तंभ टीआरपी की दौड़ में नैतिकता भूल जाए, तो समाज की नींव डगमगाने लगती है। पत्रकारिता का काम सूचना देना है, विचार बनाना नहीं। लेकिन आज मीडिया अक्सर 'मूड' बनाता है, 'मत' गढ़ता है और 'फैसला' सुनाता है। यह प्रवृत्ति न्याय व्यवस्था से भी आगे निकलने का दावा करती है-जिसे हम मीडिया ट्रायल कहते हैं। जहां मुख्यधारा मीडिया की सीमाएं हैं, वहीं सोशल मीडिया ने तो हर किसी को जज बना दिया है। व्हाट्सऐप, फॉरवर्ड, ट्विटर ट्रेंड और इंस्टाग्राम रील्स-हर जगह स्त्री के चरित्र और नीयत पर सवाल उठाए जा रहे हैं। 'हर औरत गोल्ड डिगर है', 'औरतें सिर्फ फायदे के लिए प्यार करती हैं'- जैसे जुमले सोशल मीडिया पर सामान्य हो चुके हैं।

# भौतिक चकाचौंध व सोशल मीडिया से बढ़ रहे रिश्तों के कत्ल

**पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफ़ेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की। एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़े के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारिरिक तौर पर चोट पहुंचाती है। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगड़ने लगती हैं। जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आईआईपीएस की ये रिपोर्ट ये भी कहती है कि एकल परिवार में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है।**

विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की सीख देने वाले भारत जैसे आध्यत्म और शांति की धरा वाले देश में बढ़ती भौतिक विलासिता की चकाचौंध और सोशल मीडिया का जिन्दगी में बढ़ता दखल, पारिवारिक-सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर रहा है। संबंधों में तकरार और फिर नृशंस तरीके से हत्या जैसे मामलों ने देश को झकझौर कर रख दिया है। मेरठ की मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ राजपुत की हत्या कर दी। ऐसे ही मुजफ्फरनगर की पिंकी ने अपने आशिक के लिए अपने पति अनुज को जहर पिलाकर मार दिया। रिश्तों में हत्या का ऐसा ही प्रकरण बेंगलुरू में देखने को मिला, वहां के हुलीमावु क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करके उसकी बॉडी को सूटकेस में भर दिया। देश के अलग-अलग शहरों में हो रही ऐसी हत्याओं ने देश की जनता को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। आखिर ये सिलसिला कहां जकर थमेगा? इन घटनाओं ने सोचने-समझने के लिए मजबूर कर दिया है कि आखिर यह देश किस दिशा में जा रहा है।

पिछले कुछ वक्त से देश के अलग-अलग हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जिनमें पति पत्नी का और पत्नी पति का कत्ल कर देती है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की रिपोर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में दुनिया भर में कुल 51 हजार 100 महिलाओं और लड़कियों का कत्ल हुआ है। इनमें से 60 फीसदी के करीब कत्ल महिलाओं या लड़कियों के अपने पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने किया। एक रिपोर्ट कहती है कि देश भर में हर साल औसतन 225 लोगों को उनकी पत्नियां कत्ल कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां अपने पति के हाथों मारी जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में हर ग्यारवें मिनट में एक महिला या लड़की का कत्ल होता है। इनमें से औसतन हर रोज 140 महिलाओं या लड़कियों का कत्ल उनके घर के अंदर होता है।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन और लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन एंड साउथ एफ्रिकन मेडिकल रिसर्च काउंसिल की रिपोर्ट कहती है वर्ष 2022 में दुनिया भर में कुल 48 हजार 800 महिलाओं और लड़कियों के कत्ल हुए थे और इनमें से भी 60 फीसदी से ज्यादा कत्ल पार्टनर, पति या फैमिली मेंबर ने ही किए थे। वर्ष 2022 में ऐसे अपराधों के मामलों में अफ्रीका पहले नंबर पर था और एशिया दूसरे नंबर पर। ऐसे अपराधों में अब 2023 में एशिया पहले नंबर पर है और अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। आंकड़ा कहता है कि पार्टनर पति या रिलेशनशिप में दुनिया भर में जितने कत्ल होते हैं, उसकी 58 फीसदी शिकार महिलाएं या लड़कियां होती हैं। लेकिन चौंकाने वाला आंकड़ा ये भी है कि इसी पार्टनर और रिलेशनशिप की वजह से 42 फीसदी पुरुषों का भी कत्ल होता है। अर्थात यह अंतर ज्यादा नहीं है। ब्रिटिश मेडिकल जनरल लेनसेट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसदी महिलाओं के कत्ल मौजूदा या फिर पूर्व पार्टनर की वजह से होती है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में महिलाओं के कत्ल का सबसे ज्यादा खतरा उन्हीं के मौजूदा या पूर्व पार्टनर से ही होता है। जबकि पूर्व या मौजूदा महिला पार्टनर के हाथों पुरुषों के कत्ल का प्रतिशत सिर्फ साढ़े 6 फीसदी है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक देश में हर साल कितने पति अपनी पत्नी का या पत्नी अपने पति का कत्ल करती हैं। एनसीआरबी के 2022 के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि इश्क और रिश्तों में लोग अब जान नहीं देते बल्कि जान लेते हैं। भारत में जिन वजहों से सबसे ज्यादा कत्ल होते हैं। उनमें लव अफ़ेयर और शादी के बाद संबंधों के मामलों में होने वाला कत्ल तीसरे और चौथे नंबर पर आता है। देश में होने वाले हर 10 में से औसतन एक कत्ल किसी ना किसी आशिक-माशूक या पति-पत्नी के हाथ से ही होता है।

आंकडों के मुताबिक पूरे देश में कुल 28 हजार 522 कत्ल के मामले सामने आए। ये तमाम कत्ल 19 अलग अलग वजहों से हुए। मसलन, निजी




दुश्मनी, सांप्रदायिक और धार्मिक वजह, राजनीतिक वजह, डायन प्रथा, जातिवाद, विवाद, या लूट-डकैती। परेशान करने वाली बात यह है कि इन 19 वजहों में से तीसरी और चौथी नंबर पर कत्ल की जो वजह बनी वो इश्क, धोखा, फरेब और शादी के बाद के संबंध थे। 28 हजार 522 कत्ल के कुल मामलों में से कुल 2 हजार 821 कत्ल इसी वजह से हुए। ऐसा नहीं है कि इश्क में पहले कत्ल नहीं हुआ करते थे। पहले भी आशिकों ने हाथों में खंजर या तमंचे उठाए हैं। लेकिन 2010 के बाद से पति-पत्नी, इश्क, बेवफाई और अवैध संबंध की वजह से होने वाले कत्ल की तादाद तेजी से बढ़ी।

पिछले 15 सालों के आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो साफ पता चलता है कि जैसे जैसे सोशल मीडिया का चलन बढ़ा पति पत्नी के रिश्ते, शादी के बाद के संबंध और इश्क और खूनी होता चला गया। आंकड़ों के हिसाब से 2010 से 2014 के दरम्यान लव अफ़ेयर और संबंधों की वजह से होने वाले कत्ल का प्रतिशत 7 से 8 फीसदी था। लेकिन 2015 से 2022 के दरम्यान ये बढ़कर 10 से 11 फीसदी हो गया। ये गिनती लगातार बढ़ती जा रही है। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक 2022 में देशभर में खुदकुशी के कुल 17 हजार 924 केस दर्ज हुए थे। जिनमें से अकेले शादी से जुड़े मामलों में 8 हजार 204 पति या पत्नी ने खुदकुशी की। जबकि इश्क के चलते 7 हजार 692 प्रेमी जोड़ों में से किसी एक ने खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अवैध संबंधों की वजह से भी 855 लोगों ने खुदकुशी की। एनसीआरबी के अलावा नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के एक आंकड़े के मुताबिक 4 फीसदी शादीशुदा महिलाओं ने ये माना है कि वो अपने पति को शारिरिक तौर पर चोट पहुंचाती है। इसी तरह स्टडी ऑफ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंस (आईआईपीएस) की एक रिपोर्ट के मुताबिक नौकरीपेशा महिलाएं जो पैसे कमाती हैं और मोबाइल का इस्तेमाल करती हैं, अपने पति से ज्यादा झगड़ती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं की जैसे जैसे उम्र बढती जाती है वो अपने पति से ज्यादा झगड़ने लगती हैं। जबकि पति के मामले में ये उल्टा है। पति की उम्र जैसे जैस बढ़ती है वो बीवियों से झगड़ा कम करने लगते हैं। आईआईपीएस की ये रिपोर्ट ये भी कहती है कि एकल परिवार में पति पत्नी के बीच हिंसक लड़ाई ज्यादा होती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर एक हजार पति में से 29 पति अपनी पत्नियों की हिंसा का शिकार होते हैं। जबकि एकल परिवार में यही आंकड़ा पत्नियों के लिए हर एक हजार में 32 है। वैसे पति पत्नी से जुड़े दर्ज कत्ल के मामलों के एक आंकड़े के मुताबिक 2022 में देशभर में पत्नी के हाथों पति के 220 कत्ल के मामले सामने आए थे। इसी दौरान पति के हाथों पत्नी के कत्ल के 270 से ज्यादा मामले सामने आए। फिलहाल 2025 की तो अभी शुरुआत है। वर्ष 2024 का आंकड़ा एनसीआरबी ने अभी जारी नहीं किया है। लेकिन रिपोर्ट होने वाले आंकड़े डरावने हैं और इन्हीं आंकड़ों को सच करके जब मुस्कान, साहिल, प्रगति, राकेश रौशन ना जाने ऐसे कितने ही नाम और ऐसी कितनी ही तस्वीरें सामने आती हैं तो अहसास करा जाती हैं कि अब मुहब्बत उस अहसास का नाम नहीं रहा जो कभी हर दिल में रहा करता था। सवाल यही है कि आखिर हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है। क्या तरक्की और स्वतंत्रता का यही पैमाना है? सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों का क्षरण का सिलसिला आखिर कहां जाकर थमेगा। इस बारे में गहन-चिंतन मनन की जरूरत है।

योगेंद्र योगी

# अपने गिरेबां में झांकें मुस्लिम रहनुमा

**फरमान अली**




केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली राजग सरकार ने संशोधित वक्फ बोर्ड बिल पास कर दिया और राष्ट्रपति ने उसको मंजूरी भी दे दी। अब वक्फ कानून आठ अप्रैल से देशभर में लागू हो गया है। इस बिल के क्या फायदे होंगे क्या नुकसान होगा यह बात इतर है ,लेकिन इस ऐतिहासिक कदम के बाद उन मुस्लिम रहनुमाओं को अपने गिरेबां में झांकना होगा कि आखिर केंद्र सरकार को यह कदम क्यों उठाना पड़ा? वक्फ बोर्ड की भूमि की बंदरबाट, भ्रष्टाचार और कुछेक परिवारों का कब्जा इसकी प्रमुख है। आज वक्फ बोर्ड की हजारों एकड़ जमीन अदालती झमेलों में फंसी है। आखिर ऐसा क्यों हुआ? इस विकट स्थिति के लिए आखिरकार कौन जिम्मेदार है। अब यह सवाल तो उठेगा ही और रहनुमाओं को जवाब देना चाहिए।

संशोधित बिल पास होने के बाद जहां सुप्रीम कोर्ट में धड़ाधड़ याचिकाएं डाली जा रही हैं, वही एक हारे हुए जुआरी की तरह मुस्लिम रहनुमा भी केवल और केवल खोखली बयानबाजी कर रहे हैं। साथ ही कथित तौर पर उनके रहनुमा कहे जाने वाले राजनीतिक दलों के नेता क्यों चुप्पी साधे हुए हैं। यह सवाल भी देश पूछ रहा है।

इस बिल का क्या असर होगा? क्या आम मुसलमान को इसका लाभ मिल पाएगा ? अभी हम इस बहस पर नहीं जाना चाहते लेकिन हमारा मानना है कि मुसलमान वक्फ प्रॉपर्टी के केयरटेकरों को इस पर गंभीरता से सोचना होगा। पिछले सैकड़ों सालों के दौरान वक्फ संपत्ति के साथ ये लोग कितना इंसाफ कर पाए हैं? यह किसी से छुपा नहीं है। उनके बुजुर्गों ने समाज लिए जो जमीन और अपनी कीमती संपत्ति वक्फ की थी, उनका क्या मकसद था ? क्या इन केयरटेकरों ने उनके मकसद के हिसाब से आम लोगों को या आम मुसलमान को उनका हक देने की कभी कोशिश की या फिर माफिया या बड़े पैसे वालों को वक्फ की संपत्ति चंद पैसों में लेकर सौंप देने का काम किया? अब सरकार ने एक कदम उठाया तो ये लोग क्यों लोग बिलबिला रहे हैं। क्या इन लोगों को पहले नहीं सोचना चाहिए था कि आखिर वक्फ की संपत्ति की बंदरबांट क्यों हो रही है? मुसलमान की शिक्षा और बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए आखिर इन लोगों ने काम क्यों नहीं किया किया। वक्फ संपत्ति का बंदरबाट करना या फिर अपने परिवार के लोगों का लालन-पोषण करना ही इनका मकसद रह गया था? यह बहुत बड़ा सवाल है। इस सवाल का जवाब आज समुदाय की जनता को इन लोगों को देना होगा। आखिर क्यों इस्लामी सिद्धांतों के मुताबिक यह लोग यह इंसाफ नहीं कर पाए। यह बेहद गंभीर मामला है । आगे इस तरह के मसले ना हों तो मुस्लिम रहनुमाओं को अब इस पर पहल करनी होगी। गंभीरता दिखानी होगी और गंभीर मंथन करना होगा। हूबहू इस्लाम में जो मकसद इस तरह के मामलों में दिया गया, उसके अनुरूप काम करना होगा। यदि यह लोग ऐसा करते तो शायद वक्फ संशोधन बिल की आवश्यकता नहीं पड़ती।

हम यह नहीं कहते कि इसको लेकर सरकार की मंशा अच्छी है या बुरी। यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन कहीं ना कहीं तो गड़बड़, भ्रष्टाचार और घोटाले थे और इस गड़बड़ी के विरोध में आज तक कोई भी रहनुमा क्यों नहीं आगेआया । सबसे बड़ा सवाल यही है। आम मुसलमानों को भी इस पर पैनी नजर रखनी होगी। उन्हें रहनुमाओं से सवाल करने होंगे। न कि इस्लाम के नाम पर उनके समर्थन में हां में हां मिलानी होगी। आम लोगों को इस पर सवाल करना चाहिए कि आखिर इसकी नौबत क्यों आई ? आगे उनकी क्या मंशा है?

## सेहत मंत्र

# रोज सेब खाएं, इतने फायदे होंगे कि गिनते रह जाएंगे

आपने अक्सर लोगों के मुंह से सुना होगा कि एन एप्पल इन ए डे, कीप्स द डॉक्टर अवे। अर्थात अगर आप स्वस्थ रहना चाहते हैं तो आपको प्रतिदिन एक सेब का सेवन करना चाहिए। यह जुमला ही सेब के गुणों का बखान करता है। आमतौर पर लोग यह तो जानते हैं कि सेब का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है लेकिन वास्तव में इससे सेहत को क्या लाभ प्राप्त होते हैं, इसके बारे में लोग नहीं जानते। तो चलिए आज हम आपको इससे मिलने वाले कुछ फायदों के बारे में बताते हैं? पाचन तंत्र में लाभदायकः सेब आपके पेट के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसमें वैसे तो फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है लेकिन इसके साथ?साथ यह आपके पेट संबंधी परेशानियों को दूर करने में भी एक अहम भूमिका निभाता है। खासतौर से, जिन लोगों को कब्ज आदि की शिकायत होती है, उन्हें तो विशेष रूप से प्रतिदिन एक सेब का सेवन करना चाहिए। एनिमिया का उपचार : इस बात से तो आप वाकिफ ही होंगे कि भारत देश में अधिकतर लोग एनिमिक हैं। खासतौर से, महिलाओं में आयरन की मात्रा काफी कम पायी जाती है। ऐसे में प्रतिदिन सेब का सेवन करने से उन्हें काफी फायदा होता है क्योंकि इसमें आयरन काफी मात्रा में पाया जाता है। मधुमेह नियंत्रण : भले ही सेब स्वाद में मीठा हो लेकिन फिर भी इसे मधुमेह के रोगियों को खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि यह रक्त में शुगर लेवल को कंट्रोल करने का माद्दा रखती है। दांत बनाए स्वस्थ : शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन वास्तव में सेब आपके दांतों को स्वस्थ बनाने का काम भी करता है। दरअसल, जब आप सेब को चबाकर खाते हैं तो इससे आपके मुंह में लार का उत्पादन तेज होता है। इतना ही नहीं, यह बैक्टीरिया को कम करके दांतों को भी नुकसान पहुंचाने से बचाता है। वेट लॉस में करता है मददः आजकल जिसे देखो, अपने बढ़ते वजन को लेकर चिंतित रहता है। ऐसे लोगों को अपनी डाइट में सेब को अवश्य शामिल करना चाहिए। बहुत से शोध व स्टडी इस ओर इशारा करती हैं कि सेब के सेवन से काफी हद तक वजन कम किया जा सकता है। ऐसा उसमें मौजूद फाइबर के कारण होता है। जब आप सेब का सेवन करते हैं तो आपको काफी देर तक पेट भरे होने का अहसास होता है और आप अतिरिक्त कैलोरी के सेवन से बच जाते हैं।

## धर्म मंत्र

# भगवान विष्णु को समर्पित है अंगकोर वाट मंदिर, बेहद अद्भुत होता है यहां का सूर्योदय

भारत देश अपनी संस्कृति और इतिहास के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। भारत की संस्कृति और पुरातन संस्कृति की झलक पूरे विश्व में देखने को मिलती है। इसका एक उदाहरण कंबोडिया के मध्य में स्थित अंगकोर वाट मंदिर है। इस मंदिर को दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर कहा जाता है। बता दें कि इटली के पोम्पेई को पीछे छोड़ते हुए अंगकोर वाट मंदिर दुनिया का आठवां अजूबा बन गया है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बेहद खूबसूरत मंदिर से जुड़ी कुछ बातों के बारे में जानकारी देने जा रहे है। मुख्य रूप से अंगकोर वाट मंदिर भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित था। हांलाकि बाद में यह मंदिर बौद्ध मंदिर बन गया। मंदिर के मध्य भाग में कमल के आकार की पांच मीनारें बनी हैं, जो सनातन धर्म की खूबसूरती को दर्शाने का काम करती हैं। साथ ही यह मीनारें हिंदू और बौद्ध मान्यताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस मंदिर की दीवारों पर हिंदू और बौद्ध इतिहास की कहानियों की भी झलक देखने को मिलती है। राजा सूर्यवर्मन द्वितीय ने 12वीं शताब्दी में अंगकोर वाट मंदिर का निर्माण करवाया था। इस मंदिर का विश्व स्तर पर एक प्रसिद्ध स्थान है और इसने दुनिया के आठवें अजूबे के रूप में पोम्पेई का स्थान ले लिया। अंगकोर वाट मंदिक एक विशाल धार्मिक स्मारक होने के साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल है। जो करीब 500 एकड़ में बना हुआ है।

## पर्यटन



# बारासात शहर में बसी है बंगाल की संस्कृति

बारासात बंगाली संस्कृति का एक केंद्र है, जहां दुर्गा और काली पूजा के दौरान काफी रौनक रहती है। आपने फिल्मों में अक्सर देखा होगा कि बंगाल की संस्कृति की झलकियां दिखाई जाती हैं। रसगुल्ला, संदेश मिठाई, बंगाली साड़ी जैसी कई चीजें पूरी दुनिया में मशहूर है। लेकिन बंगाल अब बिल्कुल वैसा नहीं रहा, जैसा फिल्मों या टीवी सीरियल्स में दिखाया जाता है ऐसे में अगर आपको बंगाल की संस्कृति की असल झलक देखनी हो, तो आप बारासात शहर में घूम सकते हैं। आइए, जानते हैं क्या है यहां खास। बारासात बंगाली संस्कृति का एक केंद्र है, जहां दुर्गा और काली पूजा के दौरान काफी रौनक रहती है, बारासात पर्यटन ने कोलकाता के स्थानीय लोगों का और दुनिया भर के पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। दुर्गा पूजा के दौरान आपको यहां कई विदेशी देखने को मिलेंगे। हजरत इकदिल शाह की समाधि यहां हिन्दू-मुस्लिम के संगम को दर्शाती है। हजरत इकदिल की याद में यहां हर साल मेला भी लगता है। इसके अलावा यहां पुरानी इमारतें और मंदिर भी बंगाल के इतिहास को बयां करते हैं। यहां आकर आप ऐसी कई चीजें देखने को मिलेगी, जो आपको अपने शहर में नहीं मिल सकती। आप यहां कपास बुनाई के छोटे कुटीर उद्योग भी देख सकते हैं, जो बारासात नगरी का प्रमुख उत्पादक है। आप कोलकत्ता जाने वाली किसी ट्रेन या फ्लाइट से यहां आ सकते हैं। कोलकत्ता के बाद आप किसी टैक्सी या बस से यहां पहुंच सकते हैं। बारासात में कई गेस्ट हाउस है, लेकिन अगर आपको लक्जरी होटल चाहिए, तो आप कोलकत्ता में ठहरकर दिन के समय यहां घूमने आ सकते हैं। अगर आप बारासात आ रहे हैं, तो यहां घूमने-फिरने के साथ यहां के जायकों को न भूलें। आपको यहां स्ट्रीट फूड के बेहतरीन जायके चखने को मिलेंगे। आप यहां नवम्बर से जून महीने में आ सकते हैं। मौसम खुशनुमा रहता है।

# निःस्वार्थ भाव से एक दूसरे की सेवा ही मानव धर्म है : पंकज जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। जयगुरुदेव मथुरा आश्रम के तत्वावधान में शाकाहार-

**जयगुरुदेव की बानी, सुनते जाना नर और नारी**

सदाचार मद्यनिषेध 57 दिवसीय आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा के तेइसवें दिवस का पड़ाव ठाकुरपुरवा में हुआ। यहां आयोजित जयगुरुदेव सत्संग समारोह में संत पंकज जी महाराज ने अपने मुखारबिंद से जनकल्याण और मेल मिलाप धर्म का संदेश दोहराया। उन्होंने कहा कि जन्म-जन्मान्तरों के जब पुण्य उदय होते हैं तब हम सबको यह मनुष्य शरीर प्राप्त होता है। ''मिली नर देह यह तुमको बनाओ काज कुछ अपना। पचो मत आय यहि जग में जानियो रैन का सपना।'' पंक्तियों को उद्धत करते हुये कहा अरे नर, नारियों! इन आंखों से जो कुछ भी हमें दिखाई देता है वह सब माया की छाया है। जब हमारी मौत होती है तो यह सब छूट जाता है तो हमें प्रतीत होता है कि भाई यह तो वास्तव में स्वप्न था। अब कुछ भी साथ नहीं जा रहा। महात्मा समझाते हैं कि मनुष्य शरीर से बढ़कर कोई योनि नहीं है क्योंकि इसी मनुष्य शरीर में परमात्मा से मिलने का एक मात्र दरवाजा है। उस दरवाजे का भेद केवल सन्त महात्मा ही जानते हैं। जिसे पाने के लिये सबसे पहले जरूरी है कि पहले आप मानवतावादी बने। मानव धर्म और कर्म को अपनायें। मानव धर्म क्या है? कि इन्सान, इन्सान के काम आवे। एक-दूसरे की निःस्वार्थ भाव से सेवा करे। सत्य, दया, अहिंसा, परोपकार आदि गुणों को अपने जीवन में उतार करके और किसी सन्त महात्मा की खोज करके उनके बताये रास्तों पर चल करके उस मालिक की भक्ति करके अपनी जीवात्मा का कल्याण करा लें। यही इन्सान का सबसे बड़ा मानव धर्म है लेकिन आज इस कलिकाल में दुनिया के लोग विषय विकारों में, शराबों और कबाबों में, मांस और मदिरा में सुख ढूढ़ने की कोशिश कर रहे। ये चरित्र पतन जैसे कार्यों को अपना करके ये अवाम, ये जनमानस कैसे सुखी हो सकता है? पहले आप चरित्र जैसे धन को इक्ट्ठा करें क्योंकि चरित्र ही सब कुछ है। चरित्र ही मानव धर्म की पूंजी है। महाराज जी ने कहा कि मनुष्य के खून में मांसाहार आदि से जब पशुओं-पक्षियों के बेमेल खून मिल जायेगा तो तरह तरह की बीमारियां आयेंगी। हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने 60-70 दशक पूर्व कहा है कि ''नई-नई बीमारी होगी, एक की दवा सौ में न मिलेगी। तब तुम कैसे बचोगे यार जयगुरुदेव की बानी। सुनते जाना नर और नारी जयगुरुदेव की बानी।।'' इसलिये हमारी आप लोगों से अपील है कि आप सब शाकाहारी बनें और शराब आदि नशीले पदार्थों से दूर रहें ताकि एक अच्छे समाज का निर्माण हो।

उन्होंने वर्तमान में युवा पीढ़ी को नशों की गिरफ्त में होने पर चिन्ता व्यक्त की। आवाहन किया कि देश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचायें। यही नवजवान बच्चे देश की धरोहर हैं। संस्थाध्यक्ष ने कहा संस्था निःशुल्क विद्यालय, निःशुल्क अस्पताल, निःशुल्क भण्डारा (लंगर), निःशुल्क पेयजलापूर्ति धर्मादा कार्यों को करती है। शान्ति व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। इस अवसर पर बाबूलाल यादव, रामचन्द्र यादव, रंजीत कुमार, सुनील कुमार, बबलू, बिहारी लाल आदि मौजूद रहे।

## विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना मवि में टेबलेट वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत बाराबंकी के सिरौली गौसपुर स्थित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी में समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने परास्नातक के 37 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट वितरित किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बदोसराय के प्रधान निसार मेहंदी और बरदरी के प्रधान शिवा भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि श्री यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि टैबलेट का उपयोग केवल शैक्षणिक कार्यों के लिए करें और इसका दुरुपयोग न करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गयाप्रसाद दुबे, अनुपम जायसवाल, बृजेश कुमार यादव और अंशू वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पीएम श्री फुटबॉल टीम मणिपुर रवाना

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। 68वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25, अंडर-19 फुटबॉल टीम में चयनित पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बाराबंकी की पांच बालिकाओं/ खिलाड़ियों, सारा मुबीन (गोलकीपर),मनीषा मिश्रा (राइट विंग),आस्था वर्मा, अनन्या वर्मा व पूर्ति सिंह (डिफेंडर) को माला पहनाकर एवं ट्रैक सूट देकर शुभकामनाओं सहित 15 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक इम्फाल मणिपुर में आयोजित हो रही फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया। राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों को ट्रैक सूट और माला पहनाकर जिला विद्यालय निरीक्षक,बाराबंकी श्री ओ पी त्रिपाठी और लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्य ने उत्साहवर्धन किया और बच्चियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अंजिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्राओं की उपलब्धि को गर्व का पल बताया गया और खिलाड़ियों से पूरे जज्बा और साहस के साथ खेल भावना से खेलने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नंदिता सिंह और क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती मनोरमा चौरसिया भी उपस्थित रहीं।

### पेयजल समस्या हेल्पलाइन नंबर जारी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र के गांव, पंचायतों में पेयजल समस्या के समाधान हेतु बुधवार को ब्लाक कार्यालय से हेल्प लाइन नं जारी किया गया है।जिस पर शिकायत के बाद पेयजल समस्या का समाधान कराया जाएगा।
इसके लिए तीन कार्मिकों को लगाया गया है। जिसमें हेल्पलाइन कन्ट्रोल रूम में नामित कर्मियों में बीसी सिद्धौर बीरेन्द्र कुमार हेल्पलाइन नं 9935358043, 8299454074 को प्रातः 10 बजे से शाम छह बजे तक। सफाईकर्मी रामबली 8787088349, 9984428862 को सायं छह बजे से रात्रि दो बजे तक। सफाईकर्मी पुष्पेन्द्र कुमार 7905669638, 9455277321को प्रातः दस बजे से सायं छह बजे शामिल हैं। उक्त नंबरों पर ग्रामीण पेयजल संबंधी समस्या दर्ज करा सकेंगे। समस्या के समाधान को लेकर ब्लॉक में एक रजिस्टर बनाया गया है।? जिसमें प्रतिदिन की शिकायतें व समाधान संबंधित ब्योरा दर्ज किया जाएगा। बुधवार को कन्हवापुर गांव निवासी रणविजय सिंह, सुहावां गांव निवासी राम इकबाल व असंद्रा स्थित बीज भंडार के समीप लगे इंडिया मार्का हैंडपंप की शिकायत पत्रकार संतोष शुक्ला के द्वारा दर्ज कराई गई ।

### वृहद टीकाकरण अभियान, अधीक्षक ने लिया जायजा

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीएचसी सिरौलीगौसपुर अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में वृहद स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाया गया जिसके तहत 24 केंद्रों पर टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। अधीक्षक ने टीकाकरण केंद्रों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।टीकाकरण अभियान के तहत मरकामऊ, बरदरी, बदोसराय, बरौलिया, किन्तूर, सरदहा, दनापुर शुक्ल, ठाकुरपुर, डूडी महमूदाबाद सीएचसी सिरौली गौसपुर पीएचसी सैदनपुर में स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण किया ।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने किशुन दासपुर बरदरी समेत विभिन्न टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण करके उन्होंने कार्यक्रम की प्रगति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोग बिना किसी झिझक के अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं जिससे उनका जीवन सुरक्षित हो सके आप स्वस्थ हो और आपका परिवार स्वस्थ हो । इस अभियान में एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया।

### विद्या कलश के चार छात्र हरियाणा में होने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में प्रतिभाग हेतु हुये रवाना

अमेठी। विकास खण्ड सिंहपुर के गांव खानापुर चपरा स्थित विद्याकलश हाई स्कूल के स्काउट्स का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर सिरसा हरियाणा में प्रतिभाग हेतु हुआ है।उत्तर प्रदेश से चयनित तीस स्काउट्स में विद्याकलश के चार बच्चों ने अपना स्थान बनाया है। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई गई है।विद्या कलश हाई स्कूल खानापुर चपरा के प्रधानाचार्य नित्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय के स्काउट्स छात्र आकाश तिवारी, ऋतिक सिंह, शैलेश तिवारी एवं हर्षित शुक्ला का चयन राष्टीय एकता शिविर में हुआ है।

## शिक्षिका पूजा ने बढ़ाया जनपद का मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी।विकास खंड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय निंदूरा में कार्यरत शिक्षिका पूजा पांडेय की सेवा से जनपद गौरवान्वित हुआ है।सम्भल जिले के चंदौसी अंतर्गत आटा गांव में आयोजित राज्यस्तरीय दिव्य भव्य नव्य शिक्षोत्सव में नवाचार सम्मान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है।नवाचारों के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संभल ने शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया है।बताते चले कि जिला प्रशासन संभल, बेसिक शिक्षा विभाग एवं मिशन शिक्षण संवाद के संयुक्त तत्वावधान में दिव्य, भव्य, नव्य शिक्षोत्सव का आयोजन किया गया था।कार्यशाला के द्वितीय दिवस को कल्किधाम व पीएमश्री विद्यालय आटा एवं पीएम श्री विद्यालय इटालिया माफी का भ्रमण कराया गया।

## एनएच-27 : लखनऊ अयोध्या हाइवे पर संचालित 13 ढाबा संचालकों को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। एनएच-27ः लखनऊ अयोध्या हाइवे पर मौजूद 13 ढाबा संचालको के विरुद्ध राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नोटिस जारी की है। यह नोटिस हाईवे पर अनाधिकृत प्रवेश को रोकने के लिए जारी की गई है। जिसमें निर्देश दिए गए हैं कि सात दिनों के भीतर यदि उक्त ढाबा संचालक अनधिकृत प्रवेश को नहीं बंद करते हैं। तो उन पर राष्ट्रीय राजमार्ग नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**एनएच -27 द्वारा इन्हें जारी की गई नोटिस**

एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किमी. 25+050 पर ज्योति ढाबा के मालिक श्री अशोक, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किमी 24+750 (एलएचएस) पर फौजी ढाबा के मालिक विनय, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किलोमीटर 26+600 (एलएचएस) पर स्थित दुबई दरबार के मालिक, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किलोमीटर 26+100 (एलएचएस) पर कृष्णा ढाबा के मालिक संदीप, श्री सिंह साहब, गक्क 27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किमी. 24+920 (खक्क्ट) पर कालिका हाईवे ढाबा के मालिक, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किलोमीटर 26+200 (एलएचएस) पर स्थित लक्ष्मी रेस्टोरेंट के मालिक पिंटू यादव, अखिलेश यादव, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किमी 26+450 (आरएचएस) पर वृंदावन ढाबा के मालिक, ओम प्रकाश स्वामी! एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किमी 26+500 (आरएचएस) पर राजन ढाबा के संचालक, सुरेश गोस्वामी, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किमी. 21+550 (बाएं हाथ) पर पंकज फैमिली ढाबा के मालिक, राम रतन, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किमी 26+050 (आरएचएस) पर स्थित राधे राधे ढाबा के मालिक, आलोक, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किमी 21+150 (बाएं हाथ) पर स्थित कालिका हवेली के मालिक, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किलोमीटर 21+750 (आरएचएस) पर यादव ढाबा के मालिक श्री केसरी लाल, श्री राजेश जायसवाल, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किमी 19+850 (बाएं हाथ) पर सैनिक ढाबा के मालिक, एनएच-27 के लखनऊ अयोध्या खंड के किलोमीटर 24+850 (आरएचएस) पर यादव ढाबा के मालिक राकेश यादव को नोटिस जारी की गई। वन विभाग सवालों की घेरे में जानकार सूत्रों की माने तो नेशनल हाईवे पर बड़े पैमाने पर वन विभाग के पेड़ काटकर लोगों द्वारा प्रतिष्ठान स्थापित किए हैं। वन विभाग के कई अधिकारियों के रिश्तेदार प्रमुख हैं। वन विभाग में किसी पर कोई कार्यवाही नहीं की है। सूत्रों की माने त मोटी रकम लेकर वन विभाग कर्मियों ने फाइलें दफ्तर दाखिल कर दी है।

**सवालों में घिरा वन विभाग**

## नहरों में पानी छुड़वाने को लेकर किसानों ने मंडलायुक्त से लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बिन पानी कैसे हो आम की सिंचाई, सिंचाई न होने पर फसल पर पड़ेगा प्रभाव**

काकोरी लखनऊ।अवध आम उत्पादक एवं बागवानी समिति के राष्ट्रीय महासचिव उपेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को मंडला आयुक्त लखनऊ मण्डल को आम की फसल के लिए बागों की सिंचाई हेतु नहरों में पानी छुड़वाने के लिए पत्र लिखकर मांग किया है। उन्होंने कहा कि मंडल के अंतर्गत पांच जिलों में फल पट्टी क्षेत्र है,जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा था कि बौर को देखकर आम की फसल काफी अच्छी है,लेकिन विगत दिनों में गर्मी का प्रकोप अधिक होने से आम की बौरों पर काफी नुकसान हुआ है।लेकिन इसके बावजूद भी गत वर्ष की अपेक्षा में इस वर्ष आम का उत्पादन अधिक होने की प्रबल संभावना है।उपेन्द्र सिंह ने कहा कि यह कहना उचित होगा कि इस समय आमों में सिंचाई की समुचित व्यवस्था न होने के कारण आम के उत्पादन पर असर पड़ रहा है।निजी नलकूप समस्त बागों की सिंचाई करना असंभव है,इसलिए सरकार ने नहरों की व्यवस्था की थी,लेकिन दुर्भाग्यवश अभी तक नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया है।अगर दो-तीन दिन के अन्दर पानी नहरों में नहीं छोड़ा जाता है और बागों की समुचित सिंचाई नहीं होती है तो आम के उत्पादन पर असर पड़ेगा और निर्यात युक्त आम पैदा नहीं हो पायेगा,क्योंकि आम की सिंचाई न होने के कारण आम का साइज/आकार छोटा हो जाता है,जो निर्यात के काबिल नहीं होता है।इसी कारण हमारा निर्यात भी प्रभावित होगा।इस लिए यथाशीघ्र सिंचाई विभाग,नहर विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करें कि यथाशीघ्र नहरों में पानी छोड़कर बागवानों की सिंचाई की समस्या को दूर किया जा सके।ताकि हम किसान निर्यात हेतु आम तैयार कर सके।

### खेत जा रही महिला को ट्रैक्टर ट्रॉली ने मारी टक्कर, मौत

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र में काजीखेड़ा गांव के मजरा मेंड़ई का पुरवा पास खेत जा रही महिला को ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार काजीखेड़ा गांव के मजरा मेंड़ई का पुरवा की रहने वाली संतोष कुमारी 40 बुधवार की सुबह गेहूं काटने के लिए खेत जा रही थी।वह अभी घर से थोडी दूर ही पहुंची थी कि सामने से राम आसरे ब्रिक फील्ड का ट्रैक्टर ट्रॉली पर कच्ची ईंटे लादे लिए आ रहा था।ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टर की रफ्तार तेज होने के चलते वह अनियत्रित हो गया और सामने से आ रही महिला को टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल महिला संतोष कुमारी को लोग इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## लगातार काम करना भाजपा का मूल मंत्र : सुशील त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को इसौली, लंभुआ व कादीपुर विधानसभा में सक्रिय सदस्य सम्मेलन आयोजित हुआ।सभी विधानसभा में तीन सत्रों में तीन वक्ताओं ने सक्रिय कार्यकर्ताओं को पार्टी का इतिहास नीति-रीति, चुनाव व संगठनात्मक यात्रा व सरकार की तमाम उपलब्धियों की जानकारी दी।

इसौली विधानसभा के बल्लीपुर में सक्रिय सदस्य सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने चुनावी एवं संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा की। कहा भाजपा किए गए वादों को पूरा करने वाली पार्टी है। इसीलिए स्थापना के 45 साल बाद पार्टी केन्द्र के अलावा 20 से अधिक राज्यों में स्वयं या सहयोगियों के साथ सत्ता में हैं।आज भाजपा की विचारधारा गांव-गांव पहुंच रही है। यह भी कहा भाजपा के लिए अब राजनीति फुल टाइम जॉब हैं। यह भी कहा 2027 में इसौली समेत पांचों विधानसभा में जीत का परचम फहराएंगे। डॉ एमपी सिंह ने भारतीय राजनीति में लाएं गए परिवर्तन पर मार्गदर्शन दिया। कहा भाजपा ने राजनीति में नए आयाम दिए।एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा भाजपा सरकार विकास व सुशासन की पर्याय बन चुकी है।

कार्यक्रम में घनश्याम चौहान, आनन्द द्विवेदी, लालमणि सिंहआनन्द जायसवाल, डॉ डीएस मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, राजेश सिंह, राजित राम, विकास शुक्ला, बबिता तिवारी, मनीषा पाण्डे, सर्वेश मिश्रा, राजेन्द्र वर्मा, विक्की वर्मा, भूपेंद्र पाठक, विजय लक्ष्मी शुक्ला, अनिल सिंह,शेर बहादुर सिंह, राजेश मिश्रा, योगेंद्र सिंह,डॉ राममूर्ति वर्मा,विशाल जायसवाल, अवधेश शर्मा,राम जतन यादव,जग प्रसाद वर्मा, दिनेश चौरसिया,श्रवण मिश्रा, कुंवर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहेंगे।

## समान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर वितरण किया परीक्षा फल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में सत्र 2024-25 का परीक्षाफल वितरण एवं सम्मान समारोह तथा कक्षा 5 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संतराम तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जागन लाल द्वारा संयुक्त रूप से मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। विद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं विभिन्न सदस्यों का बैज लगाकर स्वागत किया और विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए समां बांध दिया। विद्यालय की छात्राओं आस्था, गुंजन, सोनी, सुहानी, चित्रा और साधना ने बेटी हूं मैं बेटी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इसी प्रकार झलक वर्मा,सोनाक्षी,आस्था शर्मा, साधना देवी,पल्लवी, प्रांशी और साधना ने कान्हा बरसाने में आ जइयो गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ विभव सक्सेना ने अभिभावकों व संरक्षकों से परीक्षा परिणाम साझा किया तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने विभिन्न विद्यार्थियों की शैक्षिक संप्राप्ति के बारे में चर्चा की। साथ ही विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे जाने हेतु सभी को प्रेरित किया। सम्मान समारोह के अंतर्गत सत्र 2024-25 हेतु विभिन्न मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा एक में दीक्षा, योगिता और निर्मला, कक्षा 2 में आराध्या, साधना वर्मा एवं सोनाक्षी और कक्षा तीन में आर्यन कुमार मौर्य, आस्था शर्मा और आकाश क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किए गए।इसी प्रकार कक्षा 4 में कौशल राज और कृष्णा प्रथम, झलक वर्मा एवं अतुल कुमार द्वितीय तथा ऋषभ तृतीय जबकि कक्षा 5 में मीनाक्षी वर्मा प्रथम, रजनी द्वितीय और राजन तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किए गये। सत्र 2024-25 में सर्वाधिक उपस्थिति के लिए प्रांश, बरखा,दीक्षा,आर्यन कुमार मौर्य, झलक वर्मा, अतुल कुमार, कृष्णा, दीपमाला और सुरेंद्र वर्मा को पुरस्कार दिया गया जबकि अनुशासन, स्वच्छ गणवेश,शिक्षणेत्तर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने तथा एक क्लब संबंधी गतिविधियों में सक्रिय योगदान करने हेतु योगिता, रिंकी,धर्मेंद्र कुमार, रेनू कुमारी,मानव, ऋषभ, सोनाक्षी, दीपमाला, प्रकाश, विपिन, दीपक, प्रिंस, गुंजन, हेमलता, निशांत, अश्विनी देवी, रोशनी,मीनाक्षी वर्मा, शिवा,आकाश, रश्मि वर्मा, खुशबू, अंजली देवी, ऋषभ और संध्या वर्मा आदि विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुई छात्रा रजनी की माता हेमवती को भी सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में कक्षा 5 उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इन विद्यार्थियों के भावुक होने पर शिक्षकगण भी अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नहीं रख सके और उनकी आंखें भी छलक आईं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने बच्चों को समझाया कि यह विद्यालय उनका अपना ही है और वे जब चाहें,अपने शिक्षकों से मिलने विद्यालय में आ सकते हैं। उन्होंने कक्षा 5 उत्तीर्ण सभी छात्र- छात्राओं को खूब मन लगाकर पढ़ने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हीराकली,मीरा देवी, गोदावरी, सुनीता देवी, रीना देवी, जगदीश प्रसाद, मनोज कुमार, शोभाराम, लालाराम, रोशन लाल, देवकी देवी तथा शकुंतला देवी आदि अभिभावकों सहित ममता देवी, अंजना शुक्ला और प्रगति धामी उपस्थित रहीं हैं।

# ऐसे आयोजनों के लिए सरकार हमेशा खड़ी रहेगी: ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## आईडीसीए छठवीं राष्ट्रीय बधिर महिला क्रिकेट चैंपियनशिप का समापन

लखनऊ। आईडीसीए और डेफ वीमेन वेलफ़ेयर फाउण्डेशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश डेफ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छठे पांच दिवसीय टी-10 नेशनल चैम्पियनशिप का आज के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में समापन हुआ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी बच्चों और आयोजकों को बधाई, जिन्होंने हमारे इन बधिर बच्चों को क्रिकेट खेलने के लिए सुनहरा अवसर प्रदान कराया। जहां उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए अच्छे क्रिकेट का प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि मैं आयोजकों की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूं और आभार प्रगट करता हूं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विशेष रूप से विश्वास स्वरूप अग्रवाल को बधाई देता हूं, जिन्होंने बच्चों के लिए बहुत

### खेल में कौशल दिखाना महत्वपूर्ण है, जीतना बोनस: विश्वास स्वरूप

### डिप्टी सीएम ने आयोजकों और मुख्य सहयोगकर्ता आईपीएल कम्पनी को दी बधाई

सहयोग किया। मैं एसोएिशन को भरोसा दिलाता हूं कि मैं स्वयं और मेरी सरकार की जरूरत जहां भी होगी वहां पर हम हमेशा खड़े दिखाई देंगे।

इण्डिया पेस्टीसाइड्र्सि लि. के निदेशक विश्वास स्वरूप अग्रवाल ने कहा कि मैं राष्ट्रीय और राज्य बधिर क्रिकेट एसोसिएशन दोनों का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूँ, जो इस तरह के शानदार आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा मैं सभी खिलाडि़यों को बधाई देता हूं। मैं खुद एक खिलाड़ी हूँ और मेरा



दृढ़ विश्वास है कि खेल में भाग लेना और अपना कौशल दिखाना ज़्यादा महत्वपूर्ण है, जीतना एक बोनस है। यह हमारे कौशल का जश्न मनाने का समय है। समापन समारोह में डेफ वुमेन वेलफ़ेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष माधुरी हलवासिया, डेफ वुमेन वेलफ़ेयर फाउंडेशन की उपाध्यक्ष निवेदिता सिंह, आईडीसीए की अध्यक्ष सुमित जैन, डीडब्ल्यूडब्ल्यूएफ की सक्रेटरी मिनी गोपाल, यूपी आगरा चैप्टर की राधा कंकरिया, आईडीसीए की सीईओ रोमा बलरानी, यूपीडीसीए के जनरल सेक्रेटरी आशीष बाजपेयी, सुधीर हलवासिया, टूर्नामेन्ट की ब्राण्ड एम्ब्रेस्डर सफीना खान प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

छठे पांच दिवसीय टी-10 नेशनल चैम्पियनशिप में महाराष्ट्र्रि की टीम विजेता रही और दिल्ली की टीम दूसरे स्थान पर रही। उपमुख्यमंत्री ने विजेता टीम को ट्राफी दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञात रहे मूक एवं बधिर महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी खेल प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित इस टूर्नामेंट में दस टीमों ने भाग लिया। जिसमें पंजाब, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, केरल, दिल्ली, चण्डीगढ़, तेलंगाना, महाराष्ट्र्रि और मध्य प्रदेश की बधिर महिलाओं की टीमें शामिल हैं। यह चैम्पियनशिप पहली बार डीडब्ल्यूडब्ल्यूएफ के साथ मिलकर हो रही है। इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के सहयोग से यह आयोजन हुआ।

# नीरज चोपड़ा 16 मई को दोहा डायमंड लीग के साथ करेंगे सीजन की शुरुआत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के डबल ओलंपिक पदक विजेता, भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह 2025 सीजन की शुरुआत कतर की राजधानी दोहा में 16 मई को होने वाली डायमंड लीग मीट से करेंगे।


टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड और फिर 2024 पेरिस ओलंपिक में सिल्वर पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह एक बार फिर से दोहा में दुनिया के सबसे जोशिलें एथलेटिक्स दर्शकों के सामने प्रदर्शन करने का इंतजार कर रहे हैं। चोपड़ा ने 2023 में कतर स्पोर्ट्स क्लब में 88.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की थी। अपने तीसरे दोहा दौरे से पहले उन्होंने कतर में भारतीय प्रशंसकों से मिलने वाली भरपूर समर्थन का जिक्र किया और कहा, ल्लमैं हमेशा कतर में भारतीय लोगों से मिलने वाली तारीफों से अभिभूत हो जाता हूँ, और इसके लिए शब्दों की कमी महसूस होती है। 27 वर्षीय चोपड़ा, जिनका कोच अब चेक गणराज्य के विश्व रिकॉर्डधारी और ओलंपिक एवं विश्व चैंपियन जान जेलेज़नी हैं, ने भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाईयों तक पहुँचाया है। वह ओलंपिक गोल्ड और विश्व चैंपियनशिप गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बने। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग मीटिंग जीतने और डायमंड लीग टाइटल जीतने वाले पहले भारतीय का गौरव भी प्राप्त किया। हालांकि, पिछले सीजन में चोपड़ा को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक फाइनल में अर्जद नदीम से दूसरे स्थान पर रहे, जबकि डायमंड लीग फाइनल में एंडरसन पीटर्स से भी दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने कहा, पिछला साल मेरे लिए बहुत कुछ सिखाने वाला था, लेकिन मुझे भारतीय ध्वज के नीचे ओलंपिक खेलों में पदक जीतने पर गर्व है। अब मैं पूरी तरह फिट हूं और जान जेलेज़नी के साथ मेहनत कर रहा हूं। मुझे दोहा में अपने सीजन की शुरुआत का बेसब्री से इंतजार है।

उन्होंने कहा, कतर स्पोर्ट्स क्लब में दर्शक हमेशा ही जोर से उत्साहित होते हैं, और मुझे लगता है कि यह हमारे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बाहर लाता है। मुझे पता है कि यहाँ के दर्शक मुझसे बड़ी उम्मीदें रखते हैं, और अगर अच्छे हालात और शानदार माहौल हो, तो यह संभव है। मेरे लिए स्थिरता अधिक महत्वपूर्ण है, जो मुझे लगता है कि मेरी सबसे बड़ी ताकत है, सिर्फ एक नंबर का पीछा करने से ज्यादा। दोहा मीट के बाद, चोपड़ा 24 मई को पंचकुला में 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' जेवलिन इवेंट में भी हिस्सा लेंगे।

# आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैक्सवेल पर लगा जुर्माना, दिया गया एक डिमेरिट अंक

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में पंजाब किंग्स का प्रतिनिधित्व कर रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर मंगलवार रात चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मोहाली में खेले गए मुकाबले के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ दिया गया है।



आईपीएल की ओर से जारी बयान में बताया गया कि मैक्सवेल ने लेवल 1 का उल्लंघन स्वीकार किया है, जो आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत आता है। यह अनुच्छेद मैच के दौरान फिक्सचर्स और उपकरणों के दुरुपयोग से जुड़ा है। हालांकि, आईपीएल ने स्पष्ट नहीं किया कि मैक्सवेल ने क्या नुकसान पहुंचाया। लेकिन उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी के फैसले को भी मान लिया। इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी की थी। मैक्सवेल नंबर 6 पर बल्लेबाज़ी करने आए लेकिन दूसरी ही गेंद पर रविचंद्रन अश्विन के हाथों कैच एंड बॉल्ड होकर पवेलियन लौट गए। हालांकि, गेंदबाज़ी में उन्होंने चेन्नई की पारी में पहला झटका दिलाया और रचिन रविंद्र को स्टंपिंग के ज़रिए आउट कराया। आईपीएल 2025 में अब तक मैक्सवेल का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका है। उन्होंने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली ही गेंद पर शून्य बनाया था। दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 30 रन (21 गेंदों में) बनाए थे। अब तक उन्होंने कुल तीन विकेट भी झटके हैं। हालांकि, पंजाब किंग्स ने अपने चार में से तीन मुकाबले जीते हैं। पंजाब किंग्स का अगला मुकाबला शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में खेला जाएगा। देखना दिलचस्प होगा कि मैक्सवेल इस बार बल्ले से अपनी फॉर्म वापस पाते हैं या नहीं।

# सुरुचि और विजयवीर ने भारत को दिलाए दो स्वर्ण

एजेंसी

नई दिल्ली। ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में मंगलवार को भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन को पदक तालिका में पछाड़ दिया है। सुरुचि सिंह और विजयवीर सिद्धू ने अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर भारत की झोली में कुल चार स्वर्ण पदक डाल दिए। 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में दमदार वापसी करते हुए चीन की तीन निशानेबाजों को पीछे छोड़ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। फाइनल के नौवें शॉट तक सुरुचि केवल कियान वेई से पीछे थीं, लेकिन एक दुर्लभ 8.9 स्कोर ने उन्हें चौथे स्थान पर पहुंचा दिया। इसके बावजूद



उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और 10.7 तथा 10.8 जैसे शॉट्स के दम पर बढ़त बना ली। चार एलिमिनेशन के बाद वेई के साथ उनकी बढ़त 0.5 अंकों की थी। ओलंपिक मेडलिस्ट जियांग रैनशिन ने शूट-ऑफ में याओ कियानसुन को हराकर कांस्य पदक जीता। क्वालिफिकेशन में भी सुरुचि ने 583 स्कोर के साथ टॉप किया था। चीन की वेई (582-23ब) और रैनशिन (582-17ब) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में विजयवीर सिद्धू ने खराब शुरुआत के बावजूद शानदार वापसी करते हुए गोल्ड मेडल जीता। पहले सीरीज में उन्होंने केवल एक शॉट पर निशाना लगाया था, लेकिन अगली तीन सीरीज में चार-चार निशाने लगाकर वह दूसरे स्थान पर पहुंच गए। जैसे ही रूस के इवान सेमिनिखिन बाहर हुए, विजयवीर ने पांच हिट के साथ मुकाबले पर पकड़ बनानी शुरू की। अंत में भारत के विजयवीर और इटली के रिकार्डो माजेट्टी 25 हिट के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे।

चीन के यांग यूहाओ को 23 हिट के साथ कांस्य से संतोष करना पड़ा। अन्य भारतीय गुरप्रीत सिंह (10वें स्थान पर, 575 अंक) और अनीश भनवाला (13वें स्थान पर, 570 अंक) फाइनल में जगह नहीं बना सके।

# प्रो पंजा लीग का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीज़न 5 अगस्त से

एजेंसी

मुंबई।। भारत की सबसे रोमांचक और तेजी से लोकप्रिय हो रही आर्म रेसलिंग लीग प्रो पंजा लीग का दूसरा सीजन 5 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। लीग का पहला सीजन काफी सफल रहा था, जिसे लाखों दर्शकों ने देखा और पसंद किया।

ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार पहले सीजन ने सोनी स्पोर्ट्स और दूरदर्शन पर कुल मिलाकर 3.2 करोड़ यूनिक व्यूअर्स बटोरे थे, जो कई नई लॉन्च हुई लीग्स से कहीं ज्यादा रहा। इस सफलता को देखते हुए आयोजक अब दूसरे सीजन को और भी बड़े स्तर पर लाने को तैयार हैं। लीग आईपीएल स्टाइल फॉर्मेट में खेली जाएगी, जिसमें कई फ्रेंचाइज़ियां एक-दूसरे से भिड़ेंगी। 17 दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का हर मुकाबला रोमांच से भरपूर होगा। पहले सीजन में कोच्चि केडी ने खिताब अपने नाम किया था और अब सभी की निगाहें नए चैम्पियन पर टिकी होंगी। लीग का सीजन 2 ऐसे समय में शुरू हो रहा है, जब ठीक एक दिन पहले ही भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज 4 अगस्त को समाप्त होने जा रही है।क्रिकेट के बाद अब आर्म रेसलिंग का रोमांच भरपूर एंटरटेनमेंट देगा। लीग के सह-संस्थापक परवीन डबास ने बताया, ल्लपहले सीजन को जैसी प्रतिक्रिया मिली, हम उससे गदगद हैं। अब आर्म रेसलिंग सिर्फ़ खेलने का शौक नहीं रहा, यह अब प्रोफ़ेशनल स्पोर्ट बन चुका है। इस बार प्रतियोगिता का स्केल भी कहीं ज्यादा बड़ा होगा। उन्होंने आगे बताया कि हाल ही में मिजोरम में हुए प्रो पंजा मेगा मैचों में 15 से 20 हजार दर्शकों ने लाइव मुकाबले देखे। डबास ने विश्वास जताया कि दूसरे सीजन के बाद लीग और भी ज्यादा घर-घर पहुंच जाएगी।

# आईपीएल 2025 : क्रिकेट जगत के नए सुपरस्टार बने प्रियांश आर्य

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल 2025) की एक रात, जिसे प्रियांश आर्य कभी नहीं भूल पाएंगे—और शायद क्रिकेट प्रेमी भी नहीं। मंगलवार को पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए इस 24 वर्षीय बल्लेबाज़ ने महज 42 गेंदों में 103 रन ठोक दिए। पहली ही आईपीएल सीज़न, पहला ही शतक और वह भी ऐसे अंदाज़ में कि सोशल मीडिया पर उनकी पारी के वीडियो वायरल होने लगे। क्रिकेट के इस महाकुंभ में यह किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा डेब्यू था। प्रियांश ने अपनी पारी की शुरुआत ही धमाकेदार अंदाज़ में की। मैच की पहली ही गेंद पर खलील अहमद को डीप पॉइंट के ऊपर से छक्का जड़ा और पहले ओवर में कुल 16 रन बटोरे। शुरुआत से ही वह आक्रामक तेवरों में नजर आए और विकेट गिरने के बावजूद



अपनी लय में बने रहे। उनकी 103 रनों की पारी में 7 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। मैच के बाद पंजाब किंग्स के असिस्टेंट कोच ब्रैड हैडिन ने प्रियांश की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, पहली ही प्रैक्टिस गेम में हमें पता चल गया था कि यह लड़का कुछ खास है। जब जोफ्रा आर्चर की गेंद पर आउट हुआ था, तब भी उसने माना कि वो एक बेहतरीन बॉल थी। लेकिन आज उसने दिखा दिया कि वह कितनी तेजी से सीखता है और कितना दमदार खिलाड़ी है। प्रियांश आर्य ने 2024 में दिल्ली प्रीमियर लीग में तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब उन्होंने एक ही ओवर में लगातार छह छक्के जड़े थे। दक्षिण दिल्ली सुपरस्टार्ज़ के लिए खेलते हुए उन्होंने 120 रन बनाए थे जिसमें 10 चौके और 10 छक्के शामिल थे। उस पारी में उनकी टीम ने 308/5 का विशाल स्कोर खड़ा किया था। 2023-24 की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में प्रियांश दिल्ली के टॉप रन स्कोरर रहे थे। उन्होंने 7 पारियों में 222 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल था जो उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के खिलाफ 10 छक्के लगाकर पूरा किया था। आईपीएल 2024 की नीलामी में वह नहीं बिके थे, लेकिन इस बार पंजाब किंग्स ने उन्हें 3.8 करोड़ में खरीदकर टीम में शामिल किया ऽ और अब उन्होंने दिखा दिया कि वह इस कीमत के हर रुपये के हकदार हैं।

# आरबीआई के रेपो दर घटाने के बावजूद बाजार में गिरावट

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में लगातार दूसरी बार कटौती करने और मौद्रिक नीति का रुख 'तटस्थ' से 'समर्थनात्मक' करने के बावजूद वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने से घबराए निवेशकों की आईटी, रियल्टी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत 18 समूहों में हुई भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार गिर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 379.93 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 73,847.15 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 136.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत लुढ़ककर 22399.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हावी रही, जिससे मिडकैप 0.73 प्रतिशत टूटकर 39,546.54 अंक और स्मॉलकैप 1.08 प्रतिशत कमजोर रहकर 44,446.07 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4030 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2356 में गिरावट जबकि 1532 में तेजी रही वहीं 142 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखे गए कुल 2909 कंपनियों के शेयरों में से 1747 में बिकवाली जबकि 1083 में लिवाली हुई वहीं 79 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, चीन पर 104 प्रतिशत टैरिफ लागू होने की संभावना ने वैश्विक वित्तीय बाजारों में भारी उथल-पुथल मचा दी है। हालात इतने खराब हैं कि विश्लेषक इसे ''सड़कों पर खून बहने'' जैसी स्थिति बता रहे हैं। अनिश्चितता का माहौल सर्वोच्च है और यह कहना कठिन है कि वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था इस अराजकता से कैसे बाहर निकलेंगे। हालांकि इस गिरावट को अवसर में बदलने वाले निवेशकों के लिए यह समय अनुकूल हो सकता है बशर्ते वे लंबी अवधि की सोच रखते हों और उतार-चढ़ाव का सामना करने को तैयार हों। इस अस्थिरता के बीच दो बातें स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई हैं। भारत दुनिया की उन गिनी-चुनी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से है, जो इस ''ट्रंप टैरिफ झटके'' से सबसे कम प्रभावित होंगी। घरेलू उपभोग आधारित भारत की अर्थव्यवस्था में वह लचीलापन है जो वैश्विक झटकों को काफी हद तक झेल सकती है। आज आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक मौद्रिक प्रोत्साहन प्रदान करेगा।साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट भारत जैसे आयातक देश के लिए एक बड़ी राहत है, जिससे महंगाई और चालू खाता घाटे पर भी सकारात्मक असर पड़ सकता है।हालांकि, विश्लेषकों ने आगाह किया है कि यदि वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी या उससे भी बदतर, मुद्रास्फीति के साथ मंदी की चपेट में आती है तो इसका असर भारत पर भी पड़ेगा। निवेशकों को इन जोखिमों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। भारी बिकवाली से बीएसई के 18 समूह लुढ़क गए। इस दौरान कमोडिटीज 0.72, सीडी 0.52, ऊर्जा 0.50, वित्तीय सेवाएं 0.71, हेल्थकेयर 1.20, इंडस्ट्रियल्स 1.42, आईटी 2.01, दूरसंचार 0.42, यूटिलिटीज 0.34, बैंकिंग 0.86, कैपिटल गुड्स 1.65, धातु 1.44, तेल एवं गैस 0.36, पावर 0.46, रियल्टी 2.00, टेक 1.57, सर्विसेज 0.02 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 2.19 प्रतिशत टूट गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 2.44, जर्मनी का डैक्स 2.90 और जापान का निक्केई 3.93 प्रतिशत कमजोर रहा वहीं हंगांकांग का हैंगसेंग 0.68 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.31 प्रतिशत उछल गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 123 अंक गिरकर 74,103.83 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 74,103.83 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

# लंदन में भारत-ब्रिटेन निवेशक गोलमेज सम्मेलन में 60 निवेशकों ने लिया हिस्सा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने लंदन में भारत-ब्रिटेन निवेशक गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन में विभिन्न पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिटेन के करीब 60 निवेशकों ने हिस्सा लिया। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को एक्स पोस्ट में बताया कि मंगलवार शाम आयोजित उच्चस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में नीतिगत समर्थन के साथ सतत आर्थिक वृद्धि और निवेश अवसरों को सक्षम बनाने के लिए सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया गया, जिसके जरिए ''न्यू इंडिया'' को आकार दिया जा रहा है। वित्त मंत्री ने नीतिगत समर्थन के साथ सतत आर्थिक विकास और निवेश अवसरों को सक्षम करने के लिए भारत सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया, जो नए भारत को आकार दे रहा है। उन्होंने इस सम्मेलन में अनुपालन बोझ को कम करने और व्यापार एवं निवेश के लिए सक्षम वातावरण की सुविधा के लिए विनियमन को आसान बनाने के लिए प्रक्रिया और शासन सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

<table>
<tr><td>01</td><td colspan="2">कार्य का नाम : ओवरहालिंग ऑफ एस्कॉर्ट्स मेक एक्सल माउंटेड डिस्क ब्रेक सिस्टम ऑफ एल. एच. बी. कोचेस।</td></tr>
<tr><td>02</td><td colspan="2">कार्य स्थल : सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ</td></tr>
<tr><td>03</td><td colspan="2">अनुमानित लागत : रु. 4,30,58,560.00 मात्र।</td></tr>
<tr><td>04</td><td colspan="2">निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य।</td></tr>
<tr><td>05</td><td colspan="2">बिड सिक्युरिटी : रु. 3,65,300/- मात्र।</td></tr>
<tr><td>06</td><td colspan="2">कार्य पूर्ण करने की अवधि : 02 वर्ष।</td></tr>
<tr><td>07</td><td colspan="2">निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : दिनाँक– 15.04.2025 से 29.04.2025 समय 15:00 बजे तक।</td></tr>
<tr><td>08</td><td colspan="2">प्रमाणपत्र : फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure- A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए।</td></tr>
<tr><td>09</td><td colspan="2">खुलने का समय : निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है।</td></tr>
<tr><td>10</td><td>कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है</td><td rowspan="2">निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट – www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।</td></tr>
<tr><td>11</td><td>वेबसाईट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है</td></tr>
</table>

सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू-ईनिविदा-21 दिनाँक: 07.04.2025 1068/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भारत प्रवासियों के साथ मजबूत संबंध तथा उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : मुर्मु

एजेंसी

लिस्बन/ नयी दिल्ली। पुर्तगाल की यात्रा पर गयी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत अपने प्रवासियों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने तथा उनका कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां भारतीय समुदाय द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने कहा ल्लप्रवासी भारतीय दिवसङ्क भारत सरकार के कैलेंडर में एक प्रमुख और उच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। सरकार ने प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और कुशलता सुनिश्चित करने के लिए संकट के समय सहयोग के लिए कई पहलें की हैं। उन्होंने कहा, भारतीय मिशन विदेश में हर भारतीय की सहायता करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि आप चाहे कहीं भी हों, आपकी मातृभूमि हमेशा आपके साथ है ! मैं अपनी जड़ों से जुड़े रहने, पुर्तगाल में भारतीय संस्कृति को जीवित रखने भारत के प्रति अपने स्नेह, और भारतीय ध्वज को ऊंचा फहराए रखने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल के साथ भारत के ऐतिहासिक और घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। द्विपक्षीय संबंध समय के



साथ और भी प्रगाढ़ हो रहे हैं। दोनों देश कई क्षेत्रों, जैसे व्यापार एवं वाणिज्य, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, प्रवास और संस्कृति, में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि पुर्तगाल में लघु लेकिन अत्यंत सार्थक प्रवास के दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों को महसूस किया, जो भारतीय कला, संस्कृति एवं खान-पान, योग एवं आयुर्वेद की लोकप्रियता में देखे जा सकते हैं। उन्होंने कहा मैंने यह भी देखा कि लिस्बन की कई सड़कों के नाम भारत से संबंधित हैं, जिनमें 'महात्मा गांधी एवेन्यू' भी शामिल है। मुझे गांधीजी और कस्तूरबा जी की भव्य प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल में भारतीय समुदाय राजनीति से लेकर व्यवसाय तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर साहित्य एवं पत्रकारिता तक, और मानव कार्यों से जुड़े अन्य सभी क्षेत्रों में मौजूद है।

पुर्तगाल में भारतीय छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है जो विभिन्न विषयों में उच्च अध्ययन एवं शोध कर रहे हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2025 का विशेष महत्व है क्योंकि भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुर्तगाल के राष्ट्रपति के साथ उन्होंने इस उपलक्ष्य में विशेष डाक टिकट जारी किया। यह उत्सव दोनों देशों के इतिहास और प्रगतिशील विचारों का भी उत्सव है। उन्होंने कहा , ल्ल यह हमारे लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों, तथा भारत और पुर्तगाल दोनों के विचारों का उत्सव है। यह उत्सव विश्व शांति और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता, और दोनों देशों के लोगों की समृद्धि और विकास के लिये एक-दूसरे को दिए जाने वाले समर्थन के लिए है। उन्होंने कहा कि भारत परिवर्तन के पथ पर है। पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा की गई पहल, शासन व्यवस्था में परिवर्तन, और लोगों की रचनात्मक ऊर्जा को गतिशील करने में योगदान दे रही है। उन्होंने कहा, ल्ल हम इस दशक के अंत तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

# राफ़ेल मरीन से लैस होगा आईएनएस विक्रांत

एजेंसी

❐ भारतीय नौसेना को मिलेंगे 26 राफ़ेल-एम जेट, भारत ने खरीद को दी मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को फ्रांस से करीब 64,000 करोड़ रुपये की लागत से नौसेना के लिए 26 राफ़ेल लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस खरीद परियोजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) ने मंजूरी दे दी है।

जुलाई 2023 में, रक्षा मंत्रालय ने मुख्य रूप से स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस 'विक्रांत' पर तैनाती के लिए फ्रांस से 26 राफ़ेल-एम (मरीन) जेट खरीदने को मंजूरी दी थी। मंत्रालय ने फ्रांस से तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद को भी मंजूरी दे दी थी। हालांकि, सीसीएस ने अभी तक इस परियोजना को मंजूरी नहीं दी है। भारतीय नौसेना की 'परियोजना 75' के तहत, फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा भारत में पहले ही छह स्कॉर्पीन पनडुब्बियों का निर्माण किया जा चुका है। हथियार प्रणालियों और कल-पुर्जों सहित संबंधित सहायक उपकरणों के साथ राफ़ेल (एम) जेट की खरीद एक अंतर-सरकारी समझौते पर आधारित होगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने यूनुस के साथ मुलाकात के दौरान बांग्लादेश में कट्टरपंथ का मुद्दा उठाया : जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के बीच हुई बैठक में भारत ने पड़ोसी देश को, उसके यहां अल्पसंख्यकों पर हमलों और कट्टरपंथ को लेकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया था। जयशंकर ने बांग्लादेश में नए सिरे से चुनाव कराने के लिए भारत के प्रयास को रेखांकित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए चुनाव आवश्यक हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ''हमसे अधिक कोई अन्य देश बांग्लादेश का बेहतर शुभचिंतक नहीं हो सकता। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना सरकार का पतन हो गया था। उस घटना के बाद मोदी और यूनुस की बैंकाक में पहली बार मुलाकात हुई थी। जयशंकर ने न्यूज 18 राइजिंग भारत शिखर सम्मेलन में कहा, ''मुझे लगता है कि बैठक में हमारी ओर से जो मुख्य संदेश सामने आया, वह यह है कि ऐतिहासिक कारणों से बांग्लादेश के साथ हमारा रिश्ता बहुत ही अनोखा है। यह मूल रूप से लोगों से लोगों का जुड़ाव है। उन्होंने कहा, ''बांग्लादेश के लिए हमसे अधिक कोई अन्य देश बेहतर की कामना नहीं करता; यह हमारे डीएनए में है। एक शुभचिंतक और मित्र के रूप में, मैं आशा करता हूं कि वे सही रास्ते पर चलें और सही काम करें।' जयशंकर ने कहा कि भारतीय पक्ष बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति पर अपनी चिंताओं को साझा करने में खुला रूख रखता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और यूनुस की मुलाकात से जुड़े सवाल पर कहा, ''हम कट्टरपंथी प्रवृत्तियों से चिंतित हैं। हमें अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर चिंता है।

# पेज एक का शेष

## आर्थिक विकास...

के माध्यम से प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से निरंतर मांग, शहरी खपत में प्रत्याशित पुनरुद्धार, बढ़े हुए सरकारी पूंजीगत व्यय द्वारा समर्थित निश्चित पूंजी निर्माण की अपेक्षित वसूली, उच्च क्षमता उपयोग और कॉर्पोरेट एवं बैंकों की स्वस्थ बैलेंस शीट से विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद है। मौजूदा समय में अनिश्चित प्रतीत होने वाले उभरते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य से व्यापारिक निर्यात पर दबाव पड़ेगा जबकि सेवाओं के निर्यात में लचीलापन बनाए रखने की उम्मीद है। आपूर्ति पक्ष पर, जबकि कृषि संभावनाएं उज्ज्वल दिखाई देती हैं, औद्योगिक गतिविधि में सुधार जारी है और सेवा क्षेत्र के लचीले होने की उम्मीद है। वैश्विक व्यापार व्यवधानों से होने वाली प्रतिकूलताएं नीचे की ओर जोखिम पैदा करती रहती हैं। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत तय किया गया है। उन्होंने कहा कि जनवरी-फरवरी 2025 के दौरान सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति में संचयी 1.6 प्रतिशत अंकों की गिरावट आई, जो दिसंबर 2024 में 5.2 प्रतिशत से फरवरी 2025 में 3.6 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई। इस वर्ष सब्जियों की कीमतों में मजबूत मौसमी सुधार के कारण, फरवरी में खाद्य मुद्रास्फीति 21 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई। ईंधन समूह में अपस्फीति बनी रही। दिसंबर 2024-जनवरी 2025 में स्थिर रहने के बाद कोर मुद्रास्फीति फरवरी 2025 में 4.1 प्रतिशत तक बढ़ गई, जो मुख्य रूप से सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से प्रेरित थी। उन्होंने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति का दृष्टिकोण निर्णायक रूप से सकारात्मक हो गया है। सब्जियों की कीमतों में पर्याप्त और व्यापक मौसमी सुधार हुआ है। रबी फसलों पर अनिश्चितताएं काफी कम हो गई हैं और दूसरे अग्रिम अनुमानों में पिछले वर्ष की तुलना में रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और प्रमुख दालों के अधिक उत्पादन की ओर इशारा किया गया है। खरीफ की मजबूत आवक से खाद्य मुद्रास्फीति में स्थायी नरमी की स्थिति बनने की उम्मीद है। तीन महीने और एक साल की अवधि के लिए मुद्रास्फीति की उम्मीदों में तेज गिरावट से आगे चलकर मुद्रास्फीति की उम्मीदों को स्थिर रखने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए अच्छा संकेत है। वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं और प्रतिकूल मौसम संबंधी आपूर्ति व्यवधानों की पुनरावृत्ति पर चिंता मुद्रास्फीति के प्रक्षेपवक्र के लिए जोखिम पैदा करती है। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए और सामान्य मानसून मानते हुए, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति 4.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें पहली तिमाही 3.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही 3.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही 3.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही 4.4 प्रतिशत रहेगी। जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। श्री मल्होत्रा ने कहा कि एमपीसी ने नोट किया कि मुद्रास्फीति वर्तमान में लक्ष्य से नीचे है, जिसे खाद्य मुद्रास्फीति में तेज गिरावट का समर्थन प्राप्त है। इसके अलावा, मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण में निर्णायक सुधार हुआ है। अनुमानों के अनुसार, अब चार प्रतिशत के लक्ष्य के साथ हेडलाइन मुद्रास्फीति के टिकाऊ संरेखण का अधिक विश्वास है। गवर्नर ने कहा कि 2024-25 की पहली छमाही में एक निराशाजनक प्रदर्शन के बाद विकास अभी भी सुधार के रास्ते पर है जबकि जोखिम विकास के आधारभूत अनुमानों के आसपास समान रूप से संतुलित हैं। हाल ही में वैश्विक अस्थिरता में उछाल के मद्देनजर अनिश्चितताएं अधिक बनी हुई हैं। ऐसी चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक स्थितियों में, सौम्य मुद्रास्फीति और मध्यम विकास दृष्टिकोण की मांग है कि एमपीसी विकास का समर्थन करना जारी रखे।

## अमेरिकी शुल्क...

वृद्धि और मुद्रास्फीति के लिए नई चुनौतियां सामने आई हैं। इस उथल-पुथल के बीच, अमेरिकी डॉलर में काफी गिरावट आई है; बॉन्ड पर प्रतिफल में काफी कमी आई है; शेयर बाजारों में गिरावट आ रही है; और कच्चे तेल की कीमतें तीन साल से भी अधिक समय के अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई हैं। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में, केंद्रीय बैंक सतर्कतापूर्वक काम कर रहे हैं, तथा विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत भिन्नता के संकेत मिल रहे हैं। यह उनकी अपनी घरेलू प्राथमिकताओं को दर्शाता है। पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो नौ अप्रैल से प्रभावी हो गया। अमेरिका ने भारत पर झींगा, कालीन, चिकित्सा उपकरणों और सोने के आभूषणों सहित विभिन्न उत्पादों पर 26 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया है।

## भारत ने बंगलादेश...

तीस्ता नदी जल समझौते का मसला उठाने के बारे में प्रतिक्रिया देते हुए श्री जायसवाल ने कहा, ल्लभारत और बंगलादेश 54 नदियों को साझा करते हैं, जिनमें गंगा और तीस्ता नदियाँ भी शामिल हैं। प्रासंगिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक संस्थागत संवाद तंत्र मौजूद है जिसे 'संयुक्त नदी आयोग' कहा जाता है। आपसी सहमति से बातचीत हो सकती है, बशर्ते समग्र वातावरण अनुकूल हो।

## छह चरणों को प्रभावी...

घटना के नियंत्रण व प्रबंधन के लिए प्रभावी तरीके से कार्य करने में मदद मिलेगी। एक प्रकार से यह शहर की सभी प्रमुख स्थितियों व समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन के तौर पर कार्य करेगा। डाटा सेंटर, फ़ेस रिकग्निशन व डिजिटल फॉरेंसिक सुविधाओं से किया जाएगा लैस प्रक्रिया के तहत, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में अत्याधुनिक डाटा सेंटर का निर्माण व विकास किया जाएगा। इसके साथ ही, अत्याधुनिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम, फ़ेस रिकग्निशन व डिजिटल फॉरेंसिक जैसी सुविधाओं को भी सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त, क्रिप्टो करेंसी इन्वेस्टिगेशन सॉल्यूशन, पैनिक बॉक्स सिस्टम, विजुअल डिस्प्ले यूनिट्स, बुलेट-पीटीजेड व एएनपीआर कैमरों के इंस्टॉलेशन जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा। कुल मिलाकर, नोएडा शहर के 225 वर्ग किमी क्षेत्र को सेफ सिटी प्रक्रिया के तहत प्रभावी रूप से प्रबंधित करने में मदद मिलेगी। सेफ सिटी परियोजना के तहत विभिन्न प्रकार के सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन व उच्चीकरण प्रक्रिया को भी पूर्ण किया जाएगा, जिसके लिए नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपनी तैयारियों को अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू कर चुका है।

## अमेरिका से...

तहव्वुर राणा लॉस एंजिल्स में यूएस मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में 14 साल तक कैद रहा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार 2023 में भारत को उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी। लेकिन उसने सुप्रीम कोर्ट में बार बार प्रत्यर्पण रोकने के लिए याचिकाएं दायर कीं थीं, पर उसे सफलता नहीं मिली। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में राणा के भारत में प्रत्यर्पण की घोषणा की थी। तहव्वुर राणा जिसने आतंकी हमलों से पहले मुंबई में आतंकी हमलों के स्थानों को चिह्नित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से टोह ली थी और जासूसी की थी, उसने जिहादी साथी दाऊद गिलानी उर्फ डेविड कोलमैन हेडली को पाकिस्तानी-अमेरिकी पासपोर्ट का उपयोग करके भारत की यात्रा करने में भी मदद की थी। इसका उद्देश्य पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के अधिकारियों के साथ समन्वय करके लश्करे तैयबा द्वारा रची गयी मुंबई आतंकी हमलों की साजिश के संभावित लक्ष्यों की पहचान करना था।

## विजय किरन...

का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सचिव नगर विकास व स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा को नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) निदेशक के अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डा. अनिल कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद खाली था।

## भारत की प्रगति...

धरोहरों को डिजिटल करके हम प्राचीनता को आधुनिकता से जोड़ेंगे।...ये जो मिशन हमने शुरू किया है, ये अपने आपमे एक अमृत संकल्प है ! नया भारत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से संभावनाएँ खोजेगा और आध्यात्म से दुनिया को राह दिखाएगा।

## कांग्रेस अधिवेशन में सबको न्याय देने वाला 'न्यायपथ प्रस्ताव' ध्वनिमत से पारित

अहमदाबाद। कांग्रेस अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से लिए जनप्रतिनिधियों ने पार्टी के न्यायपथ प्रस्ताव को व्यापक चर्चा के बाद बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। न्यायपथ प्रस्ताव कांग्रेस के युवा नेता सचिन पायलट ने रखा तथा पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने इसका अनुमोदन किया। पार्टी की युवा नेता तथा बनासकांठा की लोकसभा सदस्य गेनीबेन ठाकोर ने प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत की और कहा कि कांग्रेस समानता की पक्षधर रही है और समानता के लिए ही काम करती रहेगी। भाजपा की बाँटने वाली नीति से देश मुक्त होना चाहता है और अब भारत जोड़ो की तरफ कांग्रेस ही अब देश को आगे बढ़ा सकती है। पार्टी के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा, वह कांग्रेस के सिपाही हैं और कांग्रेस के साथ न्याय पथ पर चलने के लिए संकल्पित है और यही हमारा समर्पण और संघर्ष है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड-बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्राक मेमो0 / मनरेगा / निविदा/ 2024-25 दिनांक 09/04/2025

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2024-25 में निम्नलिखित कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10/04/2025 से दिनांक 16/04/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 16/04/2025 को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा (रू. में) | अनु.लागत जीएसटी सहित ( रू.लाख में) | धरोहर राशि (लाख रू.में) | निविदा मूल्य ( रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | रामबली के घर के सामने से अनरूद्ध के घर के सामने तक इंटरलाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | | 242133.00 | 1000/- | 1000/- | 3 माह |

1- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे-आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा। 2- आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव/प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थानया आपूर्ति करना होगा। 3- आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्व आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। 4-जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा। 5-विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 6- आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 7- आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा / किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा। 8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्वन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। 9 निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा। 11-निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा। 12-बिना कारण यताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

विनोद कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गैरिया
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

सिंधु कुमार पाठक
तकनीकी सहायक
ग्राम पंचायत गैरिया
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

वीरेंद्र कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गैरिया
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

## कार्यालय ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड-बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्राक मेमो0 / मनरेगा / निविदा/ 2024-25 दिनांक 09/04/2025

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2024-25 में निम्नलिखित कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10/04/2025 से दिनांक 16/04/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 16/04/2025 को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा (रू. में) | अनु.लागत जीएसटी सहित ( रू.लाख में) | धरोहर राशि (लाख रू.में) | निविदा मूल्य ( रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | रामसुमिरन यादव के घर से राजबहादुर के घर के सामने तक नाली निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | | 241159.00 | 1000/- | 1000/- | 3 माह |

1- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे-आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा। 2- आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव/प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थानया आपूर्ति करना होगा। 3- आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्व आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। 4-जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा। 5-विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 6- आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 7- आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा / किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा। 8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्वन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। 9 निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा। 11-निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा। 12-बिना कारण यताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

विनोद कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गैरिया
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

सिंधु कुमार पाठक
तकनीकी सहायक
ग्राम पंचायत गैरिया
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

वीरेंद्र कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गैरिया
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

## कार्यालय ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड-बनीकोडर जनपद बाराबंकी

पत्राक मेमो0 / मनरेगा / निविदा/ 2024-25 दिनांक 09/04/2025

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर जनपद बाराबंकी की मनरेगा योजान्तगत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना 2024-25 में निम्नलिखित कार्य हेतु प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृत के सापेक्ष स्वीकृत प्राकक्लन के अनुसार निर्धारित तकनीकी विष्टियों के अनुरूप सामग्री संदर्भित कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों/ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10/04/2025 से दिनांक 16/04/2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है तथा दिनाँक 16/04/2025 को ही 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में स्थापित निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान / ग्राम सचिव / निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा (रू. में) | अनु.लागत जीएसटी सहित ( रू.लाख में) | धरोहर राशि (लाख रू.में) | निविदा मूल्य ( रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | काशीदास बाबा के सामने से खलिहान तक इंटरलाकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | | 127865.00 | 1000/- | 1000/- | 3 माह |

1- निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीकृत बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे-आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत गैरिया विकास खण्ड बनीकोडर के नाम बंधक करते हुये जमा करना होगा। 2- आपूर्तिकर्ता को सलंग्न बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव/प्रधान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय स्थानया आपूर्ति करना होगा। 3- आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्व आदि के लिये कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। 4-जी0एस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा। 5-विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 6- आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 7- आपूर्ति की गयी सामग्री के भाडा / किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा। 8 निविदा स्वीकृत होने पर सम्वन्धित फर्म मालिक ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुवन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत उपरोक्तानुसार प्राक्कलित / स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान / तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। 9 निर्धारित समय सीमा के पश्चात्प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10-निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नाही होगा। 11-निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंको एंव शब्दों में करना आवश्यक होगा। 12-बिना कारण यताये किसी भी निविदा की अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

विनोद कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गैरिया
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

सिंधु कुमार पाठक
तकनीकी सहायक
ग्राम पंचायत गैरिया
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

वीरेंद्र कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गैरिया
वि. ख.-बनीकोडर, बाराबंकी

# नेता प्रतिपक्ष के एक्स पोस्ट की 46 घटनाओं का पुलिस मुख्यालय ने लिया संज्ञान ,112 दोषियों की हुई गिरफ्तारी के बाद जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। देश के विभिन्न राज्यों की तुलना में बिहार में अपराध की दर काफी कम है। राज्य पुलिस ने बकायदा आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी है। पुलिस मुख्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि अपराधिक वारदातों के मामले में दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

राज्य पुलिस मुख्यालय ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के उस एक्स पोस्ट का संज्ञान लिया है, जिसमें नेता प्रतिपक्ष ने कतिपय आपराधिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए राज्य की विधि-व्यवस्था पर टिप्पणी की है। उन्होंने अपने पोस्ट पर 76 आपराधिक घटनाओं का उल्लेख किया था। इसमें मुख्यालय के स्तर पर 46 घटनाओं को चिन्हित कर इसमें की गई कार्रवाई की अपडेट स्थिति स्पष्ट करते हुए विस्तृत ब्यौरा जारी किया है।

इसमें कहा गया है कि अधिकांश घटनाएं वर्ष 2025 में जनवरी से अभी तक की हैं।



किसी घटना की तिथि एवं थाना का उल्लेख नहीं है, जिसके कारण घटनाएं स्पष्ट नहीं हो पा रही हैं। सिर्फ 46 की ही पहचान की गई है। पुलिस मुख्यालय ने इस तरह के पोस्ट पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा है कि अनावश्यक टीका टिप्पणी से पुलिस के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पुलिस अपना काम पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कर रही है। पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष के पोस्ट में उल्लिखित अधिकांश घटनाएं छोटे-छोटे कारणों से घटित हुई हैं। मसलन, रुपये का लेनदेन, बच्चों की लड़ाई, पूर्व के आपसी विवाद, भूमि विवाद, प्रेम प्रसंग, मोबाइल से लेनदेन समेत अन्य शामिल हैं। इन 46 कांडों में कार्रवाई की जा रही है और इनमें 112 दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस हर छोटी-बड़ी घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कांडों की जांच कर रही है। दोषियों की गिरफ्तारी की जा रही है।

इस वर्ष 1 जनवरी से 7 अप्रैल तक पुलिस पर हमले के मामलों में 947 दोषियों की गिरफ्तारी की गई है। लूट के मामलों में 697 और डकैती के मामलों में 281 दोषियों को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रीय अभिलेख रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, अपराध दर के आधार पर प्रति लाख जनसंख्या के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का देशभर में हत्या के मामलों में 14वां स्थान है। 2019 से 2021 के बीच बिहार में अपराध की दर 2019 में 2.6, 2020 में 2.6 और 2021 में 2.3 दर्ज की गई है। 2022 में भी हत्या के मामलों में अपराध की दर 2.3 ही है, जो पिछले वर्ष से स्थिर है। अधिकांश घटनाएं जो हुई हैं, वे व्यक्तिगत दुश्मनी, विवाद, अवैध संबंधों एवं प्रेम प्रसंग के कारण हुई हैं। अगर इन घटनाओं का प्रतिशत कुल आपराधिक घटनाओं से तुलना करें, तो 2021 में व्यक्तिगत दुश्मनी, विवाद, अवैध संबंधों और प्रेम प्रसंग की 1952 घटनाएं हुईं हैं, जो कुल घटी 2799 घटनाओं का 69.73 प्रतिशत है। इसी तरह 2022 में कुल आपराधिक घटनाओं 2930 में 2087 घटनाएं इन्हीं कारणों से हुईं, जो कुल घटना का 71.20 प्रतिशत है। 2023 में कुल आपराधिक घटनाओं 2862 में 2109 घटनाएं इन्हीं अपराधों से संबंधित थी, जो 73.69 प्रतिशत हैं।

# संसद सुरक्षा में सेंध: ललित झा की नियमित जमानत पर 17 अप्रैल को होगी सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली । दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोपित ललित झा की नियमित जमानत याचिका पर 17 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने ये आदेश दिया है।दिल्ली पुलिस ने ललित झा की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि आरोप काफी गंभीर हैं और ये संसद की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। दिल्ली पुलिस ने 15 जुलाई, 2024 को आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा मामले में 186, 353, 153, 452, 201, 34, 120बी और यूएपीए की धारा 13, 16, 18 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद के खिलाफ करीब एक हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। यह



घटना 13 दिसंबर, 2023 की है जब संसद की दर्शक दीर्घा (विजिटर गैलरी) से दो आरोपित सदन में कूदे। कुछ ही देर में एक आरोपित ने डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जूतों से कुछ निकाला और अचानक पीले रंग का धुआं निकलने लगा। इस घटना के बाद सदन में अफरा-तफरी मच गई। हंगामे और धुएं के बीच कुछ सांसदों ने इन युवकों को पकड़ लिया और इनकी पिटाई भी की। कुछ देर के बाद संसद के सुरक्षाकर्मियों ने दोनों युवकों को कब्जे में ले लिया। संसद के बाहर भी दो लोग पकड़े गए, जो नारेबाजी करके पीले रंग का धुआं छोड़ रहे थे।

# अमृत भारत स्टेशन तैयार ,डीआरएम ने किया नवनिर्मित भवन का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सहरसा। समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक विनय कुमार श्रीवास्तव बुधवार को सहरसा जंक्शन पहुंचकर नव निर्मित अमृत भारत स्टेशन की तैयारी का जायजा लिया।डीआरएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ अमृत भारत स्टेशन के नए भवन का निरीक्षण किया। इसके बाद वॉशिंग पिट के लिए रवाना हुए। जहां वाशिंग पिट मे खड़ी अमृत भारत ट्रेन का भी निरीक्षण किया। वही ट्रेन के मेंटेनेंस और चल रहे विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया।साथ ही कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। डीआरएम ने कहा कि सहरसा में अमृत भारत स्टेशन का नया भवन प्रतिशत बनकर पूरी तरह से तैयार है।नए भवन में पानी बिजली की सुविधा पर्याप्त है अब गृह प्रवेश की तैयारी है। रेलवे ने अपनी तैयारी पूरी कर रखी है। 24 अप्रैल को उद्घाटन होगा या नहीं 1 से 2 दिनों में स्पष्ट हो जाएगा। इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत जो यात्री सुविधा दी जाएगी उस सुविधा में और भी बढ़ोतरी की



जाएगी। निरीक्षण के बाद डीआरएम संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ सिमरी बख्तियारपुर अमृत भारत स्टेशन के नए भवन का निरीक्षण के लिए रवाना हुए। ज्ञात हो कि आगामी 24 अप्रैल को सहरसा जंक्शन का स्वरूप पूरी तरह से बदल जाएगा।नई सुविधाओं के साथ अमृत भारत स्टेशन के साथ अमृत भारत ट्रेन पूर्ण रूप से शहर वासी को समर्पित होगा। सहरसा वासी को एक साथ अमृत भारत की दो-दो सौगात मिलेगी। एक और जहां अमृत भारत का नया भवन बनकर तैयार है। वहीं दूसरी और सहरसा से नई दिल्ली के बीच चलने वाली अमृत भारत ट्रेन भी मिलेगी।अमृत भारत स्टेशन के उद्घाटन को लेकर रेलवे की तैयारियां तेज है।रेल सूत्र की माने तो 24 अप्रैल को अमृत भारत स्टेशन सहरसा का उद्घाटन हो सकता है।

# महुआ मोइत्रा ने दिल्ली का सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ने का प्रयास किया : वीरेंद्र सचदेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि गुमनाम लोगों का वीडियो री-पोस्ट कर तृणमूल कंग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली का सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में किसी के रोजगार पर कोई संकट नहीं आने देंगे।

तृणमूल कंग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने एक्स पर चितरंजन पार्क में काली मंदिर के पास मछली बाजार के दुकानदारों को दुकान बंद करने के लिए धमकाने का वीडियो पोस्ट किया था। उन्होंने पोस्ट में दावा किया कि चितरंजन पार्क के मछली खाने वाले बंगालियों को धमकाया जा रहा है और आरोपितों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर महुआ मोइत्रा इस मामले में गंभीर होतीं तो



वह सोशल मीडिया पर सनसनी फैलाने की बजाय इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस से करतीं। उन्होंने कहा कि यहां की दुकानें पचास-साठ साल पुरानी हैं और इन लोगों ने ही काली मंदिर बनाया है। उन्होंने कहा कि मछली बाजार में दुकानें कानूनी रूप से आवंटित की गई हैं और यह उस क्षेत्र की जरूरत है। मछली दुकानदार क्षेत्र में उच्च स्तर की सफाई बनाए रखते हैं और सामाजिक-धार्मिक गतिविधियों में नियमित रूप से भाग लेते हैं। यहां के कई दुकानदार भाजपा के कार्यकर्ता भी हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सभी के खानपान और संस्कृति का सम्मान करती है। पार्टी किसी के भी रोजगार के साथ छेडछाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने राजधानी में सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने की घटना की कड़ी

**दिल्ली में किसी के रोजगार पर कोई संकट नहीं आने देंगे**

**भाजपा सभी के खानपान और संस्कृति का सम्मान करती**

निंदा करते हुए दिल्ली पुलिस से सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कंग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली का सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ने की कोशिश में कभी कामयाब नहीं होगी।

इस मामले में स्थानीय विधायक शिखा राय ने कहा कि कुछ एक षड्यंत्र रचकर राजनीतिक रोटी सेंकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे यहां के मछली बाजार के दुकानदारों से मिली हैं। मछली बिक्रेताओं ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय में किया गया सम्मानित

पूर्णिया। भवानीपुर प्रखंड मुख्यालय के यादुका पट्टी स्थित सुमित्रा ज्ञान निकेतन में वार्षिक सत्र 24-25 का रिपोर्ट कार्ड सामारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं को सम्मान प्रदान किया गया । आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सावन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व पैक्स अध्यक्ष बिंदेश्वरी बिमल मौजूद थे । आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया ।

मौके पर मौजूद अभिभावकों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्य पार्षद सावन कुमार ने कहा कि आज ग्रामीण परिवेश के बच्चे-बच्चियां शिक्षा के क्षेत्र में नित्य ऊंचे मुकाम हांसिल कर रहे हैं । उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि आपलोग भी कड़ी मेहनत करें और ऊंचा मुकाम हांसिल करें । इस मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष बिंदेश्वरी बिमल ने कहा कि सुमित्रा ज्ञान निकेतन शिक्षा के क्षेत्र में अपने विद्यालय के बच्चों को

## तीसरी यूथ एशियन सब-जूनियर चैंपियनशिप टीम में सहरसा की बेटी का चयन

सहरसा। तीसरी यूथ एशियन सब-जूनियर चैंपियनशिप के संभावित टीम में सहरसा की बेटी का चयन हुआ है।जिला कबड्डी संघ के सचिव आशिष रंजन सिंह ने बताया कि सहरसा जिले के आरण गांव निवासी माता निर्मल साधना व पिता सुरेंद्र यादव की पुत्री पूजा कुमारी बहरीन में आयोजित तीसरी एशियन यूथ चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली संभावित टीम का हिस्सा होगी। संयुक्त सचिव तुषार कात्यायन ने बताया कि जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल गया में आयोजित 34वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर पूजा का चयन हुआ है। उपाध्यक्ष डॉ.आर के रवि और पंकज गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि पूजा बेहतरीन खिलाड़ी हैं और वर्तमान मे राजगीर में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम के लिए बिहार टीम के कैंप का हिस्सा है।

# टनकपुर बनबसा खटीमा क्षेत्र में भी शहीदों के नाम से बनेगा धाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज खटीमा ने स्व. सूबेदार शेर सिंह धामी की पांचवीं पुण्य तिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर धामी ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के जीवन में स्तर में सुधार के लिए कई अहम घोषणाएं भी की। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने अपने स्व. पिता का स्मरण कर कई संस्मरण याद किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जहां एक ओर शहीदों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख



रुपए किया है। वहीं, सेना में परमवीर चक्र से लेकर मेन्सन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अंलकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त व वार्षिकी राशि में भी अभूतपूर्व वृद्धि की है। बलिदानियों के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी में समायोजित करने का भी निर्णय लिया है और सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को भी 2 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर दिया है। यही नहीं, बलिदानियों के आश्रितों को नौकरी पूर्व प्रशिक्षण व पुत्री विवाह अनुदान जैसी योजनाएं भी संचालित कर रहे है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के शहीदों की स्मृति में देहरादून के गुनियाल गांव में सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है, जो उत्तराखंड के वीर सैनिकों की बहादुरी और बलिदान की जीवंत गाथा के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैन्य धाम जैसा एक धाम टनकपुर बनबसा खटीमा क्षेत्र में किसी एक स्थान पर जहां भूमि की उपलब्धता हो स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने सैनिक कल्याण मंत्री को निर्देशित भी किया। कार्यक्रम को सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा, सांसद अजय भट्ट, लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, पूर्व परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश अशोक कटारिया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम सेवा संकल्प धारिणी फाउंडेशन ने आयोजित किया।

# मंत्री नीतीश मिश्रा ने अधिकारियों को ससमय विकास कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया,। बिहार सरकार के उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परमान सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में सांसद प्रदीप कुमार सिंह भी उपस्थित थे। सर्वप्रथम बैठक में डीएम अनिल कुमार द्वारा मंत्री का स्वागत पौधा देकर किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अन्य सदस्यों का भी स्वागत पौधा से किया गया। मौके पर जिला प्रभारी मंत्री द्वारा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करे। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, जलापूर्ति, खाद्यान्न आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, उद्योग, आदि जैसी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और जमीनी स्तर पर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने अपने संबोधन में सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। इस क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों ने विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सामाजिक मुद्दों पर भी अपनी बात रखते हुए मंत्री से आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया। बैठक में मुख्य रूप से पथ निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य, भवन निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग, विद्युत आपूर्ति, नगर परिषद, बुडको, जिला उद्योग केंद्र, कला संस्कृति युवा एवं पर्यटन विभाग, जिला योजना कार्यालय, एलईएओ, कृषि, खेल, स्वास्थ्य, आईसीडीएस शिक्षा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, सहकारिता विभाग, सामाजिक सुरक्षा, जिला बाल संरक्षण इकाई, डीआरसीसी, श्रम, राजस्व, आपूर्ति, पीएम आवास योजना, मनरेगा जीविका, पशुपालन जिला सांख्यिकी, सहित अन्य विभागों के कार्यों की बारी बारी से गहन समीक्षा की गई।

# शुल्क वृद्धि का स्थानीयों पर नहीं पड़ेगा प्रभाव :अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। नगर पालिका नैनीताल की ओर से बाहरी पर्यटक वाहनों के लिए कार पार्किंग व लेकब्रिज चुंगी शुल्क में की गई वृद्धि का स्थानीय निवासियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। पालिका ने स्थानीय लोगों के लिये निर्धारित शुल्कों व निःशुल्क पार्किंग स्थलों की स्पष्ट व्यवस्था की है।

बुधवार को पालिका सभागार में पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नगर में वर्तमान में पर्यटन मंदा रहने के कारण शुल्क वृद्धि नहीं बल्कि पुलिस की ओर से सैलानी वाहनों को नगर में प्रवेश से रोकना भी हो सकता है।

पालिका अध्यक्ष ने बताया कि बाहर से आने वाली निजी कारों के लिए पार्किंग शुल्क 500 रुपये निर्धारित



किया गया है जबकि स्थानीय लोगों को बीडी पांडे चिकित्सालय के पास 25 रुपये प्रति घंटा की दर से पार्किंग सुविधा दी गई है। इसके अतिरिक्त स्थानीय बाइक व स्कूटी चालकों को मस्जिद के पीछे, मेट्रोपोल होटल के नीचे व धर्मशाला के सामने निःशुल्क पार्किंग दी जा रही है। टैक्सी बाइक के लिए 1300 रुपये का पास बनाकर पार्किंग सुविधा उपलब्ध रहेगी। प्रस्तावित 300 रुपये का लेकब्रिज शुल्क अभी लागू नहीं हुआ है, इसके लिए पहले बायलॉज में संशोधन व गजट अधिसूचना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि लेकब्रिज शुल्क केवल बाहरी वाहन स्वामियों से लिया जाएगा जबकि नैनीताल के निवास प्रमाण पत्र या तैनाती प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वालों को ८00 रुपये में पास जारी किया जाएगा। आवश्यक सेवाओं जैसे सब्जी, फल, दूध आदि आपूर्ति वाहनों पर पुराना शुल्क ही लागू रहेगा, ऐसे में खाद्य सामग्री की महंगाई का औचित्य नहीं है।

उन्होंने बताया कि गुरुवार को अशोक पार्किंग क्षेत्र में डबल स्टोरी पार्किंग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। जिसमें ग्राउंड व प्रथम तल पर पार्किंग की सुविधा रहेगी। उन्होंने जिला प्रशासन व पुलिस से अनुरोध किया कि नगर में पार्किंग उपलब्ध होने की स्थिति में पर्यटक वाहनों को नगर में प्रवेश की अनुमति दी जाए ताकि स्थानीय पर्यटन व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

## कलयुगी पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री से किया दुष्कर्म

नैनीताल। सरोवरनगरी नैनीताल में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पिता पर अपनी 10 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले की शिकायत पीड़िता की मां ने कोतवाली में दर्ज की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस व संबंधितों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निवासी एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 10 वर्षीय पुत्री ने कुछ दिन पूर्व अपने पिता के अशोभनीय व्यवहार और मारपीट की जानकारी दी, जिसे उसने उस समय गम्भीरता से नहीं लिया लेकिन जब कुछ दिन बाद बालिका ने पुनः यह बताते हुए शिकायत की कि जब वह तुम कार्य के लिये बाहर जाती हो, तब उसका पिता उसके साथ अनुचित हरकतें करता है, तो वह स्तब्ध रह गयी।

बालिका ने यह भी बताया कि यदि उसने यह बात किसी को बताई, तो पिता उसे जान से मारने की धमकी देता है। महिला ने आरोप लगाया कि यह शर्मनाक कृत्य लंबे समय से चल रहा था। उसके बाद वह तत्काल बेटी को लेकर कोतवाली पहुंची और अपने पति के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल हरकत में आते हुए आरोपित पिता के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063